जबलपुर रविवार 02 अगस्त 2026 > शक संवत 1948, श्रावण मास कृष्ण पक्ष चतुर्थी
वर्ष 32 अंक 37 मूल्य ₹ 3.00 > पेज 12 > आर.एन.आई. पंजीयन नम्बर 64561/96
www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।



अब हर रोज दर्पण ⏩ 3

**मौसम**
अधिकतम तापमान 31.4°C
न्यूनतम तापमान 25.5°C
सूर्योदय - 5.42 | सूर्यास्त - 6.52


शासकीय योजनाओं का तत्परता से ... ⏩ 4


जन्म के समय पिता ने अनाथालय में छोड़ ... ⏩ 7


औषधि प्रशासन की कार्रवाई: मेडिकल स्टोर्स ...⏩ 9

# जबलपुर एक साल में बनेगी मेट्रोपॉलिटन सिटी

## मुख्यमंत्री ने ड्रॉफ्ट बनाने के दिए निर्देश, फर्नीचर क्लस्टर भी बनेगा

**मदन महल पहाड़ी पर बनेगा एक बड़ा चिड़िया घर**

**सभी विधानसभा क्षेत्रों में बनेंगे सांदीपनि विद्यालय**

**एम्स के रूप में विकसित होगी मेडिकल यूनिवर्सिटी**

**397 करोड़ रुपए के 5 विकास कार्यों की सौगात**

**3 सीवेज प्लांट और मत्स्य विक्रय केन्द्र का लोकार्पण**



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को जबलपुर को बड़ी सौगात देते हुए कहा कि नगर निगम जबलपुर अगले एक वर्ष में मेट्रोपोलिटन सिटी बनेगा। उन्होंने मौके पर ही संबंधितों (कमिश्नर, कलेक्टर एवं अन्य) को जल्द से जल्द जबलपुर मेट्रोपॉलिटन सिटी का ड्रॉफ्ट प्रपोजल तैयार करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सेवा हमारी सरकार का दायां और सुशासन बायां हाथ है। हम मध्यप्रदेश के विकास प्रदेश के नागरिकों की सुख-समृद्धि और सेवा के प्रति संकल्पित है। सेवा और सुशासन ही हमारे लिए समृद्ध मध्यप्रदेश के निर्माण का मूल और वास्तविक विकास मंत्र है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमने प्रदेश की जनता से विकास का सच्चा वादा किया है। आज प्रदेश में चहुंओर विकास की बहार है। 'सच्चा वादा, पक्का काम' हम जो भी कहते हैं, वो करके भी दिखाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को जबलपुर के गीता भवन परिसर में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण-भूमिपूजन का 11 लाख पौधे लगाने के महा अभियान के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जबलपुर जिले को और भी कई सौगातें दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जबलपुर में एक 'फर्नीचर क्लस्टर' बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जबलपुर की मेडिकल यूनिवर्सिटी को अब मध्यप्रदेश के एम्स (राज्यस्तरीय आयुर्विज्ञान संस्थान) के रूप में विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जबलपुर और आसपास की परिधि मे स्थित नेशनल पार्क में आने वाले पर्यटकों के विशेष आकर्षण के लिए जबलपुर में ही वाइल्ड एनीमल्स विजिबिलिटी की सुविधा विकास के लिए यहां मदन महल पहाड़ी के पास एक चिड़िया घर बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घोषणा करते हुए कहा कि जबलपुर जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार सांदीपनि विद्यालय भी बनाये जायेंगे।

### 'पुण्य नगरी' है जबलपुर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर को 'पुण्य नगरी' की उपमा देते हुए कहा कि हमारे देश और प्रदेश में कई तरह से विकास कार्य चल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश का स्वर्णिम काल चल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की मंशा के अनुरूप देश की 80 करोड़ आबादी को नि:शुल्क राशन, पक्का मकान, नि:शुल्क शौचालय, हर घर नल से जल, आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 5 लाख रुपए तक के इलाज की निशुल्क सुविधा मिल रही है। आज जबलपुर के अनेक हितग्राहियों को डिजिटल कार्ड प्रदान किए गए हैं। हर गरीब के जीवन को सुख के सूरज की रौशनी से प्रकाशित करने के लिये प्रतिबद्ध होकर राज्य सरकार कार्य कर रही है।

### इन कार्यों की दी सौगात

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने जबलपुर शहर को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाने के लिए यहां करीब 397 करोड़ रूपए के 5 विकास कार्यों की सौगात दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नगर निगम जबलपुर के स्वच्छता सर्वेक्षण पर केन्द्रित एक कॉफी टेबल बुक का विमोचन कर यहां पात्र सैकड़ों रेहड़ी-पटरी-श्रमिक हितग्राहियों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत डिजिटल क्रेडिट कार्ड्स भी प्रदान किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर शहर में 362.31 करोड़ रुपये की लागत से तैयार 'अमृत 1.0' सीवेज परियोजना का शुभारंभ कर कठौंदा, ललपुर और तेवर में बने तीन बड़े सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने जबलपुर की सिविल लाइन्स इलाके में 25 लाख रूपए की लागत से रजक समुदाय के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस मॉडर्न लॉन्ड्री एरिया का शुभारंभ कर गुरंदी बाजार क्षेत्र में 2.5 करोड़ रुपये की लागत से बने अत्याधुनिक मत्स्य विक्रय केन्द्र का लोकार्पण भी किया।

### सरकार का अर्थ सहकार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 'सरकार का अर्थ सहकार' और 'सहकार का अर्थ परिवार' की सहायता करना है। दुनिया के सामने भारत वसुधैब कुटुम्बकम का एक आदर्श उदाहरण है। भारतीय परंपरा प्राचीनकाल से इसी भाव से आगे बढ़ती रही है। उन्होंने कहा कि अपने जंगलों को हराभरा रखने के लिए हम सभी जरूरी प्रयास कर रहे हैं। प्रकृति के साथ रिश्ता और भी मजबूत बनाने के लिए आज जबलपुर से 11 लाख पौधे लगाने के लिए सघन पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि पेड़ हमारे जीवन में ऋषि-मुनियों के समान होते हैं। पेड़ों से हमें स्वच्छ हवा मिलती है। यह सबको जीवन देते हैं। पौधरोपण के लिए नई जापानी 'मियावाकी पद्धति' से एक एकड़ भूमि पर 12 हजार पौधे लगाए जा सकते हैं।

## डोभाल को लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार



**पुणे।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को पुणे में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल को लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया। तिलक स्मारक ट्रस्ट के अनुसार, राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए अजीत डोभाल को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना गया है। 81 वर्षीय अजीत डोभाल ने मिजोरम, सिक्किम, पंजाब और जम्मू-कश्मीर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाली हैं। उन्होंने इस्लामाबाद और लंदन स्थित भारतीय मिशनों में राजनयिक भूमिका भी निभाई है। डोभाल भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हैं।

## आतंकी हमले में घायल छग के दूसरे मजदूर की भी मौत

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में शुक्रवार रात करीब 8.30 बजे हुये आतंकी हमले में घायल छत्तीसगढ़ के दूसरे मजदूर ने भी इलाज के दौरान शनिवार को दम तोड़ दिया। इन मजदूरों की हत्या लश्कर ए तैयबा से जुड़े आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट के आतंकियों ने की है। शुक्रवार रात कुलगाम के केलाम में आतंकियों ने ईंट-भट्ठे पर काम कर रहे 2 हिंदू मजदूरों को नाम पूछकर गोली मार दी। सूत्रों ने बताया कि इस वारदात को अंजाम आतंकी मोहम्मद लतीफ ने दिया है। इसी ने 22 जुलाई को अनंतनाग में हेड कॉन्स्टेबल आशिक हुसैन कुरैशी की लाल चौक इलाके में दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी थी।




## कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत को 10वां गोल्ड

### अब तक कुल 33 मेडल

**ग्लासगो।** भारत ने कॉमनवेल्थ गेम्स में 10वां गोल्ड मेडल जीत लिया है। शनिवार को 4 मुक्केबाजों ने गोल्ड दिलाए। इनमें जैस्मिन लांबोरिया, प्रीति पवार और साक्षी चौधरी के बाद प्रिया घंघास ने विमेंस बॉक्सिंग के फाइनल मैच जीते। इनके अलावा, सोमन राणा ने पैरा शॉटपुट की एफ57 कैटेगरी में गोल्ड दिलाया। महिलाओं की 57 किग्रा वेट कैटेगरी में जैस्मिन ने नॉर्दर्न आयरलैंड की मिकाएला वॉल्स, 54 किग्रा में प्रीति ने कनाडा की सवाना डोलमागो को, 51 किग्रा में साक्षी ने इंग्लैंड की रूबी वाइट को और 60 किग्रा में प्रिया घंघास ने कनाडा की मैरी-बाथौल अल-अहमदिए को हराया। भारत के 10 गोल्ड सहित कुल 33 मेडल हो गए हैं। भारत मेडल टैली में 5वें स्थान पर पहुंच गया है। पैरा शॉट पुट इवेंट की एफ-57 कैटेगरी में भारत के सोमन राणा ने सीजन बेस्ट थ्रो के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। एक अन्य भारतीयय शुभम जुयाल ने सिल्वर पाया। सोमन राणा ने 13.40 मीटर गोला फेंका। शुभम जुयाल ने 13.28 मीटर थ्रो किया। एफ-57 कैटेगरी में वे खिलाड़ी आते हैं, जिनके कम के नीचे के अंग (पैरों) कमजोर होते हैं। लेकिन उनके ऊपरी शरीर (धड़ और हाथ) की ताकत पूरी तरह सामान्य होती है।

### ट्रिपल जंप में भारत के दो और मेडल

भारत ने पुरुष ट्रिपल जंप में दो और मेडल जीत लिए हैं। प्रवीण चित्रावेल ने 16.58 मीटर के जंप अटैम्प्ट के साथ सिल्वर अपने नाम किया। वहीं, भारत के ही सेल्वा प्रभु ने 16.52 के बेस्ट अटैम्प्ट के साथ ब्रॉन्ज जीता। इस इवेंट का गोल्ड जाम्बिया के जॉर्डन स्कॉट ने जीता। उनका बेस्ट अटैम्प्ट 16.72 मीटर का रहा।

## बघेल और वडिंग की मौजूदगी में चन्नी के समर्थन में नारे लगे



**पटियाला।** पटियाला में कांग्रेस की जिला इकाई के एक कार्यक्रम के दौरान शनिवार को उस समय हंगामा देखने को मिला, जब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग के संबोधन के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के समर्थकों ने नारेबाजी शुरू कर दी। यह नारेबाजी कांग्रेस के पंजाब प्रभारी एवं पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल की उपस्थिति में हुई, जिन्होंने शुक्रवार को ही प्रदेश इकाई में किसी भी तरह की गुटबाजी से इनकार किया था। पार्टी के 'हर बूथ, कांग्रेस मजबूत' कार्यक्रम में सांसद अमर सिंह और ब्रह्म मोहिंद्रा सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता भी उपस्थित थे।

# 'भाजपा की साजिश है परिसीमन'

## राहुल गांधी बोले- इसका समर्थन करने वाले तमिलनाडु के साथ कर रहे धोखा

**महाबलीपुरम।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने तमिलनाडु के महाबलीपुरम में मीडिया से बात करते हुए केंद्र सरकार पर करारा हमला बोला है। उन्होंने कहा, भाजपा परिसीमन करने की कोशिश कर रही है। परिसीमन का मकसद लोगों को उनके अधिकारों से वंचित करना और तमिलनाडु के लोगों की राजनीतिक ताकत छीनना है। यह भाजपा की साजिश है... जो कोई भी परिसीमन का समर्थन करता है, वह तमिलनाडु और उसके भविष्य के साथ धोखा कर रहा है, और आरएएसएस व भाजपा को




तमिलनाडु के लोगों और उनके भविष्य पर हमला करने का मौका दे रहा है। राहुल गांधी ने आगे कहा कि ऐसा व्यक्ति 21वीं सदी का 'एट्टप्पन' है। किसी भी तमिल व्यक्ति को परिसीमन का समर्थन नहीं करना चाहिए। हर तमिल व्यक्ति को परिसीमन का विरोध करना चाहिए। हर तमिल पार्टी और हर राष्ट्रीय पार्टी को सदन में परिसीमन को हराना चाहिए। बता दें कि 'एट्टप्पन' तमिल इतिहास का एक विवादास्पद नाम है। 'एट्टप्पन' को आमतौर पर वीर स्वतंत्रता सेनानी वीरपांडिया कट्टबोम्मन के साथ विश्वासघात करने वाले व्यक्ति के तौर पर जाना जाता है। 18वीं शताब्दी के अंत में अंग्रेजों और स्थानीय पालयक्कर शासकों के बीच संघर्ष चल रहा था। इतिहास के अनुसार, 'एट्टप्पन' ने कट्टबोम्मन की गतिविधियों की जानकारी अंग्रेजों को दी, जिससे उन्हें गिरफ्तार करने में मदद मिली। 1799 में कट्टबोम्मन को अंग्रेजों ने फांसी दे दी। इसी कारण तमिल संस्कृति में 'एट्टप्पन' नाम विश्वासघात का पर्याय बन गया है। हालांकि इस विषय पर इतिहासकारों के बीच अलग-अलग मत मौजूद हैं।

# भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा स्टार्टअप हब बना: मोदी

अमरावती

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अमरावती में कहा- देश में पहले एयरपोर्ट के नाम एक ही परिवार के नाम पर होते थे, लेकिन हमारी सरकार ने इस परंपरा को बदल दिया। हमने अयोध्या में एयरपोर्ट का नाम बाल्मीकी के नाम से जोड़ा। पंजाब में एयरपोर्ट का नाम संत रविदासजी के नाम पर रखा। अमरावती के एयरपोर्ट का नाम श्री अल्लूरी सीताराम राजू के नाम पर रखा है। प्रधानमंत्री ने यहां भोगपुरम एयरपोर्ट समेत 18 हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके बाद वह मैसूरु गए। यहां उन्होंने स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक युवा केंद्र, विवेक स्मारक का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि भारत का युवा जो पहले जंजीरों में था आज आगे बढ़ रहा है। युवाओं की वजह से भारत आज दुनिया का



सबसे बड़ा स्टार्टअप हब बन चुका है। ये भारत के युवाओं की वजह से ही हुआ है। उन्होंने कहा कि युवाओं ने एआई, सेमीकंडक्टर और टेक में अपना योगदान दिया है। कुछ दिन पहले युवाओं का बनाया हुआ एक प्राइवेट रॉकेट अंतरिक्ष में पहुंचा है। आज का दिन आंध्र प्रदेश के विकास के लिए बेहद अहम है। स्वर्ण आंध्र विजन को नई गति मिली है। शुभ अवसर पर उत्तर आंध्र की पवित्र भूमि पर आने का सौभाग्य मिला। यहां आज 18 हजार करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ। इनमें एयरपोर्ट, सड़क और ऊर्जा परियोजनाएं शामिल हैं। विकास के साथ भिमसा (धीमसा) नृत्य ने भी नया सांस्कृतिक रिकॉर्ड बनाया। धीमसा नृत्य ने विश्व रिकॉर्ड बनाया। 13 हजार से ज्यादा आदिवासी बहनों और बेटियों की प्रस्तुति अद्भुत रही। इसमें देश की विविधता और जनजातीय विरासत की झलक दिखी।

# दुनिया ने खो दिया पहाड़ों का सुपरहीरो

## एवलांच से हार गए निर्मल पुर्जा

नई दिल्ली




नेपाली मूल के विश्वप्रसिद्ध पर्वतारोही निर्मल 'निम्सदाई' पुर्जा का पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में स्थित दुनिया की 12वीं सबसे ऊंची चोटी ब्रॉड पीक पर आए भीषण बर्फीले तूफान (एवलांच) में निधन हो गया। साल 2019 में उन्होंने अपने च्प्रोजेक्ट पॉसिबलज् अभियान के तहत महज 6 महीने और 6 दिनों में 8,000 मीटर से ऊंचे दुनिया के सभी 14 पर्वतों पर चढ़ाई पूरी कर इतिहास रच दिया। इसके बाद 2021 में वह 10 नेपाली पर्वतारोहियों की उस टीम का हिस्सा बने जिसने पहली बार सर्दियों के मौसम में के-2 पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की। उनकी एडवेंचर कंपनी एलीट एक्सपेड ने इंस्टाग्राम पर इसकी पुष्टि करते हुए कहा, आज, अत्यंत दुख और भारी मन से हम यह पुष्टि करते हैं कि ब्रॉड पीक पर आए बर्फीले तूफ़ान के बाद निर्मल 'निम्सदाई' पुर्जा का दुखद निधन हो गया है। नेपाली मूल के पर्वतारोही और उनकी एडवेंचर कंपनी ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बताया कि दुनिया के सबसे चर्चित पर्वतारोहियों में शामिल निर्मल 'निम्सदाई' पुर्जा की ब्रॉड पीक पर एवलांच की चपेट में आने से मौत हो गई। यह खबर पर्वतारोहण जगत के लिए एक बड़ा झटका मानी जा रही है। शुक्रवार को आए बर्फीले तूफान के बाद से निर्मल पुर्जा और उनके साथ अभियान पर गए पांच अन्य पर्वतारोही लापता थे। लगातार तलाश अभियान चलाया गया, लेकिन अंतत: सभी के जीवित न बच पाने की पुष्टि हुई। ब्रॉड पीक काराकोरम पर्वत श्रृंखला में स्थित दुनिया की 12वीं सबसे ऊंची चोटी है। यह गिलगित-बाल्टिस्तान (पाकिस्तान) और चीन के शिनजियांग क्षेत्र की सीमा पर स्थित है। यह चोटी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में स्थित के-2 से कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर है। बर्फीला तूफान ब्रॉड पीक के स्टैंडर्ड वेस्ट रिज रूट पर आया था। अनुमान है कि यह हादसा लगभग 21,600 से 21,850 फीट की ऊंचाई के बीच हुआ।

### जुलाई माह में सरकार का भरा खजाना

# जीएसटी कलेक्शन में 15.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी

नई दिल्ली

जुलाई महीने में केंद्र सरकार को बंपर कमाई हुई है। सरकारी कोष में जीएसटी और टैक्स से मोटी रकम शामिल हुई है। शनिवार को जारी सरकार के मंथली जीएसटी राजस्व आंकड़ों के अनुसार, घरेलू खपत में मजबूती, उच्च अनुपालन और आयात से टैक्स कलेक्शन में तेज बढ़ोतरी के कारण जुलाई 2026 में भारत के सकल वस्तु एवं सेवा कर कलेक्शन में साल-दर-साल 15.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह 2.11 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। वैश्विक अनिश्चितताओं और वेस्ट एशिया में भू-राजनीतिक तनावों के बावजूद मजबूत आर्थिक गतिविधि को दर्शाते हुए, कलेक्शन लगातार दूसरे महीने 2 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े से ऊपर बना रहा। घरेलू ट्रांजैक्शन से मिले सकल जीएसटी कलेक्शन जुलाई में पिछले साल के 1.31 लाख करोड़ रुपए से 10.1 प्रतिशत बढ़कर 1.45 लाख करोड़ रुपए हो गया। आयात से मिले जीएसटी कलेक्शन में 28.8 प्रतिशत की कहीं ज्यादा बढ़ोतरी दर्ज की गई, जो बढ़कर 66,511 करोड़ रुपए हो गया, जिससे कुल कलेक्शन




2.11 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया। रिफंड को ध्यान में रखते हुए नेट जीएसटी कलेक्शन 1.81 लाख करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में 15.8 प्रतिशत अधिक है। इसी महीने जीएसटी रिफंड में भी दो अंकों की बढ़ोतरी देखी गई है। कुल रिफंड में साल-दर-साल 13.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 29,968 करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जबकि आईसगेट सिस्टम के माध्यम से संसाधित निर्यात रिफंड में 22.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 12,288 करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जो निर्यातकों के लिए निरंतर सपोर्ट का संकेत देता है। वित्त वर्ष 2027 के पहले चार महीनों (अप्रैल-जुलाई) में सकल जीएसटी कलेक्शन 8.43 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जो पिछले साल की इसी अवधि में मिले 7.66 लाख करोड़ रुपए से 10.1 प्रतिशत अधिक है। इस अवधि के दौरान नेट जीएसटी कलेक्शन में 9.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह 7.21 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया।

### बड़े राज्यों में मजबूत ग्रोथ

हरियाणा में जीएसटी कलेक्शन में सबसे अधिक 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, इसके बाद गुजरात और तेलंगाना का स्थान रहा, जिनमें से प्रत्येक में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई। पंजाब और केरल में 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि उत्तर प्रदेश में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई। भारत में जीएसटी राजस्व का सबसे बड़ा योगदान देने वाले महाराष्ट्र राज्य में कलेक्शन में 13 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जबकि कर्नाटक में 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। दिल्ली में कलेक्शन पिछले साल जुलाई की तुलना में 8 प्रतिशत बढ़ा। हालांकि, कुछ राज्यों में कलेक्शन में गिरावट दर्ज की गई। हिमाचल प्रदेश में सबसे अधिक 22 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, इसके बाद उत्तराखंड (18 प्रतिशत), पुडुचेरी (17 प्रतिशत), मध्यप्रदेश (10 प्रतिशत), आंध्र प्रदेश (5 प्रतिशत) और तमिलनाडु में 1 प्रतिशत की गिरावट आई।

# यूसीसीः सब समान-सबको सम्मान

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दी जबलपुर को विकास की अनेक सौगातें

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

गीता भवन परिसर में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण-भूमिपूजन तथा 11 लाख पौधे लगाने के महा अभियान के शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश की आजादी के बाद तत्कालीन सरकारों ने समाज को अपनी ही धारा और राजनीतिक नजरिए से देखा। उन्होंने धर्म के आधार पर लोगों में वर्ग विभेद किया। रहीम और रसखान की रचनाएं देखिए, जिनमें भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का चित्रण मिलता है।





प्रधानमंत्री श्री मोदी की सरकार आने के बाद देश में कहीं भी सद्भाव नहीं बिगड़ा। उन्होंने कहा कि यह बदलते दौर का भारत है। मध्यप्रदेश सरकार ने हिंदू और मुस्लिम सहित सभी वर्गों के लिए एक समान कानून लागू करने का निर्णय लिया है। यूसीसी लागू करने के लिए राज्य सरकार ने 3 करोड़ से अधिक एसएमएस भेजे, जिसके बाद 10 लाख से अधिक सुझाव यूसीसी समिति के पास आए। इन सुझावों में 74 प्रतिशत से अधिक मुस्लिम बहनों ने यूसीसी लागू करने का समर्थन किया। 'सब समान-सबको सम्मान' देने के उद्देश्य से हमारी सरकार एक समान कानून लागू करने की दिशा में आगे बढ़ी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश का लोक निर्माण विभाग देश में सबसे अच्छा काम करने वाला विभाग है। हमारी सरकार द्वारा लोक निर्माण क्षेत्र में हुए कई नए काम और नवाचार अब पूरे देश में लागू हो रहे हैं। मध्यप्रदेश ने ब्रिटिशकाल के राजमार्ग कानून और फायर सेफ्टी एक्ट में भी संशोधन कर लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सांदीपनि विद्यालय भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता के प्रतीक हैं। हमारे बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा मिले, इसीलिए प्रदेशभर में भव्य सांदीपनि विद्यालय बनाए गए हैं। युवाओं का भविष्य संवारने के लिए हमने इसी साल 10 हजार शिक्षकों की भर्ती कर ली है। पुलिस विभाग में 18 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की गई है।

उन्होंने कहा कि पदोन्नति में आरक्षण वाले मसले का समाधान निकालकर अब तक राज्य के सभी विभागों के लगभग ढाई लाख से अधिक शासकीय सेवकों को पदोन्नति दे दी गई है। पुलिस विभाग में ही 25 हजार अधिकारी-कर्मचारियों के प्रमोशन हुए हैं। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद केवल सागर और उज्जैन में ही विश्वविद्यालय थे, लेकिन धीरे-धीरे इनकी संख्या बढ़ती गई। वर्तमान समय में 75 से अधिक विश्वविद्यालय हो चुके हैं। हमारी यूनिवर्सिटी ऐसी बनें, जहां विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता के साथ शिक्षा मिले। भविष्य में जबलपुर की मेडिकल यूनिवर्सिटी एम्स की तर्ज पर विकसित की जाएगी। मेडिकल सेक्टर के सुदृढ़ीकरण के लिए यूनिवर्सिटी को सर्वसुविधायुक्त बनाने का यह मॉडल पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा।

### अब तो चीता भी मध्यप्रदेश में जीता है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश टाइगर स्टेट तो पहले से ही है, अब तो कभी विलुप्त हो चुका चीता भी मध्यप्रदेश में जीता है। यह हमारा सौभाग्य है कि मध्यप्रदेश मगरमच्छ, घड़ियाल, गिद्ध, तेंदुआ जैसे वन्य जीवों के मामले में भी अग्रणी राज्य है। पूरे एशिया महाद्वीप से चीता विलुप्त हो चुका था, लेकिन मध्यप्रदेश की पावन धरती पर आते ही चीतों की संख्या 20 से बढ़कर 52 हो गई है। यह वन्य जीवों हमारे सहअस्तित्व की भावना का उत्कृष्ट उदाहरण है। हम जियो और जीने दो की भावना के साथ वन्य जीवों के संरक्षण के लिए भी कार्य कर रहे हैं। असम से जंगली भैंसे लाए गए हैं। भविष्य में गैंडे और किंग कोबरा जैसे जीवों को भी लाकर उनके प्राकृतिक रहवास में बसाया जाएगा। वनों की समृद्धि के लिए और पर्यटन से रोजगार के अवसर दिलवाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है।

### इन्होंने भी किया संबोधित

कार्यक्रम को लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने भी संबोधित कर प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों और लोक निर्माण विभाग के नवाचारों पर प्रकाश डाला। जबलपुर सांसद आशीष दुबे ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में सरकार सबको साथ लेकर काम करती है। विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव नेतृत्व में मध्यप्रदेश विधानसभा ने समान नागरिक संहिता विधेयक पास कर लिया है। जबलपुर के महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि जबलपुर शहर को आज अमृत फेज-1 योजना के अंतर्गत हुए विकास कार्यों की सौगात मिली है। महापौर ने बताया कि जबलपुर देश का ऐसा शहर बन गया है, जहां कचरे से भी बिजली बनाई जा रही है। जबलपुर जिले में पौधरोपण अभियान के अंतर्गत 11 लाख पौधे रोपे जाएंगे।

# मां शारदा मंदिर मार्ग निर्माण पर हाईकोर्ट का दखल से इनकार

**मैहर सड़क निर्माण विवाद, हाईकोर्ट ने कहा तकनीकी मामलों में हस्तक्षेप नहीं कर सकता न्यायालय**

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



मध्यप्रदेश हाई कोर्ट ने मैहर स्थित मां शारदा मंदिर जाने वाले मार्ग के निर्माण को लेकर दायर जनहित याचिका पर महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि सड़क निर्माण जैसे तकनीकी मामलों में न्यायालय हस्तक्षेप नहीं कर सकता। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विवेक रूसिया और न्यायमूर्ति प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने कहा कि सड़क निर्माण विशेषज्ञों की तकनीकी रिपोर्ट, इंजीनियरिंग मानकों और आवश्यक आकलन के आधार पर किया जाता है, ऐसे विषयों में न्यायालय अपनी तकनीकी राय नहीं दे सकता। इसी आधार पर कोर्ट ने जनहित याचिका को निरस्त कर दिया। मामला मैहर में मां शारदा मंदिर के रोपवे गेट से घंटाघर तक प्रस्तावित सड़क निर्माण से जुड़ा था। स्थानीय समाजसेवी मनीष पटेल ने जनहित याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि सड़क का निर्माण पुराने मार्ग को हटाए बिना उसके ऊपर कांक्रीट की नई परत डालकर किया जा रहा है। इससे सड़क का स्तर आसपास के मकानों और दुकानों से लगभग एक से दो फीट ऊंचा हो गया है, जिससे स्थानीय नागरिकों को भविष्य में कई प्रकार की व्यावहारिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। याचिकाकर्ता ने अदालत के समक्ष यह भी तर्क रखा कि सड़क की ऊंचाई बढ़ने से वर्षा के दौरान जल निकासी प्रभावित होगी और मकानों एवं दुकानों में पानी भरने की आशंका बढ़ जाएगी। इसके अलावा सड़क निर्माण में फुटपाथ और समुचित ड्रेनेज व्यवस्था की भी अनदेखी किए जाने का आरोप लगाया गया। याचिका में कहा गया कि यदि सड़क का स्तर इसी प्रकार बढ़ाया गया तो स्थानीय निवासियों की सुरक्षा, आवागमन और संपत्ति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

**तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से विचार** - सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने सड़क निर्माण से जुड़े तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से विचार किया। न्यायालय ने कहा कि किसी भी सड़क परियोजना को अंतिम रूप देने से पहले यातायात, जल निकासी, ढाल, सुरक्षा और अन्य इंजीनियरिंग मानकों का विशेषज्ञों द्वारा परीक्षण किया जाता है। ऐसे मामलों में न्यायालय तब तक हस्तक्षेप नहीं कर सकता जब तक यह साबित न हो जाए कि निर्णय पूरी तरह मनमाना, कानून के विपरीत या संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन करने वाला है। युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा कि सड़क निर्माण पूरी तरह तकनीकी विषय है, जिसमें विशेषज्ञ एजेंसियों और अभियंताओं की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। न्यायालय तकनीकी विशेषज्ञों का स्थान नहीं ले सकता और न ही निर्माण संबंधी तकनीकी निर्णयों का पुनर्मूल्यांकन कर सकता है। इसी कारण अदालत ने इस मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए जनहित याचिका को खारिज कर दिया। सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से शासकीय अधिवक्ता अनुभव जैन ने पक्ष रखते हुए न्यायालय को बताया कि सड़क निर्माण सभी आवश्यक तकनीकी मानकों और विभागीय प्रक्रिया के अनुरूप किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परियोजना का उद्देश्य श्रद्धालुओं और आम नागरिकों के लिए बेहतर एवं सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना है तथा निर्माण कार्य विशेषज्ञों की सलाह के आधार पर किया जा रहा है।

# खितौला में हुआ चातुर्मास मंगल कलश स्थापना महोत्सव



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** खितौला में चातुर्मास मंगल कलश स्थापना महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। पावन वर्षायोग के अंतर्गत आचार्य विद्यासागर महाराज की शिष्या एवं आचार्य समय सागर महाराज की आज्ञानुवर्ती शिष्या आर्यिका माँ 105 सूत्रमति माताजी ससंघ के सान्निध्य में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में खितौला सहित सिहोरा, दर्शनी, कुम्ही, कचारगांव, गोसलपुर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य मंगल कलश शोभायात्रा से हुई। महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण किए, जबकि पुरुष, युवा और बच्चे जयघोष व मंगल गीतों के साथ शामिल हुए। विधि-विधान से मंगल कलश स्थापना संपन्न हुई, जिसमें प्रथम कलश स्थापना का सौभाग्य महेशचंद्र जैन एवं अंकुर जैन परिवार को प्राप्त हुआ। अन्य कलश भी विभिन्न जैन परिवारों द्वारा श्रद्धापूर्वक स्थापित किए गए।

आशीर्वचनों में आर्यिका माँ सूत्रमति माताजी ने कहा कि चातुर्मास आत्मशुद्धि, संयम, स्वाध्याय और धर्म साधना का श्रेष्ठ अवसर है। उन्होंने सभी से चार माह के इस पावन काल का सदुपयोग कर आत्मकल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

## तकनीक से प्रतिस्पर्धा नहीं, उसे सहयोगी बनाकर लाएं बदलाव

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पश्चिम मध्य रेल के मानव संसाधन विकास केंद्र,भोपाल में आयोजित प्रथम प्रबंधन विकास कार्यक्रम 01/2026 का समापन गरिमामय वातावरण में रानीकमलापति में स्थित ऑडिटोरियम हॉल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के समापन सत्र की अध्यक्षता पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने की। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक नीरज कुमार, मंडल रेल प्रबंधक भोपाल पंकज त्यागी, मुख्य कारखाना प्रबंधक सीआरडब्लूएस भोपाल प्रफुल्ल वी. कोहाड़े एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# दहेज हत्या के दोषी पति को 10 साल का कारावास



**जबलपुर।** दहेज प्रताडना और नवविवाहिता की मौत के मामले में पाटन न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाते हुए आरोपी पति मिलन सिंह लोधी को 10 वर्ष के सश्रम कारावास और कुल 25 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश स्वयं प्रकाश दुबे की अदालत ने थाना कटंगी के सत्र प्रकरण क्रमांक 95/2022 में सुनाया।अभियोजन के अनुसार, मृतका तुलसा बाई लोधी का विवाह 19 मई 2018 को मिलन सिंह लोधी से हुआ था। विवाह में हैसियत के अनुसार नकद राशि और घरेलू सामान दिया गया था, लेकिन शादी के कुछ समय बाद से पति, सास और देवर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। परिजनों ने कई बार समझाइश दी और आर्थिक तंगी के बावजूद 25 हजार और बाद में 10 हजार रुपये भी दिए, फिर भी दहेज की मांग और मारपीट बंद नहीं हुई। घटना से छह दिन पहले भी मृतका ने अपनी मां को फोन पर बताया था कि उससे 30 हजार रुपये, सोफा सेट और गोदरेज अलमारी की मांग की जा रही है। 9 जनवरी 2022 को परिजनों को सूचना मिली कि तुलसा बाई ने फांसी लगा ली है। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर न्यायालय में चालान पेश किया। मामले में विशेष लोक अभियोजक शैलेन्द्र परस्ते ने 10 गवाहों के बयान कराते हुए प्रभावी पैरवी की न्यायालय ने आरोपी को धारा 304-बी आईपीसी में 10 वर्ष सश्रम कारावास, दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 में 5 वर्ष तथा धारा 4 में 1 वर्ष के सश्रम कारावास सहित कुल 25 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

## सूने मकान में चोरी

**जबलपुर।** संजीवनीनगर थाना क्षेत्र में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए ताला तोड़कर चांदी के सिक्के और नकदी चोरी कर ली। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार, शुभम कुमार जैन (30 वर्ष) निवासी गजरथ नगर, लाल बिल्डिंग के पीछे, गंगानगर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह 30 जुलाई की शाम करीब 7 बजे एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वडोदरा (गुजरात) गए थे। उनकी पत्नी भी अपने मायके गई हुई थीं, जिससे घर पूरी तरह सूना था। 31 जुलाई की दोपहर जब शुभम कुमार जैन वापस घर पहुंचे तो मुख्य दरवाजे का ताला और सेंट्रल लॉक टूटा हुआ मिला।

# हितकारिणी डेंटल कॉलेज में मनाया गया वर्ल्ड ओरल हाइजीन डे

**जागरूकता कार्यक्रम एवं पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन, मरीजों को मिलेगी उपचार में विशेष छूट**

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल डुमना द्वारा वर्ल्ड ओरल हाइजीन डे के उपलक्ष्य में 1 अगस्त 2026 को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष का थीम स्वस्थ मुख, स्वस्थ जीवन रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के संचालक एवं निदेशक डॉ. राजेश बी. धीरावणी और कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. रोहित मिश्रा के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने मुख स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नियमित दंत परीक्षण एवं दंत स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया।

इस अवसर पर प्रोग्राम को-आरडीनेटर डॉ. अनुश्री चौधरी ने मुख स्वच्छता, दांतों की देखभाल एवं रोगों की रोकथाम पर विस्तृत जानकारी दी।साथ ही विभाग की अन्य डॉ. एलाश्री चटर्जी एंव डॉ.वर्षा पवार भी कार्यक्रम मे उपस्थित रही। छात्र-छात्राओं के लिए ग्लास पेंटिंग एवं ड्रेप पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विभागीय शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही। इस अवसर पर पेरियोडॉन्टिक्स विभाग में दाँतों की आधुनिक मशीनों द्वारा सफाई (डेंटल स्केलिंग) पर 50% की विशेष छूट प्रदान की जाएगी। साथ ही मसूड़ों एवं दाँतों से संबंधित आवश्यक परामर्श एवं अन्य उपचार भी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे। पोस्ट ग्रेजुएट छात्र-छात्राओं डॉ. डॉली, डॉ. राजुल, डॉ. प्रियंशी, डॉ. धैर्य, डॉ. सुकृति, डॉ. शालिनी, डॉ. अनुष्का, डॉ. शंभवी एवं डॉ. कुशाग्र ने कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।



कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। समस्त आयोजन समिति, संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# घरों एवं देवालयों में गूंजेगा हरिनाम संकीर्तन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पावन श्रावण मास के शुभ अवसर पर श्री चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल,जाबालिपुरम् के तत्वावधान में प्रति वर्षानुसार 10वें वर्ष पूरे श्रावण मास प्रतिदिन श्री हरिनाम संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया है। नगर के घरों-घर देवालयों में भक्तिभाव,हर्षोल्लास के साथ हरिनाम संकीर्तन किया जा रहा है,संकीर्तन श्रृंखला के तृतीय दिवस बड़ी खेरमाई राधा कृष्ण मंदिर में श्रीमति नम्रता- जितेंद्र शर्मा के सौजन्य से संकीर्तनाचार्य पं.मनमोहन दुबे,पं. सुदामा प्रसाद उपाध्याय के सानिध्य में पूजन अर्चन कर हरिनाम संकीर्तन संपन्न हुआ,एक से बढ़कर एक संकीर्तन में समस्त श्रद्धालुगण हरिनाम की मधुर ध्वनि पर भक्ति रस में झूम उठे। आज चतुर्थ दिवस 2अगस्त को श्री शंकर नामदेव के सौजन्य से जगदीश मंदिर पड़ाव महाकाली चौक स्थित आवास पर प्रात: 8:30 बजे से श्री हरिनाम संकीर्तन आयोजित है।मंडल ने समस्त श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित की अपील की है।इस अवसर पर संयोजक देवेंद्र नेमा, सरिता शर्मा, कृष्णा नामदेव, सुनीता राय, मनीषा दुबे, पूनम सोनी, अंजू सिंह, स्नेहा उपाध्याय, प्रभाकर चतुर्वेदी, सत्यप्रकाश नामदेव, जीते शर्मा, के एल दीक्षित, सुरेन्द्र गिरी,देवा शर्मा, संदीप उपाध्याय अमित विश्नोई, अनिल सुहाने, विशाल पंड्या, अतुल पटेल आदि अनेक मातृ शक्ति भक्तजन उपस्थित रहे।



# शांति नगर जुझारी में संत रविदास महाराज की प्रतिमा स्थापित

**वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुई प्राण प्रतिष्ठा**

सिहोरा (स्वतंत्र मत)।

गुरु रविदास आश्रम शांति नगर जुझारी कछपुरा के तत्वावधान में शांति नगर जुझारी में संत गुरु रविदास महाराज की प्रतिमा का विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्थापना समारोह आयोजित किया गया। प्रतिमा स्थापना से पूर्व दोपहर करीब 2 बजे संत रविदास महाराज की प्रतिमा के साथ भव्य धार्मिक शोभायात्रा निकाली गई। 21 कलशों एवं धार्मिक धुनों के साथ शोभायात्रा की शुरुआत कन्या शाला स्थित रविदास मंदिर गोसलपुर से हुई। यात्रा शांति नगर जुझारी के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए मंदिर परिसर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। मंदिर परिसर में आचार्य डबल प्रसाद ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ संत रविदास महाराज की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई।



प्रतिमा स्थापना के बाद विधायक संतोष बरकड़े, पुष्पराज सिंह बघेल, धर्मेंद्र सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने पूजन-अर्चन कर संत रविदास महाराज की भव्य आरती की तथा क्षेत्र में सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।

# 36 लाख का मेंटेनेंस बजट स्वाहा, कागजों पर संवर गई सड़क

## ग्राम कंतोरा में गड्ढों में तब्दील सड़क से ग्रामीण बेहाल

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

विकासखंड पाटन के अंतर्गत ग्राम कंतोरा और सिमरिया को जोड़ने वाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़क अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण जबलपुर इकाई द्वारा निर्मित एम.डी.आर. से सिमरिया होते हुए कंतोरा मार्ग पिछले दो वर्षों से अत्यंत जर्जर स्थिति में है। सड़क पर बने जानलेवा गड्ढे और गाँव में जलभराव के कारण ग्रामीणों का चलना दूभर हो गया है। सूचना बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, 8.158 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण 14 जून 2015 को लगभग 103.52 लाख की लागत से पूरा किया गया था। इसके बाद सड़क के 5 वर्षीय रखरखाव के लिए 31 दिसंबर 2020 से 30 दिसंबर 2025 तक की अवधि के लिए 36.62 लाख की राशि स्वीकृत की गई थी। नियमों के तहत इस राशि से सड़क के गड्ढों की मरम्मत, किनारों व पुल-पुलियों का रखरखाव किया जाना था, लेकिन पिछले दो सालों से यहाँ रखरखाव के नाम पर कोई कार्य नहीं हुआ। सड़क पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है।






### हादसों का न्योता और जलभराव की समस्या

बरसात के दिनों में सड़क के बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भर जाने से गड्ढों की गहराई का अंदाज़ा नहीं लग पाता, जिससे प्रतिदिन दुर्घटनाएँ हो रही हैं। किसान, स्कूली छात्र-छात्राएँ, बुजुर्ग एवं गर्भवती महिलाएँ सबसे ज्यादा परेशान हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की दुर्दशा के कारण गाँव में एम्बुलेंस व अन्य आवश्यक वाहन समय पर नहीं पहुँच पा रहे हैं। इसके साथ ही ग्राम कंतोरा में नाली का पानी व वर्षा जल निकासी की कोई स्थायी व्यवस्था न होने से गाँव की गलियों व सड़कों पर पानी भरा रहता है।

### ग्रामीणों की प्रमुख माँगे

ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़क की तत्काल मरम्मत करते हुए जर्जर 8.158 किमी सड़क का तुरंत पुनरुद्धार/डामरीकरण कराया जाए।

ग्राम कंतोरा में गंदे पानी की निकासी हेतु मुख्य हाईवे 37 तक पक्की एवं स्थायी नाली का निर्माण कराया जाए। अनुरक्षण (रखरखाव) राशि में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार एवं जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो।

# बायोटेक्नोलॉजी में करियर: विज्ञान, नवाचार और सुनहरा भविष्य

**बायोटेक्नोलॉजी वह विज्ञान है जिसमें जीवित कोशिकाओं, सूक्ष्मजीवों, पौधों एवं जीव-जंतुओं की जैविक प्रक्रियाओं का उपयोग करके मानव जीवन को बेहतर बनाने वाले उत्पाद एवं तकनीक विकसित की जाती हैं। बायोटेक्नोलॉजी केवल एक शैक्षणिक विषय नहीं, बल्कि भविष्य की विज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव है। यदि आपकी रुचि विज्ञान, शोध, चिकित्सा, कृषि या नई तकनीकों में है, तो यह क्षेत्र आपको उत्कृष्ट करियर, वैश्विक अवसर और समाज के लिए सार्थक योगदानकृतीनों प्रदान कर सकता है। आने वाले वर्षों में बायोटेक्नोलॉजी न केवल रोजगार का बड़ा माध्यम बनेगी, बल्कि मानव जीवन की गुणवत्ता सुधारने वाली सबसे महत्वपूर्ण तकनीकों में भी शामिल होगी।**




## 12वीं के बाद कैसे बनाएं करियर ?

यदि विद्यार्थी ने 12वीं कक्षा विज्ञान संकाय (पीसीबी या पीसीएम) से उत्तीर्ण की है, तो वह बायोटेक्नोलॉजी में विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों जैसे बी.टेक. (बायोटेक्नोलॉजी) बी.एससी. बायोटेक्नोलॉजी, बी.एससी. जेनेटिक्स, बी.एससी. बायोकेमिस्ट्र, इंटीग्रेटेड बीएस-एमएस कार्यक्रम, डिप्लोमा इन बायोटेक्नोलॉजी में प्रवेश ले सकता है।

## बायोटेक्नोलॉजी की प्रमुख शाखाएं

1 **रेड बायोटेक्नोलॉजी** – चिकित्सा, वैक्सीन, दवा निर्माण एवं जीन थेरेपी से संबंधित।

2 **ग्रीन बायोटेक्नोलॉजी** – बेहतर कृषि, उच्च उत्पादन वाली फसलें और रोग प्रतिरोधी बीज विकसित करना।

3 **व्हाइट बायोटेक्नोलॉजी** – औद्योगिक उत्पादन, बायोफ्यूल, एंजाइम और पर्यावरण अनुकूल तकनीकों का विकास।

4 **ब्लू बायोटेक्नोलॉजी** – समुद्री जीवों एवं समुद्री संसाधनों पर आधारित अनुसंधान।

5 **येलो बायोटेक्नोलॉजी** – खाद्य प्रसंस्करण, पोषण और फूड टेक्नोलॉजी से जुड़ा क्षेत्र।

## सटार्टअप के अवसर

बायोटेक्नोलॉजी केवल नौकरी तक सीमित नहीं है। विद्यार्थी अपना स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं, जैसे बायोफ र्टिलाइजर निर्माण, बायोपेस्टिसाइड उत्पादन, टिश्यू कल्चर लैब, जेनेटिक टेस्टिंग सेंटर, फूड टेस्टिंग लैब, बायोफ ार्मा रिसर्च, हेल्थ डायग्नोस्टिक्स, कृषि तकनीकी समाधान।

## भविष्य की संभावनाएं

आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस, जीन एडिटिंग, पर्सनलाइज्ड मेडिसिन, बायोइन्फ ॉर्मेटिक्स, सिंथेटिक बायोलॉजी, स्टेम सेल रिसर्च और वैक्सीन टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों के विस्तार के साथ बायोटेक्नोलॉजी में रोजगार की संभावनाएं लगातार बढ़ रही हैं। भारत का बायोटेक उद्योग तेजी से वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है, जिससे आने वाले वर्षों में कुशल पेशेवरों की मांग और अधिक बढ़ने की संभावना है।

## करियर एक्सपर्ट की सलाह

- 11वीं-12वीं में जीवविज्ञान और रसायन विज्ञान की मजबूत तैयारी करें।
- प्रयोगशाला आधारित सीखने और इंटर्नशिप पर विशेष ध्यान दें।
- रिसर्च पेपर पढ़ने और नई तकनीकों से अपडेट रहें।
- अंग्रेजी भाषा, कंप्यूटर और बायोइन्फ ॉर्मेटिक्स का ज्ञान विकसित करें।
- उच्च शिक्षा एवं शोध के अवसरों का लाभ उठाएं।




# श्रमिक परिवारों के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए निःशुल्क पढ़ाई का अवसर

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री जनकल्याण (शिक्षा प्रोत्साहन) योजना का उद्देश्य पंजीकृत असंगठित श्रमिक (संबल योजना) परिवारों के बच्चों को आर्थिक बाधाओं के बिना उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत पात्र विद्यार्थियों को सरकारी एवं अनुदान प्राप्त संस्थानों में विभिन्न उच्च शिक्षा पाठ्यक्रमों के लिए शिक्षण शुल्क में छूट या शुल्क का भुगतान शासन द्वारा किया जाता है।

### पात्रता

- विद्यार्थी मध्य प्रदेश का निवासी हो।
- विद्यार्थी के माता या पिता मध्य प्रदेश श्रम विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित कर्मकार (संबल हितग्राही) हों।
- विद्यार्थी ने निर्धारित योग्यता के साथ प्रवेश प्राप्त किया हो।
- सरकारी अथवा अनुदान प्राप्त शिक्षण संस्थान में प्रवेश लिया हो।

### किन पाठ्य मों में मिलता है लाभ?

योजना के अंतर्गत विभिन्न विभागों के उच्च शिक्षा पाठ्यक्रम शामिल हैं, जैसे स्नातक, स्नातकोत्तर, इंजीनियरिंग, मेडिकल, फ र्मेसी, नर्सिंग, पॉलीटेक्निक, आईटीआई, कृषि एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रम, कानून, प्रबंधन एवं अन्य स्वीकृत उच्च शिक्षा पाठ्यक्रम।

### आवश्यक दस्तावेज

आवेदन के समय सामान्यत: निम्न दस्तावेज आवश्यक होते हैं, समग्र आईडी, आधार कार्ड निवास प्रमाण पत्र, माता/पिता का संबल (श्रमिक) पंजीयन क्रमांक, आय संबंधी आवश्यक जानकारी (यदि लागू हो), पिछली परीक्षा की अंकसूची, प्रवेश पत्र/कॉलेज की रसीद, बैंक पासबुक, पासपोर्ट आकार का फोटो, मोबाइल नंबर।


### आवेदन प्रक्रिया

सरकारी या अनुदान प्राप्त कॉलेज में प्रवेश लें। प्रवेश के समय माता या पिता का श्रमिक पंजीयन सत्यापित कराया जाता है। निर्धारित अवधि में मध्य प्रदेश छात्रवृत्ति पोर्टल पर आवेदन करें। कॉलेज द्वारा दस्तावेजों का सत्यापन किया जाता है। पात्र पाए जाने पर शुल्क का लाभ प्रदान किया जाता है।

# रेलवे में स्पोर्ट्स कोटा से भर्ती

**योग्यता, चयन प्रक्रिया और आवेदन की पूरी जानकारी**

भारतीय रेलवे में खेल प्रतिभाओं के लिए सरकारी नौकरी का शानदार अवसर आया है। नॉर्थईस्ट फ्रं टियर रेलवे ने स्पोर्ट्स कोटा के अंतर्गत 56 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी इस भर्ती के लिए आवेदन कर सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को रेलवे में स्थायी नौकरी के साथ अपने खेल करियर को आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा।



## किन खेलों के खिलाड़ी कर सकते हैं आवेदन ?

भर्ती विभिन्न खेल विधाओं के लिए की जा रही है। इनमें सामान्यत: एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, क्रिकेट, फु टबॉल, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, तैराकी, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती और अन्य अधिसूचित खेल शामिल है।

## शैक्षणिक योग्यता

पद के अनुसार अलग-अलग योग्यता निर्धारित की गई है। सामान्यत:, 10वीं 12वीं पास, आईटीआई, स्नातक उत्तीर्ण। संबंधित पद के लिए निर्धारित योग्यता आवश्यक होगी।

## खेल उपलब्धि

आवेदक के पास मान्यता प्राप्त प्रतियोगिताओं में निर्धारित स्तर का खेल प्रदर्शन होना चाहिए, जैसे, राष्ट्रीय प्रतियोगिता, अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता, इंटर-यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता राष्ट्रीय खेल महासंघ द्वारा आयोजित प्रतियोगिताएँ।

## आयु सीमा

न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु सीमा 25 वर्ष है। (आरक्षण संबंधी प्रावधान भर्ती अधिसूचना के अनुसार लागू होंगे।)

## चयन प्रक्रिया

स्पोर्ट्स कोटा भर्ती में चयन सामान्य लिखित परीक्षा के बजाय निम्न आधार पर किया जाता है, जैसे, खेल उपलब्धियों का मूल्यांकन, ट्रायल, दस्तावेज सत्यापन, चिकित्सा परीक्षण।

# बैंकिंग परीक्षा: सफलता के स्मार्ट मंत्र

बैंकिंग परीक्षाएं आज युवाओं के बीच सबसे लोकप्रिय प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल हैं। हर वर्ष लाखों अभ्यर्थी आईबीपीएस, एसबीआई, आरबीआई और अन्य बैंकिंग संस्थानों की परीक्षाओं में शामिल होते हैं। ऐसे में सफलता के लिए केवल अधिक पढ़ाई नहीं, बल्कि सही योजना, नियमित अभ्यास और समय प्रबंधन आवश्यक है।

तैयारी की शुरुआत परीक्षा के सिलेबस और परीक्षा पैटर्न को अच्छी तरह समझने से करें। इसके बाद गणित, रीजनिंग, अंग्रेजी भाषा, सामान्य जागरूकता और कंप्यूटर ज्ञान जैसे सभी विषयों के लिए दैनिक अध्ययन का समय निर्धारित करें। कठिन विषयों पर अधिक ध्यान दें, लेकिन आसान विषयों की नियमित पुनरावृत्ति भी करते रहें।

बैंकिंग परीक्षा में स्पीड और एक्यूरेसी (गति और शुद्धता) सबसे महत्वपूर्ण होती है। इसलिए प्रतिदिन मॉक टेस्ट और पिछले वर्षों के प्रश्नपत्र हल करें। इससे समय प्रबंधन बेहतर होगा और अपनी कमजोरियों का भी पता चलेगा।

दैनिक समाचार, आर्थिक घटनाक्रम, बैंकिंग एवं वित्तीय क्षेत्र की जानकारी और करेंट अफेयर्स पर विशेष ध्यान दें। साथ ही पर्याप्त नींद, संतुलित आहार और सकारात्मक सोच बनाए रखें, क्योंकि मानसिक एकाग्रता भी सफ लता का महत्वपूर्ण आधार है।



# 12वीं के बाद इन कोर्सेज में लें दाखिला, बनाएं नर्सिंग में शानदार करियर

### 1. बी.एससी. नर्सिंग

यह चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम है और नर्सिंग क्षेत्र में सबसे लोकप्रिय कोर्स माना जाता है। योग्यता, 12वीं में फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी, सामान्यत: न्यूनतम 45 से 50 प्रतिशत अंक। करियर अवसरों में स्टाफ नर्स, नर्स एजुकेटर, आईसीयू नर्स, ऑपरेशन थिएटर नर्स, रिसर्च नर्स शामिल है।

### 2. पोस्ट बेसिक बी.एससी. नर्सिंग

यह कोर्स उन विद्यार्थियों के लिए है जिन्होंने पहले जीएनएम किया हो और स्नातक डिग्री प्राप्त करना चाहते हों। कोर्स अवधि 2 वर्ष है।

### 3. जीएनएम

यह डिप्लोमा कोर्स है, जो अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवाओं में काम करने के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करता है। अवधि 3 वर्ष (साथ में इंटर्नशिप)। योग्यता 12वीं उत्तीर्ण (राज्य एवं संस्थान के नियमों के अनुसार)

### 4. एएनएम

यह प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़ा डिप्लोमा कोर्स है। अवधि 2 वर्ष है। करियर अवसरों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र, ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाएं और सरकारी स्वास्थ्य योजनाएं शामिल है।

# अगस्त के पहले सप्ताह में भरें इन भर्तियों के फॉर्म, करीब है लास्ट डेट

अगर आप सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे हैं, तो अगस्त का पहला सप्ताह आपके लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इस हफ्ते देश के प्रमुख सरकारी संस्थानों और विभागों में निकली 4,442 से अधिक रिक्तियों के लिए आवेदन प्रक्रिया समाप्त हो रही है। सीएसआईआर-सेंट्रल मैकेनिकल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट ने टेक्नीशियन के 27 पदों पर योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे हैं। 10वीं पास और संबंधित ट्रेड में आईटीआई कर चुके अभ्यर्थी 3 अगस्त 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। भारतीय नौसेना में शॉर्ट सर्विस कमीशन अधिकारी भर्ती की वैकेंसी निकली है। आवेदन प्रक्रिया फिलहाल चल रही है लेकिन बहुत जल्द समाप्त होने वाली है।






# पूर्व मंत्री का भतीजा गिरफ्तार, अब भाई है पुलिस का अगला टारगेट..?

## चावल घोटाला : अब बड़े चेहरों तक पहुंचेगी एसआईटी?

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

जिले के बहुचर्चित फोर्टिफाइड चावल घोटाले में शुक्रवार को विशेष जांच दल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पूर्व मंत्री एवं भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे के भतीजे अविनाश कावरे और हर्ष राइस मिल के पार्टनर गोपाल ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को देर शाम वारासिवनी व्यवहार न्यायालय में पेश किया गया, जहां से पुलिस ने पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया। इस गिरफ्तारी के साथ ही मामले में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है।

जानकारी अनुसार, अविनाश कावरे और गोपाल ठाकुर की गिरफ्तारी के बाद पूरे जिले में यह चर्चा तेज हो गई है कि एवीजे एथेनॉल प्लांट के नाम पर एफसीआई और अन्य शासकीय गोदामों से निकाला गया फोर्टिफाइड चावल कथित तौर पर हर्ष राइस मिल सहित अन्य राइस मिलों में खपाया गया। जांच एजेंसियों का आरोप है कि गरीबों के लिए आवंटित चावल को एथेनॉल प्लांट भेजने के बजाय दलालों के माध्यम से राइस मिल संचालकों को बेचा गया और बाद में उसी चावल की मिलिंग कर कस्टम मिलिंग के नाम पर दोबारा शासन को जमा कर दिया गया। इस कथित हेराफेरी से एथेनॉल प्लांट, बिचौलियों और राइस मिल संचालकों को करोड़ों रुपये का लाभ पहुंचाने का आरोप है।




### ऐसा खुला चांवल घोटाला...

इस पूरे घोटाले का खुलासा 3 जून 2026 को हुआ था, जब प्रशासन ने वारासिवनी में एवीजे एथेनॉल प्लांट, बोरगांव (छिंदवाड़ा) के नाम पर भेजे जा रहे फोर्टिफाइड चावल से भरे एक ट्रक को पकड़ा था। शुरुआती जांच में सामने आया कि ट्रक अपने निर्धारित गंतव्य तक नहीं पहुंच रहा था। इसके बाद दर्ज एफआईआर के आधार पर एसआईटी का गठन किया गया और पूरे नेटवर्क की परतें खुलनी शुरू हुईं। जांच के दौरान दस्तावेज, परिवहन रिकॉर्ड और गोदामों की एंट्री खंगाली गई, जिसमें अब तक बालाघाट से 5,454 मीट्रिक टन फोर्टिफाइड चावल की हेराफेरी के साक्ष्य सामने आए हैं। हालांकि जांच एजेंसियों का मानना है कि वास्तविक मात्रा इससे कहीं अधिक हो सकती है। आरोप है कि करीब 16 हजार मीट्रिक टन से अधिक फोर्टिफाइड चावल एथेनॉल प्लांट के नाम पर सरकारी गोदामों से निकाला गया, जिसकी जांच अभी जारी है।

### गिरफ्तारी से खुलेंगे राज...

एसआईटी की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ी, वैसे-वैसे कई बड़े नाम सामने आते गए। सबसे पहले ट्रक चालक, एथेनॉल प्लांट के प्रतिनिधि, सुपरवाइजर और ट्रांसपोर्टरों की गिरफ्तारी हुई। इसके बाद विभिन्न राइस मिल संचालकों पर शिकंजा कसता गया। हाल ही में हर्ष राइस मिल के पार्टनर विनोद शर्मा को गिरफ्तार किया गया था। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने हर्ष राइस मिल से चार ट्रक चावल और 100 से अधिक खाली बोरियां बरामद की थीं। इसके बाद जांच का दायरा बढ़ा और अब उसी मिल के अन्य पार्टनर अविनाश कावरे एवं गोपाल ठाकुर भी पुलिस की गिरफ्त में हैं। पुलिस को उम्मीद है कि दोनों से पूछताछ में इस पूरे नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और वित्तीय लेन-देन के अहम सुराग मिल सकते हैं।

### कांग्रेस बोली कार्यवाई नहीं तो होंगा आंदोलन

मामले ने अब सियासी रंग भी पकड़ लिया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि हर्ष राइस मिल से जुड़े अन्य जिम्मेदार लोगों की भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि सभी आरोपियों पर समान रूप से कार्रवाई नहीं हुई तो वह सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी। वहीं पुलिस का कहना है कि जांच पूरी तरह साक्ष्यों और दस्तावेजों के आधार पर आगे बढ़ रही है तथा किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। अब पूरे प्रदेश की नजर एसआईटी की अगली कार्रवाई पर टिकी है कि करोड़ों रुपये के इस कथित फोर्टिफाइड चावल घोटाले में और कौन-कौन से बड़े नाम कानून के शिकंजे में आते हैं।

### अब तक 15 आरोपी बेनकाब

इस मामले में एफआईआर के बाद मामले की जांच कर रही एसआईटी टीम ने संचेती राईस मिल में मिले ट्रक के चालक दुर्गेश शेंडे, एवीजे एथेनाल प्लांट के प्रतिनिधि राहुल प्रताप, सुपरवाईजर राकेश श्रीवास्तव और सिवनी के ट्रांसपोर्टर उबेद खान, श्री बिहारी राईस मिल नैतरा संचालक बिहारी पटले, मुनीम अजीत बिसेन, शांति राईस मिल नैतरा के संचालक सुरेन्द्र राणा और विराज राईस मिल संचालक, गोंदिया महाराष्ट्र के खंडेलवाल राईस मिल संचालक भाईयों किशनलाल, जुगल खंडेलवाल, संचेती राईस मिल के भाई राजेश संचेती, हर्ष राईस मिल के पार्टनर विनोद शर्मा, सिवनी के नंदगोपाल राईस इंडस्ट्रीज के ऑनर सोनु जैन, हर्ष राईस मिल के पार्टनर अविनाश कावरे और गोपाल ठाकुर को गिरफ्तार किया है।

### 50 प्रतिशत के हिस्सेदारी पर कब कार्यवाई

राजनीति गलियारों में चर्चा हैं कि भाजपा जिलाध्यक्ष व पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे के भाई की हर्ष राईस मिल में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी वाले विनोद शर्मा की पुलिस ने पहले ही गिरफ्तारी कर ली हैं। अब अविनाश की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत व गोपाल ठाकुर की 10 प्रतिशत की हिस्सेदारी बताई जा रहीं हैं। अब भी हर्ष राईस मिल के 50 प्रतिशत हिस्सेदारी वाले आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर बताए जा रहें है। सूत्र बताते हैं कि 50 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले पूर्व मंत्री के भाई राजकुमार कावरे की भी गिरफ्तारी एसआईटी जल्द कर सकती हैं।



# प्रसूता को रेफर करने पर जमकर भड़की विधायक

### निजी अस्पताल से वापस जिला अस्पताल लेकर पहुंचीं, बोलीं- रेफर सिस्टम बंद करो

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

जिला अस्पताल में गर्भवती महिला को प्रसव से पहले हाईरिस्क बताकर निजी अस्पताल रेफर किए जाने का मामला अब तूल पकड़ गया है। विधायक अनुभा मुंजारे खुद निजी अस्पताल से प्रसूता को वापस जिला अस्पताल लेकर पहुंचीं और अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए। विधायक ने कहा कि जिला अस्पताल इलाज के लिए है, रेफर करने के लिए नहीं। वहीं सिविल सर्जन ने सफाई देते हुए कहा कि हाईरिस्क मामलों में परिजनों की सहमति यानी कंसर्न जरूरी होता है। विधायक अनुभा मुंजारे के परिचित परिवार की गर्भवती महिला प्रीति को गुरुवार को प्रसव के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। विधायक का आरोप है कि पूरे दिन महिला की ठीक से जांच नहीं की गई और बाद में प्रसव को हाईरिस्क बताकर निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजन महिला को शहर के एक निजी अस्पताल ले गए, लेकिन इसकी जानकारी मिलने पर विधायक स्वयं वहां पहुंचीं और प्रसूता को वापस जिला अस्पताल लेकर सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन के कक्ष पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने प्रसव वार्ड की व्यवस्था, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार और मरीजों की अनदेखी को लेकर अस्पताल प्रबंधन पर नाराजगी जताई। विधायक अनुभा मुंजारे ने आरोप लगाया कि जिला अस्पताल में महिला चिकित्सक अपनी जिम्मेदारी से बच रही हैं और मरीजों व उनके परिजनों को इतना डरा दिया जाता है कि वे मजबूरी में निजी अस्पतालों का रुख कर लेते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जिला अस्पताल में मरीजों को रेफर करने की व्यवस्था नहीं बदली गई तो जनता के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा। वहीं सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन ने कहा कि हाईरिस्क मामलों में परिजनों की लिखित सहमति यानी कंसर्न जरूरी होता है। पहले परिजन सहमति नहीं दे रहे थे, लेकिन अब कंसर्न मिलने के बाद महिला को दोबारा भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया है।

# 7 दिन में रकम डबल करने का झांसा देकर 17 लाख की ठगी, पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

जिले के थाना ग्रामीण (नवेगांव) पुलिस ने सात दिन में रकम दोगुनी करने का लालच देकर लाखों रुपये और सोने के जेवरात की ठगी करने वाले मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को 1 अगस्त को न्यायालय में पेश किया, जहां से पूछताछ के लिए एक दिन की पुलिस रिमांड मंजूर की गई है।

पुलिस के अनुसार ग्राम कोसमी निवासी अवधेश तारन की शिकायत पर अपराध क्रमांक 235/2026, धारा 318(4), 316(2) बीएनएस एवं अनियमित जमा योजना प्रतिबंध अधिनियम, 2019 की धारा 21(1), 21(2) व 21(3) के तहत मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में बताया गया कि ग्राम कोसमी निवासी प्रिंस पिछोडे ने एक मोबाइल एप के माध्यम से मात्र सात दिन में रकम दोगुनी करने का झांसा दिया। विश्वास में लेकर उसने फरियादी की पत्नी से करीब छह लाख रुपये के सोने के जेवर तथा परिवार के सदस्यों से नकद राशि लेकर कुल 17 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। निवेश के बदले आरोपी ने दोगुनी राशि के चेक भी दिए, लेकिन समय आने पर भुगतान नहीं किया और फरार हो गया।

जांच के दौरान पुलिस ने मुख्य आरोपी प्रिंस पिछोडे को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उसने खुलासा किया कि उसका एक रिश्तेदार, निवासी कायदी, भी इस एप के माध्यम से लोगों से निवेश कराता था और पूरे नेटवर्क में उसकी सक्रिय भूमिका थी। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने रिश्तेदार को भी गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि ठगी से प्राप्त रकम से प्रिंस पिछोडे ने करीब 200 ग्राम सोना खरीदा था। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि ठगी की रकम अन्य लोगों से भी ली गई थी या नहीं तथा पूरे नेटवर्क में और कौन-कौन शामिल है।

दोनों आरोपियों को शुक्रवार दोपहर करीब 4 बजे माननीय न्यायालय बालाघाट में पेश किया गया, जहां से उन्हें एक दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि रिमांड के दौरान आरोपियों से ठगी की रकम, खरीदे गए सोने और इस पूरे नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में गहन पूछताछ की जाएगी। मामले की विवेचना जारी है।

# पेड़ पर फंदे से लटका मिला एक माह पुराना शव, 15 वर्षीय बालिका की मौत से सनसनी

### एक महीने से लापता थी रुक्मणी, कपड़ों और चप्पलों से हुई पहचान; पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद होगा मौत का खुलासा

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

जिले के बैहर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लगमा के जंगल में शुक्रवार को एक 15 वर्षीय बालिका का करीब एक माह पुराना शव पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव अत्यधिक सड़-गल चुका था, जिससे उसकी पहचान करना मुश्किल था। परिजनों ने घटनास्थल पर मिले कपड़ों और चप्पलों के आधार पर मृतका की पहचान रुक्मणी पिता रमेश परते (15 वर्ष), निवासी ग्राम लगमा के रूप में की। जानकारी के अनुसार, रुक्मणी पिछले लगभग एक माह से लापता थी। उसके घर नहीं लौटने पर परिजनों ने बैहर थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तब से



पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।बताया जा रहा है कि 31 जुलाई को कुछ ग्रामीण जंगल की ओर गए थे। इस दौरान उनकी नजर एक पेड़ पर दुपट्टे से बने फंदे पर पड़ी। पास जाकर देखने पर पेड़ के नीचे चप्पल, कपड़े और मानव शरीर के अवशेष दिखाई दिए। इसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल गांव में सूचना दी और पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही बैहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के दौरान पाया गया कि शव काफी पुराना होने के कारण अधिकांश हिस्सा नष्ट हो चुका था। घटनास्थल से पुलिस ने कपड़े, चप्पल और अन्य साक्ष्य जब्त किए। परिजनों को बुलाकर पहचान कराई गई, जिन्होंने बरामद सामान के आधार पर शव की पहचान रुक्मणी के रूप में की। बैहर थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले ने बताया कि प्रथम दृष्टया घटनास्थल की स्थिति से ऐसा प्रतीत होता है कि बालिका की मौत फांसी लगाने से हुई है। हालांकि मृत्यु के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और एफएसएल जांच के बाद ही हो सकेगी। शव को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए जबलपुर भेजा गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, वैज्ञानिक जांच और अन्य साक्ष्यों के आधार पर यह स्पष्ट होगा कि मामला आत्महत्या का है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत अयोध्या-वाराणसी के लिए 262 तीर्थ यात्री रवाना

उमरिया (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत उमरिया जिले के 262 तीर्थयात्री अयोध्या एवं वाराणसी की पावन तीर्थ यात्रा के लिए स्पेशल ट्रेन से रवाना हुए। यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व जिला प्रशासन द्वारा सभी तीर्थ यात्रियों का फूल-मालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया तथा उन्हें शुभकामनाओं के साथ मंगलमय यात्रा की कामना की गई। इस अवसर पर तीर्थ यात्रियों के परिजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और भावुक माहौल में अपने परिजनों को विदा किया।
जिला प्रशासन के अधिकारियों ने यात्रियों को यात्रा के दौरान



आवश्यक सावधानियों, स्वास्थ्य संबंधी सुझावों एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। यात्रियों के लिए भोजन, पेयजल, चिकित्सा तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि उनकी यात्रा सुरक्षित एवं सुविधाजनक रहे।तीर्थ यात्रियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं मध्यप्रदेश शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना के माध्यम से उन्हें भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या तथा भगवान शिव की पावन नगरी काशी (वाराणसी) के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। उन्होंने इसे शासन की जनकल्याणकारी पहल बताते हुए प्रसन्नता व्यक्त की।

## उमरिया रेलवे स्टेशन में हो एस्केलेटर की सुविधा

**उमरिया।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के जितेंद्र कुमार गुप्ता द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक उप महाप्रबंधक डीआरएम सीनियर डीसीएम से मांग की है । उमरिया रेलवे स्टेशन में अमृत भारत योजना के अंतर्गत जो स्टेशन में करोड़ों रुपए का निर्माण कार्य हो रहा है अगर उसमें एस्केलेटर की सुविधा प्रदान नहीं की जाती तो यह उमरिया स्टेशन के साथ बहुत बड़ा न्याय होगा एवं रेल उपभोक्ताओं के साथ छलावा होगा जितेंद्र कुमार गुप्ता ने मांग की है की करोड़ों रुपए जब टीन शेड मैं खर्च किए जा सकते हैं तो तो जो रेल उपभोक्ताओं की मूलभूत सुविधा है एस्केलेटर का निर्माण किया जा सकता है जिससे बुजुर्ग यात्री दिव्यांग यात्री एवं बच्चे ले जाने वाले परिवार को इसका सीधा फायदा होगा जब अगर स्टेशन का विकास हो रहा है तो अच्छे से हो जितेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि अगर अमृत भारत योजना अंतर्गत जो स्टेशन कब कायाकल्प हो रहा है उसमें एस्केलेटर की सुविधा बहुत जरूरी है।

# कमिश्नर ने मढ़ीबाग में भगवान आशुतोष के किए दर्शन

**उमरिया ।** शहडोल संभाग की कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने उमरिया जिले के ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल मढ़ीबाग पहुंचकर प्राचीन शिवलिंग के दर्शन एवं पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर का अवलोकन कर मंदिर के इतिहास, धार्मिक महत्व तथा यहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी संबंधित अधिकारियों से प्राप्त की।निरीक्षण के दौरान कमिश्नर श्रीमती गुप्ता ने मणिबाग क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाओं पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को इस स्थल के समग्र विकास के लिए आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक सौंदर्य एवं धार्मिक आस्था से जुड़े ऐसे स्थलों को इको-टूरिज्म के रूप में विकसित कर स्थानीय लोगों के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए



अवसर सृजित किए जा सकते हैं।कमिश्नर ने मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता, सौंदर्यीकरण, पर्यटकों के लिए मूलभूत सुविधाएं, मार्ग संकेतक, बैठने की व्यवस्था तथा पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में प्राकृतिक वातावरण को संरक्षित रखते हुए इको-फ्रेंडली उपाय अपनाए जाएं, ताकि क्षेत्र की धार्मिक एवं प्राकृतिक पहचान बनी रहे ।

# शासकीय योजनाओं का तत्परता से क्रियान्वयन सुनिश्चित करें: कमिश्नर

उमरिया

कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में शासन व्दारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की । इस दौरान उन्होने स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, कानून व्यवस्था, शहरी प्रशासन, कृषि, सुशासन एवं राजस्व, महिला एवं बाल विकास विभाग, खनिज विभाग, श्रम विभाग,विभाग, उल्लास साक्षरता मिशन सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की। बैठक में कमिश्नर ने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, कुपोषण, गैर संचारी रोग, सिकल सेल एनीमिया, मानसून जनित बीमारियां तथा अस्पताल प्रबंधन, अधोसंरचना की समीक्षा करते हुए प्रगति कम होने पर नाराजगी व्यक्त की । बैठक में बताया गया कि पाली विकासखंड में



नवीन पैथालॉजी भवन का संचालन बिजली कनेक्शन नही होने की वजह से संचालित नही हो पा रहा है। जिस पर कमिश्नर ने कलेक्टर उमरिया को निर्देशित किया कि बीएमओ पी एल सागर के विरूध्द अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने का प्रस्ताव भेजा जाए। बैठक मे कमिश्नर ने करकेली विकासखंड में बने इंडोर बैटमिंटन हॉल अधूरा होने कि स्थिति में ग्रामीण यांत्रिकीय विभाग को निर्देशित करते हुए कहा संबंधित ठेकेदार को नोटिस देकर कार्य को समय सीमा में पूरा किया जाए अन्यथा ठेकेदार का टेंडर निरस्त किया जाए। पशुपालन विभाग, श्रम विभाग व्दारा जानकारी उपलब्ध नही कराने पर कमिश्नर श्रीमती गुप्ता व्दारा नाराजगी व्यक्त की गई । बैठक में कमिश्नर ने जल प्रदाय योजना की ड्राइंग डिजाईन अप्रूवल के लिए लंबित होने की पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी पाली को नोटिस जारी करनें के निर्देश दिए गए । कमिश्नर श्रीमती गुप्ता ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग से कहा कि नल जल योजना के पूर्व वर्षो के कार्य 15 अगस्त तक पूरा करते हुए हैंडओव्हर करना सुनिश्चित करे। कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने डीएफओ से कहा कि डब्ल्यू आरडी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, पी एम जी एस वाय, जन जातीय कार्य विभाग से कहा कि फारेस्ट से संबंधित लंबित अनुमति को तत्परता से पूर्ण कराएं ताकि लंबित परियोजनाओं को पूर्ण किया जा सके।

# अज्ञात बदमाशों ने दुकान में ऑयल डालकर आग लगाने का किया प्रयास, पुलिस से कार्रवाई की मांग

उमरिया (स्वतंत्र मत)

शहर के ट्रेलर मार्केट स्थित आसमानी जनरल स्टोर में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा आग लगाने का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित दुकानदार ने कोतवाली थाना उमरिया में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार, ट्रेलर मार्केट स्थित आसमानी जनरल स्टोर के संचालक रितेश खट्टर ने बताया कि वह 31 जुलाई की रात करीब 9 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। शनिवार 1 अगस्त की सुबह दुकान खोलने पहुंचे तो देखा कि दुकान के पूरे शटर पर ऑयल डाला गया था और दुकान में आग




लगाने का प्रयास किया गया। दुकान के पास रखी एक माचिस भी मिली। हालांकि शटर गीला होने के कारण आग नहीं पकड़ सकी, जिससे बड़ा हादसा टल गया। दुकानदार ने शिकायत में यह भी उल्लेख किया है कि इससे पहले भी अज्ञात लोगों ने दुकान के शटर पर गोबर फेंका था तथा ताले में चिपचिपा पदार्थ डाल दिया था, जिससे दुकान खोलने में परेशानी हुई थी। पीड़ित का कहना है कि यदि आग लग जाती तो दुकान में रखा पूरा सामान जलकर नष्ट हो जाता और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता। उन्होंने पुलिस से सीसीटीवी फुटेज की जांच कर आरोपियों की पहचान करने तथा उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इस हरकत से आसपास के कई व्यापारियों में डर का माहौल बना हुआ है। ये किसी की शरारत हैं या फिर सोची समझी साजिश के तहत व्यापारी को परेशान किया जा रहा है ये तो जाँच के बाद ही पता चलेगा लेकिन इससे उमरिया नगर की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं कि दुकान की चंद दूरी पर ही गांधी चौक और यातायात थाना हैं जहाँ हमेशा चलते पहल बनी रहती हैं वहां इस तरह से खुलेआम असामाजिक तत्व घूम रहे रहे हैं जिन्हें न तो पुलिस का डर हैं न ही प्रशासन का भय..!

# नौनिहालों के निवाले पर डाका: मीनू गायब, गंदे किचन से परोसा जा रहा गुणवत्ताहीन भोजन, बच्चों की सेहत से खिलवाड़

मण्डला/नारायणगंज (स्वतंत्रमत)।





शासन की महत्वाकांक्षी मध्याह्न भोजन योजना जिसका उद्देश्य स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराकर कुपोषण से बचाना है वह जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सुखराम के घुघरी माल और वन ग्राम घुघरी में भ्रष्टाचार लापरवाही और मनमानी की भेंट चढ़ती दिखाई दे रही है। यहां बच्चों की थालियों तक पहुंचने वाला भोजन न केवल तय मीनू से कोसों दूर है बल्कि उसकी गुणवत्ता भी सवालों के घेरे में है। हालत यह है कि जिन मासूमों के बेहतर भविष्य के लिए सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर रही है उन्हीं के हिस्से का पोषण आहार अब भ्रष्ट व्यवस्था की बलि चढ़ता नजर आ रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि वर्षों से एक ही स्व-सहायता समूह मध्याह्न भोजन संचालन की जिम्मेदारी संभाले हुए है और उस पर किसी प्रकार का नियंत्रण नहीं है। न तो मीनू का पालन किया जा रहा है न भोजन की गुणवत्ता की निगरानी हो रही है और न ही स्वच्छता के मानकों का ध्यान रखा जा रहा है। परिणाम स्वरूप छोटे-छोटे बच्चों की सेहत के साथ खुलेआम खिलवाड़ किया जा रहा है। शासन ने सप्ताह के प्रत्येक दिन के लिए अलग-अलग पौष्टिक भोजन का मीनू निर्धारित किया है ताकि बच्चों को संतुलित आहार मिल सके। लेकिन घुघरी माल और वन ग्राम घुघरी के स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में यह मीनू केवल कागजों तक सीमित होकर रह गया है। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों को रोजाना वही साधारण और निम्न गुणवत्ता का भोजन परोसा जाता है जिसमें न पोषण है और न स्वाद। स्थिति इतनी गंभीर है कि कई बार बच्चों को सुबह मिलने वाला नाश्ता भी उपलब्ध नहीं कराया जाता। जब नाश्ता ही नहीं मिलेगा तो बच्चों को आवश्यक पोषण कैसे मिलेगा यह सबसे बड़ा सवाल बन गया है। इससे सबसे अधिक प्रभावित आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाले छोटे बच्चे हो रहे हैं जिनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए पौष्टिक भोजन बेहद आवश्यक माना जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि मध्याह्न भोजन संचालन कर रहा स्व-सहायता समूह वर्षों से एक ही स्थान पर बना हुआ है और उसकी कार्यप्रणाली पर कभी प्रभावी निगरानी नहीं की गई। इसी का परिणाम है कि समूह मनमाने ढंग से भोजन तैयार कर रहा है और बच्चों को जो मिल रहा है वह शासन के मानकों पर बिल्कुल खरा नहीं उतरता। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय-समय पर समूहों का मूल्यांकन और परिवर्तन होता रहता तो शायद यह स्थिति नहीं बनती। लेकिन विभागीय उदासीनता के कारण एक ही समूह वर्षों से अपना एकाधिकार बनाए हुए है। ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है। पहले भी कई बार इस पूरे मामले की शिकायत जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से की जा चुकी है। शिकायतों के बाद जांच दल गांव पहुंचा और जांच के दौरान कई अनियमितताएं भी सामने आईं। उस समय संबंधित समूह को हटाने और नए समूह को जिम्मेदारी सौंपने की प्रक्रिया शुरू होने की चर्चा भी हुई थी। लेकिन ग्रामीण आरोप लगाते हैं कि मामला आगे नहीं बढ़ सका। जांच के बाद सब कुछ ठंडे बस्ते में डाल दिया गया और वही पुराना समूह आज भी भोजन संचालन कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्यवाही होती तो आज बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन मिल रहा होता। मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता के साथ-साथ स्वच्छता व्यवस्था भी गंभीर सवालों के घेरे में है। घुघरी माल स्थित किचन शेड की हालत बेहद खराब बताई जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार रसोईघर के आसपास गंदगी का अंबार लगा रहता है। साफ-सफाई के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई जाती है। रसोई के आसपास मच्छरों और गंदगी का ऐसा माहौल है जहां भोजन तैयार करना भी स्वास्थ्य मानकों के खिलाफ माना जा सकता है। इसी अस्वच्छ वातावरण में बच्चों के लिए भोजन बनाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि दूषित भोजन से बच्चों में उल्टी दस्त फूड पॉइजनिंग और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा लगातार बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता पर ध्यान नहीं दिया गया तो इसका सीधा असर बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ेगा। सरकार कुपोषण दूर करने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है लेकिन जमीनी स्तर पर लापरवाही उस उद्देश्य को ही विफल कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो भविष्य में कोई बड़ी स्वास्थ्य संबंधी घटना भी सामने आ सकती है जिसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग और प्रशासन की होगी। लगातार अनदेखी से अब ग्रामीणों और बच्चों के अभिभावकों का धैर्य जवाब देने लगा है। उनका कहना है कि कई बार शिकायतों के बावजूद यदि व्यवस्था नहीं सुधर रही है तो यह प्रशासनिक उदासीनता का बड़ा उदाहरण है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे जिला मुख्यालय पहुंचकर आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। उनका कहना है कि बच्चों के अधिकारों से किसी भी कीमत पर समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

यदि जांच में अनियमितताएं सामने आती हैं तो वर्तमान स्व-सहायता समूह का अनुबंध तत्काल निरस्त किया जाए और उसकी जगह किसी नए जिम्मेदार एवं पारदर्शी स्व-सहायता समूह को भोजन संचालन की जिम्मेदारी दी जाए। साथ ही स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए ताकि बच्चों को शासन द्वारा निर्धारित मीनू के अनुसार स्वच्छ, ताजा और पौष्टिक भोजन मिल सके। मध्याह्न भोजन योजना केवल भोजन उपलब्ध कराने की योजना नहीं, बल्कि लाखों बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य से जुड़ी महत्वपूर्ण व्यवस्था है। यदि इसी योजना में लापरवाही और भ्रष्टाचार हावी हो जाए तो सबसे बड़ा नुकसान उन मासूम बच्चों का होता है, जिनके लिए यह योजना बनाई गई थी।



# आंगनबाड़ी में बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन

मण्डला(स्वतंत्रमत)।

विश्व स्तनपान सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर बूढ़ी माई वार्ड क्रमांक 23 स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में स्वास्थ्य एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की गर्भवती महिलाएं एवं धात्री माताओं किशोरी बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय श्रीमती उमा यादव ने अपना जन्मदिन बच्चों के बीच मनाकर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया।

उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र में उपस्थित बच्चों को फल मिठाई खिलौने एवं कपड़ों का वितरण किया। बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ दिखाई दिया। उपस्थित लोगों ने उनके इस मानवीय एवं सामाजिक कार्य की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान विश्व स्तनपान सप्ताह (1 से 7 अगस्त) के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। महिलाओं को बताया गया कि मां का दूध नवजात शिशु के लिए सर्वोत्तम एवं संपूर्ण आहार है जो शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ उसके शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर श्रीमती उमा यादव ने कहा कि जरूरतमंद बच्चों के साथ खुशियां बांटना उनके जीवन का सबसे सुखद अनुभव है। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों के प्रति संवेदनशीलता सहयोग और सेवा की भावना ही सच्ची समाजसेवा है।

# नवीन तहसील भवन का हुआ लोकार्पण

मण्डला (स्वतंत्र मत)।



नगर के नेहरू स्मारक चौराहे के समीप बने नवीन तहसील भवन का लोकार्पण शनिवार को किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके और सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने विधिवत पूजन शिला पट्टिका अनावरण एवं फीता काटकर भवन का शुभारंभ किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केबिनेट मंत्री श्रीमती उईके ने कहा कि पुराने तहसील भवन में हमारे राजस्व अधिकारियों और कर्मचारियों को वर्षों से असुविधाजनक परिस्थितियों में कार्य करना पड़ रहा था। बरसात के दिनों में छत टपकना जगह की कमी और बैठने की दिक्कत होती थी। इससे न सिर्फ कर्मचारियों को समस्या होती थी बल्कि आम नागरिकों को भी काम कराने में परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब नये भवन में तहसील कार्यालय शुरू होने से पुरानी दिक्कतें खत्म होंगी और राजस्व के कार्यों को गति मिलेगी उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश शासन ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए 8.10 करोड़ रुपये की लागत से एक भव्य तीन मंजिला तहसील कार्यालय का निर्माण कराया है। सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि यह सुविधा युक्त भवन मंडला तहसील के लोगों को समर्पित है जिले में घुघरी, नैनपुर, बिछिया और मंडला में अनुविभागीय कार्यालय बन चुके हैं तथा निवास का नवीन तहसील भवन भी लगभग तैयार है कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी प्रफुल्ल मिश्रा, जयदत्त झा, कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे, अपर कलेक्टर हुनेन्द्र घोरमारे, एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम, तहसीलदार हिमांशु भलावी सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

# आपदा मित्रों का प्रशिक्षण प्रारंभ

मण्डला (स्वतंत्र मत)।

आपदा के समय त्वरित राहत और बचाव कार्य के लिए जिले में आपदा मित्र योजना के तहत 7 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ गुरुवार को होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ प्रशिक्षण भवन में हुआ। मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गृह विभाग के निर्देशों पर आयोजित इस प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से 120 युवक-युवतियां भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण का शुभारंभ कलेक्टर ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट नरेश कुमार साहू ने प्रशिक्षण की भूमिका और कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी।

# बच्चों से मिलने मुस्कान सेंटर पहुंचे कलेक्टर

मण्डला (स्वतंत्र मत)।



कलेक्टर ने जिला मुख्यालय के सिंहवाहिनी वार्ड स्थित मुस्कान रिहैबिलिटेशन सेंटर में विशेष बच्चों से मुलाकात की। कलेक्टर ने इस दौरान मुस्कान रिहैबिलिटेशन सेंटर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुस्कान रिहैबिलिटेशन सेंटर की सह सचिव डॉ. राशि पटेल ने बताया कि कलेक्टर ने मुस्कान रिहैबिलिटेशन सेंटर का भ्रमण कर यहां संचालित विभिन्न नि:शुल्क सेवाओं ने बारे में विस्तार से जानकारी ली।

इस सेण्टर ने विशेष बच्चों की हर जरुरत का ख्याल रखा जाता है। उन्हें महानगरों की तर्ज पर मंडला में ही ऑक्यूपेशनल थेरेपी, फिजियोथैरेपी, स्पीच थेरेपी और स्पेशल एजुकेशन पूर्णत: नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाती है। यहां ऐसे बच्चों के जीवन को आसान बनाने की कोशिश की जाती है जिनको व्यवहार संबंधित परेशानियां है। जैसे ध्यान लगाना बिस्तर गीला करना वॉशरूम ट्रेनिंग खाने की समस्या को दूर करता है।

इस केंद्र में शैक्षणिक समस्या से भी बच्चों को निजात दिलाने कोशिश की जा रही है जिसमें शामिल है खाने की तकलीफ वाले बच्चों की मुश्किल को आसान करना और उन्हें आसानी से खाना खाने के लिए तैयार करना।

उनकी पढ़ाई की समस्या को दूर करना उनकी समझने की कमी को दूर करना हैंडराइटिंग प्रॉब्लम को दूर करना और गणित की समस्या को दूर करना। इसके अलावा व्यक्तित्व संबंधित परेशानियों को लेकर भी यहां के दक्ष ट्रेनर बच्चों की चिंता बातचीत करने में परेशानी डरने की समस्या अतिबातूनीपन की समस्या को भी दूर करने का प्रयास करते हैं। ऑटिज्म सेरेब्रल पाल्सी, विकास में विलंब स्पीच प्रॉब्लम व सीखने की कमी जैसी समस्याओं पर भी कारगर कार्य किया जा रहा है।

इस सेण्टर में न सिर्फ मंडला बल्कि प्रदेश के अन्य जिलों व अन्य राज्य से भी बच्चे स्वास्थ्य लाभ ले रहे है। कलेक्टर ने विशेष बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों से भी बात कर सेण्टर का फीडबैक हासिल किया। उन्होंने सेण्टर की व्यवस्थाओं पर खुशी जाहिर करते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाय। इस दौरान एडवोकेट मनोज फागवानी, डॉ. अंकित पटेल, श्रीमती मंजू फागवानी सहित विशेष बच्चे उनके अभिभावक व स्टॉफ उपस्थित था।

# अमरकंटक में मां नर्मदा का पूजन कर मनाई गुरूपूर्णिमा



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** गुरुपूर्णिमा के अवसर पर जय जय मां रेवा सेवा समिति 21 वर्षों की पुरानी परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी श्रद्धालुओं को अमरकंटक धाम की यात्रा कराई। मंडला झूला पुल स्थित मां नर्मदा तट पर पूजा-अर्चन के बाद श्रद्धालुओं का जत्था बस से अमरकंटक के लिए रवाना हुआ और गुरु पूर्णिमा पर अमरकंटक पहुंचकर श्रद्धालुओं ने मां की बगिया में मां नर्मदा का विधि-विधान से पूजन महाआरती और चुनरी अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। पूजन के बाद समिति की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यहां पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित कर सेवा की गई। कार्यक्रम उपरांत माई बगिया में मां शारदा सुंदरकांड भजन मंडल समिति के द्वारा संगीतमय भक्ति कार्यक्रम आयोजित किया। समिति प्रमुख संतोष कछवाहा और उनकी टीम ने भजनों की ऐसी प्रस्तुति दी कि श्रद्धालु भक्ति में झूम उठे। वहीं जय जय मां रेवा सेवा समिति सदस्य अर्जुन कछवाहा ने बताया कि समिति पिछले 21 वर्षों से लगातार गुरु पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं को अमरकंटक धाम ले जा रही है। उनका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को मां नर्मदा के दर्शन कराना है। समिति मां नर्मदा को ही अपना गुरु स्वरूप मानती है। समिति के रघुनन्दन करोसिया (रघु बब्बा) ने बताया कि कई श्रद्धालु इच्छा होने के बावजूद अमरकंटक नहीं जा पाते। ऐसे लोगों को दर्शन कराने और परिक्रमावासियों की सेवा के उद्देश्य से यह यात्रा आयोजित की जाती है। उन्होंने बताया कि समिति हर वर्ष शीतकाल में मंडला में उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा का भी आयोजन करती है जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। गुरु पूर्णिमा के दूसरे दिन मंडला के झूला पुल स्थित जय जय श्री दादाजी महाराज दरबार में भी गुरूदीक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने गुरुदेव का पूजन कर आशीर्वाद लिया। धार्मिक यात्रा को सफल बनाने में रितेश धौलपुरिया, अर्जुन कछवाहा, प्रहलाद लाहोरी, अभिनाश अग्रवाल, सोनल बर्मन, अमर लहोरिया, विनोद सोनकेशरी, रोहित चावरे, सुदामा राठौर, अनिल सिंहानी, रिंकू कछवाहा, पप्पू कछवाहा, भवानी चक्रवाती, बंटू परस्ते, पवन कांसकार, बादल मालवानी, गोल्डी गुप्ता, जय धौलपुरिया, नवनीत नामदेव सहित सदस्यों का योगदान रहा।

# वित्तीय साक्षरता शिविर

मण्डला (स्वतंत्र मत)।

वित्तीय साक्षरता केंद्र के तत्वावधान में ग्राम पंचायत घुटास विकासखंड मवई में एकल विद्यालय की प्रशिक्षण बैठक के दौरान वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में वित्तीय साक्षरता केंद्र के अधिकारी कृष्णकांत अवस्थी ने उपस्थित प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अटल पेंशन योजना सहित बैंक की विभिन्न जमा एवं ऋण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

# संचालक पर दर्ज हो एफआईआर

मण्डला (स्वतंत्र मत)।



कुछ दिन पूर्व 108 एम्बुलेंस में ऑक्सीजन की कथित कमी के कारण 21 वर्षीय युवक अजीत बरया की हुई मृत्यु के मामले को लेकर बिछिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक नारायण सिंह पट्टा ने जिला कलेक्टर से मुलाकात कर उन्हें लिखित पत्र देकर एम्बुलेंस संचालन कम्पनी के संचालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने मांग की है। पत्र में विधायक ने 108 एम्बुलेंस संचालन करने वाली कंपनी जयेस जय अम्बे एम्बुलेंस सर्विस के संचालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने तथा मृतक अजीत बरया के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने मांग की।

उन्होंने जिले में संचालित समस्त एम्बुलेंस के फिटनेस सहित समस्त तरह की जांचे भी करने एवं प्रतिमाह सत्यापित किये जाने वाले बिलों की भी जांच कर कार्यवाही करने मांग की है।

# धर्मेंद्र चक्रवर्ती बने दक्ष प्रजापति आर्मी के मंडला जिला अध्यक्ष



**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** दक्ष प्रजापति आर्मी मध्यप्रदेश ने समाज के प्रति सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ता धर्मेंद्र कुमार चक्रवर्ती (प्रजापति), निवासी सालीवाड़ा को संगठन का मंडला जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति प्रदेश कोर टीम द्वारा समाज सेवा, संगठन के प्रति समर्पण एवं सक्रिय योगदान को देखते हुए की गई है। संगठन द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में कहा गया है कि धर्मेंद्र कुमार चक्रवर्ती को मंडला जिले में संगठन को मजबूत करने, प्रजापति समाज को एकजुट करने तथा समाजहित से जुड़े कार्यों को गति देने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनसे अपेक्षा की गई है कि वे शीघ्र ही जिला कोर टीम का गठन कर संगठन की गतिविधियों का विस्तार करेंगे और समाज के अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का कार्य करेंगे। नियुक्ति के बाद समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं एवं शुभचिंतकों ने धर्मेंद्र कुमार चक्रवर्ती को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी हैं।

# प्रस्फुटन समितियों का प्रशिक्षण

मण्डला (स्वतंत्र मत)।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड बिछिया द्वारा जनपद पंचायत सभागार में संवाद योजना अंतर्गत प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम के तहत ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की विकासखंड स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान आरक्षक कमलेश श्रीवास, प्रधान आरक्षक जितेंद्र सिंह परते, सामाजिक कार्यकर्ता प्रहलाद धुर्वे, रामसनेही यादव, जिला समन्वयक सुशील बर्मन तथा विकासखंड समन्वयक श्रीमती कीर्ति कुरील की उपस्थिति में हुआ।

# वेयरहाउस संचालकों ने बनाई कार्यकारिणी

मण्डला (स्वतंत्र मत)



जिले के वेयरहाउस संचालकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों के वेयरहाउस संचालकों ने सहभागिता की। बैठक का मुख्य उद्देश्य वेयरहाउस संचालकों को एक साझा मंच पर संगठित करना उनकी समस्याओं एवं व्यावसायिक हितों के लिए सामूहिक रूप से कार्य करना तथा शासन-प्रशासन एवं संबंधित विभागों के समक्ष प्रभावी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना रहा बैठक में उपस्थित सदस्यों की सहमति से वेयरहाउस एसोसिएशन की कार्यकारिणी का गठन किया गया। डॉ. अशोक मर्सकोले को अध्यक्ष बनाया गया संगठन में तीन उपाध्यक्ष राकेश दुबे, पीयूष खंडेलवाल एवं देवाशीष अग्रवाल बनाया गया है। इसी प्रकार जतिन श्रीवास्तव सचिव, मयंक साहू सहसचिव, धीरज अग्रवाल कोषाध्यक्ष तथा डॉ. मोहित साहू को मीडिया प्रभारी बनाए जाने के प्रस्ताव पर उपस्थित सदस्यों द्वारा सहमति व्यक्त की गई। कार्यकारिणी गठन के पश्चात बैठक में वेयरहाउस संचालकों से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण समस्याओं एवं विषयों पर चर्चा हुई सदस्यों ने उपार्जन एवं भंडारण व्यवस्था, वेयरहाउस आवंटन एवं मैपिंग, विभागीय प्रक्रियाओं, परिवहन, भुगतान तथा संचालन के दौरान आने वाली विभिन्न व्यावहारिक समस्याओं पर अपने विचार एवं अनुभव साझा किए।

# स्टेशन में थम गई सांस रामटेक के यात्री की मौत

नैनपुर (स्वतंत्र मत)।

जीवन की डोर कब और कहां टूट जाए, यह कोई नहीं जानता। नैनपुर रेलवे स्टेशन पर उस समय एक मार्मिक घटना सामने आई, जब रामटेक (नागपुर) निवासी लगभग 60 वर्षीय मनोज तिवारी अचानक ही हमेशा के लिए खामोश हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मनोज तिवारी स्टेशन परिसर में बैठे हुए थे। कुछ ही पलों में उनकी हालत बिगड़ी और वे फिर उठ नहीं पाए। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत मदद की कोशिश की, लेकिन तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं।घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल नैनपुर भेजा गया है, ताकि मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता चल सके।

स्टेशन पर हुई इस अचानक घटना ने हर किसी को स्तब्ध कर दिया। एक पल में सब कुछ सामान्य था और अगले ही पल एक ज़िंदगी खामोशी में बदल गया। यह दृश्य वहां मौजूद लोगों के दिलों को झकझोर गया।

# मानसून में बरकरार रखें... फैशन का टशन



**मानसूनी फुहारों में भीगना तो आपको पसंद ही होगा पर इस मौसम में सबसे ज्यादा परेशानी तब होती है, जब बारिश में भीगने के बाद कपड़ों और बालों समेत आपके पूरे लुक का हाल-बेहाल हो जाता है। इसका मतलब यह कतई नहीं कि इस मौसम में भीगने से बचने के लिए बाहर ही न निकलें या फैशनेबल दिखने में कोई कमी रखें।**

भीगे मदमस्त मौसम में भरपूर लुत्फ उठाइए। इसके बावजूद यंगस्टर्स को जो समस्या परेशान कर रही है, वो है फैशन की। बरसात के मौसम में कैसे दिखाएं फैशन का जलवा? कैसे कोई मिटे उनकी खूबसूरत दिल लुभाने वाली अदा पर? चाहे मौसम कोई भी क्यों न हो, खुद को अपडेट रखते हुए हर कोई फैशन का लुत्फ उठा सकता है तो कुछ इस तरह रखे खुद को फैशनेबल। भीगे मौसम में कुछ इस तरह का स्टाइल अपनाएं, जो आपके लुक को सूट करे और आपको सबसे जुदा-जुदा फील कराए।

### फैब्रिक के साथ एक्सपेरिमेंट

फैशन की बात करें तो हम पाएंगे कि आजकल के युवा फिल्म स्टार्स से प्रेरित होकर उनके स्टाइल को अपना रहे हैं। कैटरीना या करीना की ट्रांसपरंट साड़ी और ब्राइट ब्लाउज महिलाओं को आकर्षित कर रहे हैं। इन साड़ियों का कलेक्शन आप उनके वार्डरोब में हमेशा पाएंगे। अधिकतर फैशन डिजाइनर यंगस्टर्स के लिए फैशन क्रिएट करते हैं।

### हमेशा रहें कम्फर्ट जोन में

अगर ऑफिस जाती हैं तो खुद को कैसे रखेंगी बारिश में फैशनेबल, इस बात का खास ख्याल रखना पड़ता है। बारिश में आप चाहे जो भी कपड़े पहनें, वो कम्फर्ट हों, साथ ही कॉटन के या मोटे न हों, क्योंकि अगर कपड़े भीग जाएंगे तो जल्दी सूखेंगे नहीं। इसलिए ऑफिस गोइंग गर्ल्स, वुमंस को हमेशा हलके जैसे सिंथेटिक या जार्जेट के कपड़े पहनने चाहिए। ये जल्दी सूखते हैं और कम्फर्टेबल होते हैं।

### मूड के अनुसार हो वियरिंग

ब्लाउजेस, शर्ट्स, टाई और अन्य एसेसरीज जैसे नेक पीसेस, स्कार्व्स, बैग्स और शूज में वैराइटी के कारण वे अपनी वेयरिंग स्टाइल को मन मुताबिक या मौसम के मिजाज के तौर पर ढाल सकते हैं। आप इस मौसम में जींस की जगह कैप्री, ट्राउजर जिगजैंग कुछ और ट्राई कर सकती हैं।

### यूज करें सिंथेटिक फैब्रिक

मानसून में अक्सर कपड़े भीग जाते हैं। ऑफिस में आप गीले कपड़ों के साथ तो नहीं बैठ सकतीं, इसलिए हल्के कपड़े पहनें। थिन कॉटन के अलावा आप सिंथेटिक फैब्रिक का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। ये आसानी से धुल जाते हैं और गीले होने पर भी जल्दी सूख जाते हैं।

### जींस का मोह छोड़ें

जींस टाइट होती है और भीगने के बाद ये शरीर से चिपक जाती है। कॉटन चिनॉस हल्का और लूज होता है। इसे पहनने पर आप खुद को अनकम्फर्टेबल महसूस नहीं करेंगी।

### ट्राई करें हरा रंग

ईव्स ब्यूटी पार्लर की एक्सपर्ट अंजू कालरा बताती हैं, इस मौसम में आप चाहे जितना बचें, थोड़ा बहुत भीग ही जाती हैं। ऐसे में बारिश में हैवी मेकअप के बजाय हल्का और नेचुरल मेकअप करें। हां, फैशनेबल दिखने के लिए ब्राइट रंग की वॉटरप्रूफ लिपस्टिक लगाएं। मानसून रंगों के साथ प्रयोग करने का उत्तम समय है। नए-नए कलर ट्राई करें और अपने आपको नया लुक दें।

### कम्फर्ट लुक दें फुटवियर



ऐसे शूज का चुनाव करें, जो पैरों को बरसात में जमा होने वाले पानी से सुरक्षित रख सकें। लेदर के शूज से दूर रहें। अगर आप लेदर के शूज पहनेंगी तो इस बात का ख्याल रखें कि वो पानी में भीगे नहीं। बरसात के मौसम में पानी से तरबतर होना कौन नहीं चाहेगा? यंगस्टर्स की बात करें तो उन्हें भीगने का सिर्फ बहाना चाहिए। ऐसे में यह जरूरी है कि उनका ड्रेसिंग स्टाइल कम्फर्टेबल हो।



### स्टाइल का रखें ध्यान

कुछ भी पहनने से पहले अपने बॉडी टाइप को ध्यान में रखें। आपका वेयरिंग स्टाइल आपकी बॉडी को फ्लैटर करें। आज के जमाने का स्टाइल हर तरह की बॉडी के लिए परफेक्ट है। इस सीजन में आप ब्राइट कलर्स के कपड़े पहन सकती हैं। रंगीन कपड़े आपके मूड को भी रंगीन बना देंगे। इन दिनों फ्लोरल प्रिंट्स का चलन भी अधिक है। यह यंग और फ्रेश लुक प्रदान करता है।


- मानसून में बहुत जरूरी है कि आप मॉइश्चराइजर का प्रयोग जरूर करें।
- मेकअप में वाटरप्रूफ और स्मज-फ्री प्रोडक्ट्स का ही प्रयोग करें।
- स्मजप्रूफ काजल पेंसिल का प्रयोग करें।
- पिंक, ग्रीन और ब्ल्यू जैसे कलर ही सीजन में इन हैं, क्योंकि बोल्ड कलर आपको फ्रेश लुक भी देंगे और ज्यादा समय तक टिकेंगे भी।
- फाउंडेशन न्यूड या लाइट पीच कलर का अप्लाई करें।
- फाउंडेशन की जगह लाइट मूस इस मौसम में अच्छा ऑप्शन है।
- डार्क स्पॉट्स और दाग-धब्बों के लिए कंसीलर अप्लाई करें।
- बहुत बोल्ड लुक के बजाय सिंपल लुक क्रिएट करें, जैसे स्मोकी आइज की जगह सिंपल कलर्ड लाइनर से पतली लाइंस अप्लाई कर आई मेकअप करें।
- आई मेकअप और फेस मेकअप के लिए गेंटल और सॉफ्ट कलर्स यूज करें।
- डे लुक के लिए पेस्टल शेड्स के आईशैडो बेस्ट होते हैं।
- लिप ग्लास अवॉयड करें, क्योंकि वो स्मज हो जाता है। क्रीमी फिनिश वाला मैट लिप कलर बेहतर ऑप्शन है।



**कपड़ों की तरह एसेसरीज का फैशन भी बदलता ही रहता है। लड़कियां हैवी की बजाय फंकी और स्ट्रीट स्टाइल एसेसरीज को ज्यादा पसंद कर रही हैं, क्योंकि यह कैरी करने में काफी कंफर्टेबल होती हैं।**

आउटफिट के साथ मैच करें

## फंकी-चंकी एसेसरीज



भले ही आप आउटफिट्स के साथ एसेसरीज वियर करें या न करें, लेकिन इनके बिना आपकी महंगी ड्रेस भी ग्रेस नहीं करतीं। यह आपकी आउटफिट को परफेक्ट लुक देती है, क्योंकि यह आउटफिट के साथ अहम रोल निभाती हैं। एसेसरीज का मतलब, सिर्फ गले के नेकलेस या कानों के झुमके व ईयररिंग से नहीं, बल्कि आजकल हाथ, पैर और कमर की एसेसरीज भी खूब ट्रेंड में चल रही हैं। फंकी-चंकी एसेसरीज में चोकर, ब्रेसलेट, बीडेड नेकलेस, लेयर्ड चेन और रिंग काफी कुछ शामिल है। रिंग भी आपके हाथों को अलग ही लुक देती हैं। इन दिनों फंकी लुक में शाइनी, बड़ी व बोल्ड क्लासी रिंग्स का क्रेज देखने को मिल रहा है। वेस्टर्न हो या ट्रेडिशनल, पार्टी टाइम हो या सिंपल आउटिंग, स्टेटमेंट रिंग को आप अपनी आउटफिट्स के साथ मैच करके पहन सकती हैं।

### मल्टीपल स्टेटमेंट रिंग्स

मल्टीपल यानी की बहुत सारी। आजकल हाथों की सारी उंगलियों में मल्टीपल रिंग्स पहनना काफी पसंद किया जा रहा है। इसमें आप स्टोन और बिना स्टोन दोनों तरह की रिंग्स सिलेक्ट कर सकती हैं या फिर दोनों को मिक्स भी कर सकती हैं। अगर आप बोल्ड लुक चाहती हैं तो हाथों की 4 उंगलियों में बड़ी रिंग्स का चुनाव करें। स्टोन कलर की च्वाइस आप अपनी आउटफिट्स से मैच कर सकती हैं। अगर आप सिंगल रिंग ही पहनना चाहती हैं तो इंडेक्स फिंगर में स्टोन वाली या बड़ी बोल्ड रिंग काफी शानदार लगती है। वैसे इसे आप सेंटर फिंगर में भी ट्राई करेंगी तो अच्छी लगेंगी।

### विंटेज रिंग्स

विंटेज फैशन रिंग्स का खूब ट्रेंड चल रहा है। मेटल में विंटेज वर्क के साथ चंकी जेम स्टोन रिंग आपको रॉयल सी लुक देती है। इन दिनों मेटल वर्क वाली और पिच विंटेज रिंग खूब चल रही हैं।

### लेयर्ड रिंग्स

लेयर्ड नेकलेस और चेन की तरह रिंग्स भी काफी एट्रेक्टिव लगती है। लेयर्ड रिंग्स में एक नहीं, बल्कि छोटी-बड़ी व स्लीक रिंग्स का पूरा सेट होता है, जिसे आप अपनी सारी उंगलियों में अपने हिसाब से सेट कर सकती हैं।



## पुराने फुटवियर का यूं कर सकती हैं मेकओवर...

**अक्सर फुटवियर का रंग थोड़ा हल्का पड़ जाने के बाद हम उसे अपने कलेक्शन से आउट कर देते हैं। यदि आपका कोई फुटवियर पुराना हो चुका है या आप उससे बोर हो चुकी हैं तो उसे डिजाइनर बनाकर री-यूज़ कर सकती हैं। इस बात का ध्यान रखें कि शूज़ पर नैट को खींचकर लगाना है, ताकि उस पर सिलवटें न पड़ें तथा वह भद्दा न दिखाई दे। आप चाहें तो ब्राइट पर लाइट एवं लाइट कलर के शूज़ पर ब्राइट नैट लगा सकती हैं। उसे और अधिक संवारने के लिए आप उस पर एक-एक रेडिमेड फ्लॉवर भी लगा सकती हैं।**



### स्टोन

रोजाना इस्तेमाल होने वाले फुटवियर को आप स्टोन से सजा सकती हैं। फुटवियर की पतली स्ट्रीप में आप कोई भी रंगीन स्टोन लगा दें और ऊपर से रिबन का छोटा फ्लावर बना के चिपका दें।

### पुराने बटन

फुटवियर को ट्रेंडी लुक देने के लिए आप पुराने बटन का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। अगर आपके पास फ्लैट बैली है तो उस पर अलग-अलग रंग के पुराने बटन लगाकर इसे स्टाइलिश लुक दें।

### नैट की झलक

यदि आप किसी फुटवियर को सिंपल होने के कारण नहीं पहनना चाहतीं तो उस पर नैट चढ़ा दें। ब्लैक नैट लें और अपने पुराने फुटवियर पर ग्लू की मदद से उसे चिपका दें और फिर उसे सूखने के लिए धूप में रख दें। जब नैट सूख कर उस पर अपनी पकड़ मजबूती से बना ले तो एक्स्ट्रा नैट काट दें।

### मिरर

बाजार में छोटे मिरर आसानी से मिल जाएंगे। इन मिरर से आप अपनी हिल्स या शूज को एक अलग लूक दे सकती हैं।

### स्पार्कल ग्लू

स्पार्कल ग्लू की मदद से आप अपने शूज को एक नया लुक दे सकती हैं। शूज के ऊपर आप स्पार्कल ग्लू से कोई भी डिजाइन बना दें। जैसे- छोटे फ्लावर या कार्टून आदि। या तो ग्लीटर से भी लुक चेंज कर सकती हैं।

### स्टीकर

आपने मार्केट में भी बहुत से ऐसे फुटवियर देखे होंगे, जिन पर स्टीकर लगे होते हैं। बेहतर होगा कि इन्हें मार्केट से खरीदने के बजाए घर पर खुद स्टीकर से फुटवियर को ट्रेंडी लुक दें।

## मानसून आते ही चेहरे पर बढ़ रही हैं झाइयां?

**मानसून के दौरान आर्द्रता और बादलों के बीच से आने वाली यूवी किरणें त्वचा में पिगमेंटेशन की समस्या को बढ़ा देती हैं। अक्सर लोग धूप न होने पर सनस्क्रीन छोड़ देते हैं, जो झाइयों का मुख्य कारण बनता है, इसलिए सही स्किन केयर रूटीन अपनाना अनिवार्य है। मानसून स्किन केयर, झाइयां, पिगमेंटेशन, यूवी किरणें, सनस्क्रीन।**

मानसून के समय कई स्किन प्रॉब्लम्स का सामना करना पड़ सकता है। इस दौरान चेहरे की झाइयां यानी पिगमेंटेशन आपकी खूबसूरती को कम कर सकती हैं। ज्यादातर लोगों को झाइयां केवल तेज धूप और गर्मी के कारण होती है, लेकिन ऐसा बिल्कुल भी नहीं है, क्योंकि मानसून में भी त्वचा पर झाइयां बढ़ सकती है। मानसून के समय झाइयां काफी बढ़ जाती है। आइए आपको इसके पीछे की असली वजह और बचाव के आसान तरीके बताते हैं।

### मानसून में क्यों बढ़ती है झाइयों की समस्या?

डर्मेटोलॉजिस्ट एक्सपर्ट के मुताबिक, मानसून के समय अक्सर चेहरे पर झाइयां तेजी से बढ़ने लगती है। इस मौसम में बादलों के बीच से आने वाली हानिकारक यूवी किरणें और उमस त्वचा तक पहुंचती हैं। हवा में नमी और पसीने की वजह से स्किन पर झाइयां ज्यादा उभकर दिखने लगती हैं, जो चेहरे की खूबसूरती को कम कर सकते हैं।

### मानसून में पिगमेंटेशन बढ़ने के मुख्य कारण

- बरसात के मौसम में हवा में नमी बढ़ जाती है, जिससे चेहरा बार-बार चिपचिपा हो जाता है। इस चिपचिपे चेहरे पर धूल-मिट्टी आसानी से जमने लगती है, जो झाइयों का एक बड़ा कारण बन जाती है।
- खासकर कुछ लोग सिर्फ तेज धूप में ही सनस्क्रीन का इस्तेमाल करते हैं और बारिश के दिनों में इसे लगाना बंद कर देते हैं। लेकिन आप नहीं जानती है यह आपकी सबसे बड़ी गलती बन जाती है। इस मौसम में चाहे कोई भी हो, सनस्क्रीन लगाने से त्वचा प्रोटेक्ट रहती है और झाइयां, पिंपल्स व रैशेज जैसी परेशानियों कम होती हैं।
- कई बार लोग बरसात के पानी में बार-बार चेहरा को धोते हैं और स्क्रब करते हैं। वे सोचते हैं कि स्क्रब से उनकी स्किन झाइयां कम होंगी और टैनिंग हट जाएगी। हलांकि जरुरत से ज्यादा प्रोडक्ट्स यूज करने से स्किन को रगड़ने से जलन और पिगमेंटेशन बढ़ सकती है।



### झाइयों से बचने के लिए अपनाएं ये आसान टिप्स

- ऊपर बताई हुई गलतियों को भूलकर भी न करें। ऐसा करने से झाइयों से बचने में मदद मिलेगी।
- यदि आप घर से बाहर निकले, चाहे धूप हो या बादल, चेहरे पर सनस्क्रीन जरुर लगाएं। आप अपनी स्किन टाइप के हिसाब से सही सनस्क्रीन चयन कर सकती हैं।
- चेहरे की गंदगी साफ करने के लिए हार्श केमिकल वाले प्रोडक्ट्स की जगह माइल्ड फेस वॉश का इस्तेमाल करें। जिससे चेहरा का एक्स्ट्रा ऑयल और पसीना साफ हो जाए और पिगमेंटेशन का खतरा भी कम रहेगा।

## बेसन के ये ब्यूटी सीक्रेट्स आपकी स्किनकेयर रूटीन बदल देंगे



बेसन एक ऐसा फूड इंग्रीडिएंट है, जो हर भारतीय किचन में मौजूद होता ही है। अमूमन लोग इसकी मदद से तरह-तरह की डिश बनाते हैं, लेकिन यह स्किन के लिए भी बहुत अधिक फायदेमंद माना गया है। बेसन की मदद से फेस पैक तो हम सभी ने कभी ना कभी जरूर लगाया है। लेकिन यह जरूरी नहीं है कि हर बार बेसन से फेस पैक ही बनाया जाए। बेसन की खासियत यह है कि यह त्वचा की गंदगी हटाने, अतिरिक्त तेल को नियंत्रित करने और त्वचा को मुलायम बनाने में मदद कर सकता है। इसलिए, आप इसे अपने नियमित स्किनकेयर का एक नेचुरल हिस्सा बना सकते हैं। हालांकि, अगर आपकी स्किन बहुत संवेदनशील है या आपको एलर्जी है, तो पहले पैच टेस्ट जरूर करें। तो चलिए जानते हैं कि बेसन को अपने स्किन केयर रूटीन में किस तरह शामिल करें-

**प्राकृतिक क्लींजर की तरह करें इस्तेमाल**- स्किन की सफाई करने के लिए आप बेसन को एक प्राकृतिक क्लींजर की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले दो चम्मच बेसन लें। अब इसमें थोड़ा दूध या गुलाब जल मिलाकर पेस्ट बनाएं। चेहरे और गर्दन पर हल्के हाथों से मसाज करें। करीबन 2-3 मिनट बाद पानी से धो लें।

**डेड स्किन हटाने के लिए करें एक्सफोलिएट**- अपनी स्किन की केयर करने के लिए आपको हर बार महंगे स्क्रब का इस्तेमाल करने की रूरत नहीं है। इसे एक हल्के एक्सफोलिएटर के रूप में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। स्किन को एक्सफोलिएट करने के लिए बेसन में थोड़ा सा ओट्स पाउडर और दही मिलाएं। अब चेहरे पर हल्के गोलाकार मूवमेंट में मसाज करें और 1-2 मिनट बाद धो लें। हालांकि, इसे सप्ताह में बस 1 से 2 बार ही इस्तेमाल करें।

**टैन हटाने के लिए करें इस्तेमाल** - अगर आप धूप में लंबे समय तक रहते हैं तो ऐसे में टैनिंग को कम करने के लिए बेसन का उपयोग किया जा सकता है। टैनिंग कम करने के लिए आप बेसन में दही व एक चुटकी हल्दी डालकर मिक्स करें। इसे सप्ताह में 2 बार लगाएं। हालांकि, याद रखें कि यह सनस्क्रीन का विकल्प नहीं है। टैनिंग से बचने के लिए हमेशा एसपीएफ वाला सनस्क्रीन जरूर लगाएं।

# हमास हथियार डालने के लिए तैयार लेकिन इजरायल चुप


## गाजा पट्टी में जारी खूनी जंग के बीच आखिर क्या चल रहा है?

वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की पहल वाली शांति योजना के अनुसार हमास कुछ शर्तों के साथ हथियार डालने के लिए तैयार हो गया है लेकिन इजरायल ने अभी इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

ट्रंप ने कहा है कि हमास के हथियार डालने के लिए तैयार होने से क्षेत्रीय शांति के लिए उनकी योजना ऐतिहासिक मुकाम पर पहुंच गई है। दावा किया कि हमास के निर्णय से इजरायल बहुत खुश है।

शांति योजना के द्वितीय चरण को लागू करने के लिए पिछले कई दिनों से मिस्र की राजधानी काहिरा में मध्यस्थों और हमास प्रतिनिधियों के बीच वार्ता चल रही थी। वार्ता के बीच गाजा पर इजरायल के हमलों में दो बच्चों समेत छह लोग मारे गए हैं।




ट्रंप ने इंटरनेट मीडिया पोस्ट में कहा है कि हमास संपूर्ण निशस्त्रीकरण के लिए तैयार हो गया है। फलस्तीनी संगठन के हथियार छोड़ने की प्रक्रिया चरणबद्ध होगी। इससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का वातावरण बनेगा।

हमास के हथियार छोड़ने के साथ ही गाजा में सत्ता के हस्तांतरण की प्रक्रिया भी चलेगी। फिलहाल वहां पर हमास सत्ता पर काबिज है। सत्ता का हस्तांतरण किसी फलस्तीनी संगठन को होगा।

इस बीच हमास की ओर से वार्ता कर रहे दल के सदस्य गाजी हमाद ने स्पष्ट किया है कि हथियार छोड़ने की प्रक्रिया शुरू होने से पहले इजरायली सेना को गाजा पट्टी से हटना होगा, हमले बंद करने होंगे और गाजा को आने वाली मानवीय सहायता के रास्ते से बाधाएं हटानी होंगी।

हमास सूत्र के अनुसार संगठन अपने भारी हथियार गाजा पट्टी की फलस्तीनी सरकार को सौंपेगा जो कभी भी इजरायल नहीं भेजे जाएंगे।

इजरायल की चुप्पी से अमेरिका प्रक्रिया की सफलता को लेकर आशंकित हो गया है। ट्रंप प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार हमास के पूर्ण रूप से हथियार छोड़ने के लिए तैयार होने को लेकर इजरायल आशंकित है। लेकिन हमें विश्वास है कि इजरायल अमेरिकी योजना पर आगे बढ़ेगा।

अगर ऐसा नहीं हुआ तो यह राष्ट्रपति ट्रंप के लिए बहुत ज्यादा निराशाजनक होगा। एक प्रश्न के उत्तर में योजना को अंजाम देने के लिए गठित शांति परिषद के अधिकारी ने बताया कि द्वितीय चरण की प्रक्रिया 200 दिनों से 320 दिनों के बीच पूरी होगी।

## वाइस एडमिरल प्रमोद ने नौसेना के डिप्टी चीफ का कार्यभार संभाला

**नयी दिल्ली(वार्ता)।** वाइस एडमिरल ए एन प्रमोद ने शनिवार को यहां नौसेना के डिप्टी चीफ के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। रक्षा मंत्रालय ने आज यहां बताया कि गोवा स्थित नौसेना अकादमी के 38वें एकीकृत कैडेट पाठ्यक्रम के पूर्व छात्र, वाइस एडमिरल ए एन प्रमोद एक जुलाई 1990 को भारतीय नौसेना में शामिल हुए थे। फ्लैग ऑफिसर श्रेणी %ए% के सी किंग एयर ऑपरेशंस ऑफिसर और संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक युद्ध विशेषज्ञ हैं । वे वेलिंगटन स्थित रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज और गोवा स्थित नौसेना युद्ध महाविद्यालय के नौसेना उच्च कमान पाठ्यक्रम के भी पूर्व छात्र हैं। छत्तीस वर्षों से अधिक लंबे विशिष्ट करियर में फ्लैग ऑफिसर ने नौसेना में जहाज पर और तट पर दोनों में कमान, संचालन, प्रशिक्षण और स्टाफ से संबंधित कई पदों पर कार्य किया है। नौसेना में उनके प्रमुख पदों में गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर आईएनएस राजपूत के कार्यकारी अधिकारी, पनडुब्बी रोधी गश्ती पोत आईएनएस अभय, लैंडिंग शिप टैंक (बड़ा) आईएनएस शार्दुल और गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस सतपुड़ा की कमान शामिल हैं।

# स्पेन-मोरक्को बॉर्डर संकट में मरने वालों की संख्या 67 हुई, हजारों लोग वापस लौटे, कई समुद्र में डूबे

मैड्रिड



स्पेन और मोरक्को के बीच चल रहे सेउटा सीमा संकट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 67 हो गई है। स्पेनिश सरकार ने शनिवार को यह जानकारी दी। मारे गए लोगों में से कुछ की मौत समुद्र में डूबने से हुई, जबकि कुछ समुद्री दीवार यानी ब्रेकवाटर बैरियर पार करते समय मची भगदड़ का शिकार हो गए।

गुरुवार और शुक्रवार के बीच लगभग 60,000 प्रवासियों ने स्पेन के इस छोटे से क्षेत्र की सीमा में घुसपैठ की। इस भारी घुसपैठ के बाद, स्पेन ने घोषणा की है कि वह समुद्र में ब्रेकवाटर बाड़ के साथ-साथ 500 मीटर लंबा एक नया कंटेनमेंट बैरियर स्थापित कर रहा है।

**प्रवासियों पर सेना की कार्रवाई**

शनिवार की सुबह जो कुछ थके-हारे प्रवासी तैरकर सेउटा के शहरी ताराजल समुद्र तट पर पहुंचे, उनका सामना वहां तैनात सैनिकों से हुआ। सैनिकों ने उन्हें तुरंत वापस सीमा पार खदेड़ दिया। स्पेन के गृह मंत्रालय के अनुसार, उत्तरी अफ्रीका स्थित स्पेनिश क्षेत्र में प्रवेश करने वाले अधिकांश प्रवासी पहले ही मोरक्को लौट चुके हैं। स्पेन में बेहतर जीवन की उम्मीद लेकर आए लोगों की भारी भीड़ और कई दिनों की अराजकता के बाद, शनिवार को सेउटा के निवासी एक असहज शांति के साथ सोकर उठे। हालांकि, 84,000 की आबादी वाले इस स्वायत्त शहर के निवासियों में सुरक्षा को लेकर अभी भी डर और चिंता का माहौल है।

सेउटा के राष्ट्रपति जुआन जीसस विवास ने स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि सीमा पर हुई इस घटना के कारण शहर का जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। लोगों की वापसी संतोषजनक ढंग से शुरू हो गई है, लेकिन इस प्रक्रिया को अभी पूरा किया जाना बाकी है। शहर में हालात अभी तक सामान्य नहीं हुए हैं।

**कुछ प्रवासियों का डटे रहने का संकल्प**

इन सबके बावजूद, कुछ दृढ़ निश्चयी प्रवासी अभी भी सेउटा में रुके हुए हैं। इन्हीं में से एक 23 वर्षीय मोरक्कन युवक मोहम्मद हत्री भी है। अपनी स्थिति के बारे में बताते हुए उसने कहा, उन्होंने सब कुछ बंद कर दिया है ताकि हम खाने के लिए कुछ भी न खरीद सकें, जिससे हम मजबूर होकर अपने देश लौट जाएं।

## एम्स ऋषिकेश में 50 लाख की चोरी का पर्दाफाश, आंध्र प्रदेश का अंतरराज्यीय चोर गिरफ्तार

**ऋषिकेश, (वार्ता)।** उत्तराखंड में दून पुलिस ने एम्स ऋषिकेश के आवासीय परिसर में हुई लाखों रुपये की चोरी का सफल खुलासा करते हुए आंध्र प्रदेश के एक शातिर अंतरराज्यीय चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से करीब 50 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण, तीन फर्जी आधार कार्ड, चोरी में प्रयुक्त पेचकस तथा अन्य सामान बरामद किया गया है। आरोपी ने पूछताछ में ऋषिकेश के अलावा गुजरात के राजकोट स्थित अस्पताल परिसर में भी चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस के अनुसार 20 जुलाई को एम्स ऋषिकेश आवासीय परिसर निवासी रविन्द्र तिवारी ने कोतवाली ऋषिकेश में तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोर उनके घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण और 60 हजार नकद चोरी कर ले गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक यशपाल सिंह बिष्ट के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, तकनीकी साक्ष्य जुटाए और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया।

# कर्नाटक में स्कूलों के पास जंक फूड की बिक्री पर लगी रोक

बेंगलुरु, (वार्ता)

कर्नाटक के खाद्य सुरक्षा और दवा प्रशासन ने शिक्षण संस्थानों के आसपास जंक फूड की बिक्री पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है। विभाग ने एक सलाह जारी कर राज्य के स्कूलों और कॉलेजों के 50 मीटर के दायरे में ज्यादा वसा, चीनी और नमक वाली खाने की चीजों की बिक्री को रोकने के लिए कहा है। जुलाई महीने में करीब 134 स्कूलों और कॉलेजों के आसपास की गई जांच के बाद 24 जुलाई को यह सलाह जारी की गई। इसके तहत स्कूलों में मिलने वाले खाने को भी जांच के दायरे में लाया गया है, क्योंकि यह पाया कि कुछ जगहों पर बच्चों के लिए बने खाने में मैदे की ब्रेड, पास्ता और डिब्बा बंद स्नैक्स का बहुत ज्यादा इस्तेमाल हो रहा था। विभाग ने बताया कि जांच के दौरान खाने की क्वालिटी, सफाई, मियाद निकल चुकी चीजों की बिक्री और खाद्य सुरक्षा कानून के पालन को देखा गया। इस दौरान कई दुकान वाले स्कूलों के पास खराब खाना बेचते पाए गए। इस पर कार्रवाई करते हुए विभाग ने निर्देश दिया है कि स्कूलों और कॉलेजों के 50 मीटर के दायरे में ऐसे सामानों की बिक्री रोकी जाए तथा सेहतमंद खाने को बढ़ावा दिया जाए। जिले के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे स्कूल-कॉलेज के मालिकों और दुकानदारों को साथ लेकर समय-समय पर जांच करें और जागरूकता अभियान चलाकर इसे पूरे राज्य में लागू कराएं। विभाग ने पढ़ाई की जगहों के पास वाली दुकानों के लिए सरकारी कागज या लाइसेंस लेना जरूरी कर दिया है। विभाग ने चेतावनी दी है कि नियम तोड़ने पर नोटिस दिया जाएगा, लाइसेंस रद्द होगा, सामान जब्त किया जाएगा और कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।यह सलाह सिर्फ बाहर के दुकानदारों तक सीमित नहीं है, बल्कि स्कूलों के अंदर भी लागू होती है। इसमें स्कूलों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने परिसर में जंक फूड न बिकने दें और सेहत के लिए नुकसानदेह खाने से बचाने वाले बोर्ड लगाएं।

स्कूल के खाने की पौष्टिकता पर चिंता जताते हुए विभाग ने कहा कि जंक फूड से बच्चों की ऊर्जा और पढ़ाई में मन लगाने की क्षमता पर असर पड़ता है।

## कीव पर रूसी बैलिस्टिक मिसाइल हमला: नौ मरे

कीव, (वार्ता)

यूक्रेन की राजधानी कीव पर शनिवार तड़के रूसी बैलिस्टिक मिसाइलों के एक और बड़े हमले में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और चार बच्चों सहित 28 अन्य घायल हो गए। यूक्रेनी अधिकारियों के अनुसार, पिछले 48 घंटों में कीव पर यह दूसरा बड़ा हमला है।

यूक्रेन की राज्य आपातकालीन सेवा के अनुसार, इन हमलों से शहर के कई जिलों में आवासीय इमारतों, गोदामों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को भारी नुकसान पहुंचा है। कई स्थानों पर इमारतें ढहने से लोग मलबे में दब गए और कई जगह आग लग गई।

आपातकालीन सेवा के कर्मियों ने बताया कि क्षतिग्रस्त इमारतों से 105 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है और बचाव अभियान अभी भी जारी है। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने कहा कि घायलों में से 17 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

आपातकालीन अधिकारियों ने बताया कि सबसे घातक हमला दारनित्सकी जिले में हुआ, जहां सात लोगों की मौत हो गई और दो बच्चों सहित 14 अन्य घायल हो गए।

द कीव इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के अनुसार, निवासियों ने बताया कि बैलिस्टिक मिसाइल हमले के कारण उन्हें हवाई हमले की चेतावनी मिलने के बाद आश्रय स्थलों तक पहुंचने का बहुत कम समय मिला।

यूक्रेनी वायु सेना ने स्थानीय समयानुसार रात करीब 1:30 बजे राजधानी में शक्तिशाली विस्फोटों की श्रृंखला शुरू होने से ठीक पहले बैलिस्टिक मिसाइल हमले की चेतावनी दी थी। अगले दो घंटों तक शहर में अतिरिक्त विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं, जिसके बाद प्रशासन ने नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर रहने का आग्रह किया।

मेयर क्लिट्स्को ने बताया कि सोलोमियान्स्की और शेवचेनकीवस्की जिलों में आवासीय इमारतें आंशिक रूप से नष्ट हो गईं, जिससे लोग मलबे के नीचे फंस गए। होलोसीव्स्की और दारनित्सकी जिलों में भी आग लगने की घटनाएं सामने आईं। उल्लेखनीय है कि इस हफ्ते की शुरुआत में भी रूस ने यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए थे, जिसमें कम से कम आठ लोगों की मौत हुई थी और 50 से अधिक घायल हुए थे। उस हमले के दौरान एक संदिग्ध रूसी मिसाइल नाटो सदस्य देश पोलैंड के पूर्वी हिस्से में भी गिरी थी। रूसी बैलिस्टिक मिसाइलों के बढ़ते हमलों के बीच यूक्रेन अपने पश्चिमी सहयोगियों, विशेष रूप से अमेरिका से अतिरिक्त %पैट्रियट% वायु रक्षा प्रणालियों की लगातार मांग कर रहा है। हाल के महीनों में रूस ने कीव पर बैलिस्टिक मिसाइल हमलों को तेज कर दिया है, जिससे यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली पर दबाव बढ़ गया है और नागरिक बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है।

# कश्मीर का विकास अनुदान से नहीं, उद्यमिता से संभव : उमर अब्दुल्ला

बेंगलुरु, (वार्ता)

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि केंद्र शासित प्रदेश की दीर्घकालिक आर्थिक समृद्धि सरकारी अनुदान या सार्वजनिक खर्च से नहीं, बल्कि विश्वास, मजबूत संस्थाओं और उद्यमिता को बढ़ावा देने से सुनिश्चित होगी। श्री अब्दुल्ला ने शनिवार को आईआईएमबीएए लीडरशिप कॉन्क्लेव-2026 को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारें सड़कें, स्कूल और अस्पताल बना सकती हैं, लेकिन स्थायी आर्थिक विकास तभी संभव है जब लोगों को विश्वास हो कि उनके प्रयासों को अवसर और सफलता मिलेगी।

उन्होंने कहा, विश्वास सबसे उत्पादक बुनियादी ढांचा है। सरकार की जिम्मेदारी केवल निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं है। उसे लोगों का विश्वास बहाल करना, अनिश्चितता कम करना और यह भरोसा पैदा करना भी जरूरी है कि मेहनत का उचित प्रतिफल मिलेगा।



मुख्यमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी में उद्यमिता सबसे महत्वपूर्ण उत्पादक संसाधन है। उन्होंने स्वतंत्रता के बाद जम्मू-कश्मीर में हुए भूमि सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस तरह उस दौर में भूमि का व्यापक स्वामित्व ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास का आधार बना, उसी प्रकार आज अधिक से अधिक लोगों को उद्यमिता से जोड़ना समय की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि उद्यमिता भूमि की तरह वितरित नहीं की जा सकती, बल्कि इसके लिए मजबूत संस्थागत ढांचा तैयार करना होगा। सरकार की भूमिका व्यवसाय खड़ा करने की नहीं, बल्कि ऐसा वातावरण तैयार करने की है, जिसमें उद्यमिता विकसित हो सके।

श्री अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर का भविष्य लोगों को वित्त, बाजार, प्रौद्योगिकी और मार्गदर्शन उपलब्ध कराकर उन्हें अपना कारोबार शुरू करने के लिए सक्षम बनाने में है। उन्होंने कहा कि सरकार की मिशन युवा योजना इसी उद्देश्य से शुरू की गई है, जिसके तहत व्यापक सर्वेक्षण के आधार पर संभावित उद्यमियों की पहचान कर उन्हें आवश्यक संसाधनों से जोड़ा जा रहा है उन्होंने कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद जम्मू-कश्मीर ने स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन किया है, जो मजबूत संस्थाओं की भूमिका को दर्शाता है।मुख्यमंत्री ने कहा कि दशकों तक आतंकवाद के कारण प्रदेश में सुरक्षा आधारित अर्थव्यवस्था विकसित हुई, जहां विस्तार के बजाय सुरक्षा को प्राथमिकता मिली। ऐसे में आर्थिक पुनरुद्धार के लिए लोगों का विश्वास बहाल करना सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ने अब तक प्रमुख आर्थिक केंद्रों को अधिक मजबूत किया है। जम्मू-कश्मीर बेंगलुरु जैसी अर्थव्यवस्था नहीं बन सकता, लेकिन भारत की समग्र आर्थिक प्रगति का लाभ अवश्य उठा सकता है। प्रदेश को बागवानी, हस्तशिल्प और पर्यटन जैसे अपने पारंपरिक क्षेत्रों में गुणवत्ता, ब्रांडिंग और मूल्य संवर्धन पर ध्यान देना चाहिए।

## राज्य का दर्जा बहाल होने तक आंदोलन जारी रहेगा : उमर अब्दुल्ला

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि केंद्र शासित प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल होने तक आंदोलन जारी रहेगा और केंद्र सरकार को संसद तथा उच्चतम न्यायालय में किये गये अपने वादे का पालन करना चाहिए। श्री अब्दुल्ला ने शनिवार को आईआईएमबीएए लीडरशिप कॉन्क्लेव-2026 के इतर संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि जंतर-मंतर पर हुआ प्रदर्शन केवल शुरुआत है और राज्य का दर्जा बहाल होने तक जम्मू-कश्मीर तथा राष्ट्रीय राजधानी में आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा, हमें पहले से पता था कि जंतर-मंतर पर एक दिन के प्रदर्शन से राज्य का दर्जा वापस नहीं मिलेगा। यह आंदोलन जम्मू-कश्मीर और दिल्ली दोनों जगह जारी रहेगा, क्योंकि हम केवल वही मांग रहे हैं जिसका वादा हमसे किया गया था। श्री अब्दुल्ला ने कहा कि केंद्र सरकार ने संसद और उच्चतम न्यायालय सहित कई अवसरों पर जम्मू-कश्मीर को फिर से राज्य का दर्जा देने का आश्वासन दिया था। उन्होंने कहा, हम केवल केंद्र सरकार को उसका वादा याद दिला रहे हैं। दिल्ली में हाल के छात्र प्रदर्शनों के संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कार्रवाई नहीं किये जाने के कथित आश्वासन पर श्री अब्दुल्ला ने कहा कि सरकार को अपने वादे पर कायम रहना चाहिए। उन्होंने कहा, यदि सरकार ने आश्वासन दिया है कि इन छात्रों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी, तो उस पर अमल होना चाहिए। जहां-जहां प्राथमिकी दर्ज की गई हैं, उन्हें वापस लिया जाना चाहिए।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**

## रणवीर सिंह को धुरंधर में लेने का फैसला सही था : योति देशपांडे

धुरंधर की सह-निर्माता योति देशपांडे का कहना है कि अभिनेता रणवीर सिंह को फिल्म में मुख्य भूमिका के लिए चुनने का फैसला बिल्कुल सही साबित हुआ, क्योंकि वह हर किरदार में पूरी तरह ढल जाने की क्षमता रखते हैं।योति देशपांडे ने रणवीर सिंह के साथ अपने लंबे पेशेवर अनुभव को याद करते हुए कहा कि उन्होंने उनके साथ राम-लीला और बाजीराव मस्तानी में काम किया है। रणवीर उन अभिनेताओं में हैं जो अपने किरदार को पूरी शिद्दत से जीते हैं और हर फिल्म में अलग नजर आते हैं। उन्होंने कहा, मैंने रणवीर के साथ राम-लीला और बाजीराव मस्तानी में काम किया है, जब वह आज वाले रणवीर नहीं थे। मुझे लगता है कि वह कमाल के अभिनेता हैं, जो अपना सब कुछ दे देते हैं। वह किरदार में पूरी तरह बदल जाते हैं और यही बात मुझे सबसे यादा पसंद है। हर फिल्म में वह रणवीर सिंह नहीं लगते। जब उन्हें बाजीराव बनना होता है तो वह बाजीराव बन जाते हैं, जब उन्हें खिलजी बनना होता है तो वह खिलजी बन जाते हैं और जब उन्हें गली बॉय बनना होता है तो वह पूरी तरह गली बॉय बन जाते हैं। वह खुद का किरदार नहीं निभाते, बल्कि उस किरदार में ढल जाते हैं। आदित्य और मुझे दोनों को लगा कि इस फिल्म के लिए रणवीर सबसे सही चुनाव होंगे। फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह ने हमजा का किरदार निभाया है, जिसे दर्शकों और समीक्षकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। उनके अभिनय और किरदार में किए गए बदलाव की व्यापक चर्चा हुई है। फिल्म से जुड़े कई लोगों का मानना है कि रणवीर ने इस भूमिका को पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाया है।



## जन्म के समय पिता ने अनाथालय में छोड़ दिया था, बाद में बनीं ट्रेजडी क्वीन मीना कुमारी

अपने दमदार और संजीदा अभिनय से सिने प्रेमियों के दिलों पर राज करने वाली ट्रेजडी क्वीन मीना कुमारी का जीवन शुरू से ही संघर्षों से भरा रहा। जन्म के समय मीना के पिता उन्हें अनाथालय में छोड़ आए थे, लेकिन बाद में मां के आग्रह पर उन्हें वापस घर ले आए। यही बची आगे चलकर हिंदी सिनेमा की सबसे सम्मानित अभिनेत्रियों में शुमार हुई। एक अगस्त 1932 को मुंबई में जन्मीं मीना कुमारी का वास्तविक नाम माहजबीं बानो था। उनके पिता मास्टर अली बख्श पारसी थिएटर से जुड़े कलाकार और मां इकबाल बेगम थीं। दो बेटियों के बाद तीसरी संतान के रूप में भी बेटी होने से निराश अली बख्श नवजात बची को अनाथालय में छोड़ आए, लेकिन पत्नी के आंसुओं ने उन्हें बची को वापस घर लाने के लिए विवश कर दिया। मां ने बची का नाम माहजबीं रखा, जो बाद में फिल्म जगत में मीना कुमारी के नाम से प्रसिद्ध हुईं। आर्थिक तंगी के कारण मीना कुमारी ने बहुत कम उम्र में ही फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया। वर्ष 1939 में विजय भट्ट की फिल्म लेदरफेस से उन्होंने बतौर बाल कलाकार अभिनय की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने कई फिल्मों में बाल कलाकार के रूप में काम किया। वर्ष 1952 में विजय भट्ट की फिल्म बैजू बावरा ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। इस फिल्म की सफलता के बाद वह हिंदी फिल्मों की अग्रणी अभिनेत्रियों में शामिल हो गईं। इसी वर्ष उन्होंने फिल्म निर्देशक कमाल अमरोही से विवाह किया। दोनों का संबंध शुरू में काफी मधुर रहा, लेकिन समय के साथ उनके वैवाहिक जीवन में दूरियां बढ़ने लगीं। वर्ष 1964 तक दोनों अलग-अलग रहने लगे। इसके बावजूद मीना कुमारी ने कमाल अमरोही की महत्वाकांक्षी फिल्म पाकीजा की शूटिंग पूरी की। लगभग 14 वर्षों में बनी यह फिल्म उनकी सबसे यादगार फिल्मों में गिनी जाती है और आज भी भारतीय सिनेमा की क्लासिक फिल्मों में शामिल है।



वर्ष 1962 मीना कुमारी के करियर का स्वर्णिम वर्ष माना जाता है। इस वर्ष उनकी आरती, मैं चुप रहूंगी और साहिब बीबी और गुलाम रिलीज हुईं। इन तीनों फिल्मों के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया। फिल्मफेयर के इतिहास में यह पहला अवसर था, जब एक ही अभिनेत्री को एक ही वर्ष में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री श्रेणी में तीन नामांकन मिले। मीना कुमारी की जोड़ी अभिनेता अशोक कुमार के साथ विशेष रूप से पसंद की गई। उन्होंने अपने अभिनय के लिए चार बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्मफेयर पुरस्कार जीता। उन्हें बैजू बावरा, परिणीता, साहिब बीबी और गुलाम और काजल के लिए यह सम्मान मिला। अभिनय के अलावा मीना कुमारी एक संवेदनशील शायरा भी थीं। उनका मानना था कि अभिनय में वह दूसरे के लिखे किरदार को जीती हैं, लेकिन शायरी उनके मन की अपनी अभिव्यक्ति है। उन्होंने अपनी कविताएं नाज़ उपनाम से लिखीं। अपनी वसीयत में उन्होंने अपनी कविताओं को प्रकाशित कराने की जिम्मेदारी गीतकार और शायर गुलजार को सौंपी, जिन्होंने बाद में उन्हें पुस्तक के रूप में प्रकाशित कराया। उनकी लिखी यह गजल आज भी उनकी संवेदनशीलता और अकेलेपन का प्रतीक मानी जाती है..

चांद तन्हा है, आसमां तन्हा, दिल मिला है कहां-कहां तन्हा।
राह देखा करेगा सदियों तक, छोड़ जाएंगे ये जहां तन्हा।

मीना कुमारी ने अपने करियर में आजाद, एक ही रास्ता, यहूदी, दिल अपना और प्रीत पराई, कोहिनूर, दिल एक मंदिर, चित्रलेखा, फूल और पत्थर, बहू बेगम, शारदा, बंदिश, भीगी रात, जवाब और दुश्मन जैसी अनेक सफल फिल्मों में यादगार अभिनय किया। अपने संजीदा अभिनय, भावपूर्ण संवाद अदायगी और सशक्त व्यक्तित्व के कारण ट्रेजडी क्वीन के नाम से मशहूर मीना कुमारी ने 31 मार्च 1972 को दुनिया को अलविदा कह दिया। हालांकि उनकी फिल्में, शायरी और अभिनय आज भी भारतीय सिनेमा प्रेमियों के बीच उन्हें अमर बनाए हुए हैं।

## राजस्थानी लोक रंग और मॉडर्न म्यूजिक का संगम है बैरन हिचकी : अभि दत्त



टी-सीरीज़ ने गायक एवं संगीतकार अभि दत्त का नया गीत बैरन हिचकी रिलीज़ किया है, जिसमें राजस्थानी लोक संगीत की खुशबू को समकालीन कमर्शियल साउंड के साथ प्रस्तुत किया गया है। गीत में अभिनेत्री एंजल सैनी नजर आई हैं। बैरन हिचकी जुदाई और किसी प्रियजन को याद करने की भावना पर आधारित है। गीत की मूल अवधारणा उस लोक मान्यता से प्रेरित है, जिसमें लगातार आने वाली हिचकियों को किसी के याद करने का संकेत माना जाता है। गीत के लोक-आधारित हुक को बरकरार रखते हुए इसके संगीत को आधुनिक शैली में तैयार किया गया है, जिससे पारंपरिक रंग के साथ समकालीन श्रोताओं को भी आकर्षित किया जा सके।

इस गीत को अभि दत्त ने गाया और संगीतबद्ध किया है, जबकि महिला स्वर श्रेया अवस्थी ने दिए हैं। इसके बोल अभि दत्त और जेजे वायक ने लिखे हैं। गीत जुदाई की भावना को भावुकता के साथ-साथ हल्के-फुल्के और मनोरंजक अंदाज में प्रस्तुत करता है। ध्रुव सांखला के निर्देशन में बने म्यूजिक वीडियो में अभि दत्त और एंजल सैनी मुख्य भूमिकाओं में हैं। रंग-बिरंगे राजस्थानी परिवेश और आकर्षक दृश्यों के माध्यम से वीडियो में लोक संस्कृति और आधुनिक प्रस्तुति का संतुलित मेल दिखाया गया है। बैरन हिचकी सभी प्रमुख ऑडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है, जबकि इसका म्यूजिक वीडियो टी-सीरीज़ के यूट्यूब चैनल पर रिलीज़ किया गया है।

स्वतंत्र मत
जबलपुर
रविवार 02 अगस्त 2026



# सेवानिवृत्ति कर्मियों के कल्याण के लिए एनसीएल की होल्डिंग कंपनी कोल इंडिया ने बढ़ाए मदद के हाथ

## 4.5 लाख से अधिक सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं पेंशनभोगियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए किए गए कई पहल

सिंगरौली (स्वतंत्र मत)।

एनसीएल की होल्डिंग कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए पेंशन प्रशासन, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, शिकायत निवारण तथा सामाजिक सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से अनेक महत्वपूर्ण सुधार लागू किए हैं। इन पहलों से 4.5 लाख से अधिक सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं पेंशनभोगियों के जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। यह राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा में योगदान देने वाले अपने पूर्व कर्मचारियों के कल्याण के प्रति कंपनी की दृढ़ प्रतिबद्धता को भी पुनः रेखांकित करता है। एक महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा पहल के तहत, कोल माइंस पेंशन योजना के अंतर्गत न्यूनतम मासिक पेंशन को 8 मार्च 2024 से बढ़ाकर ?1,000 कर दिया गया है, जिससे लगभग 40,000 पेंशनभोगियों को लाभ मिला है। इस निर्णय से सेवानिवृत्त खनिकों तथा उनके परिवारों को अतिरिक्त वित्तीय संबल प्राप्त हुआ है। सीआईएल ने



कोल माइंस प्रोविडेंट फंड संगठन के सहयोग से सी-केयर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से पेंशन प्रशासन के डिजिटलीकरण को भी गति दी है। इसके परिणामस्वरूप सेवानिवृत्ति संबंधी दावों के निपटान की औसत अवधि 30 दिनों से घटकर मात्र 10 दिन रह गई है। इसके अतिरिक्त, पेंशन संशोधन तथा संशोधित पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) को ऑनलाइन जारी करने हेतु नए डिजिटल मॉड्यूल विकसित किए जा रहे हैं, जिससे पेंशन से जुड़ी पूरी प्रक्रिया को निर्बाध एवं पूर्णतः पेपरलेस बनाया जा सकेगा। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सहज एवं परेशानी-मुक्त अनुभव सुनिश्चित करने के लिए सी-केयर्स पोर्टल के माध्यम से सेवानिवृत्ति के दिन ही पीपीओ जारी करने तथा कोल माइंस प्रोविडेंट फंड देयों के निपटान की व्यवस्था की गई है, जबकि ग्रेच्युटी का भुगतान वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप किया जाता है। संशोधित पीपीओ की व्यवस्था के तहत पात्र जीवनसाथी का विवरण भी शामिल किया जाता है, जिससे पेंशन वितरण करने वाले बैंक, सीएमपीएफओ से पृथक अनुमोदन प्राप्त किए बिना, सामान्य पारिवारिक पेंशन मामलों का शीघ्र निपटान कर सकते हैं।

कोल इंडिया ने अपने मुख्यालय एवं सभी अनुषंगी कंपनियों में समर्पित पोस्ट रिटायरमेंट बेनिफिट (पीआरबी) सेल स्थापित किए हैं, जो सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए सभी आवश्यक सेवाओं एवं सहायता हेतु एकल संपर्क केंद्र के रूप में कार्य कर रहे हैं।

स्वास्थ्य सेवाएं सीआईएल की सेवानिवृत्ति उपरांत कल्याण व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण आधार हैं। अंशदायी सेवानिवृत्ति उपरांत चिकित्सा योजना के अंतर्गत पंजीकृत लगभग 1.13 लाख सेवानिवृत्त कर्मचारियों को देशभर के 532 सूचीबद्ध अस्पतालों में कैशलेस उपचार की सुविधा उपलब्ध है। इस योजना के अंतर्गत सेवानिवृत्त अधिकारियों के लिए ?25 लाख तथा सेवानिवृत्त गैर-अधिकारियों के लिए ?8 लाख तक का चिकित्सा कवरेज प्रदान किया जाता है।

वहीं, अधिसूचित गंभीर बीमारियों के उपचार पर होने वाला व्यय इन वित्तीय सीमाओं से पृथक रखा गया है, जिससे गंभीर चिकित्सा परिस्थितियों में व्यापक वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

इन पहलों के व्यापक प्रभाव को दर्शाते हुए, वित्त वर्ष 2025-26 में भविष्य निधि (पीएफ) का वितरण 19.5त्न बढ़कर ?13,608.8 करोड़ हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष के ?11,391.6 करोड़ की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि है। इसी अवधि में पेंशन वितरण 22.9 प्रतिशत बढ़कर ?6,427 करोड़ हो गया, जबकि पिछले वर्ष यह ?5,229.1 करोड़ था।

इस प्रकार, वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भविष्य निधि एवं पेंशन वितरण में कुल ?3,415.1 करोड़ की वृद्धि दर्ज की गई। यह अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को वित्तीय सुरक्षा, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं तथा संस्थागत सहयोग उपलब्ध कराने के प्रति सीआईएल की सतत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कंपनी अपने सूचीबद्ध अवकाश गृहों की सुविधाएं भी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उपलब्ध कराती है, जिससे उनके समग्र कल्याण एवं सामाजिक जुड़ाव को बढ़ावा मिलता है।



# एनसीएल के ककरी क्षेत्र में दिव्यांग जांच एवं सहायता शिविर आयोजित

**सिंगरौली।** शनिवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के ककरी क्षेत्र द्वारा सीएसआर के अंतर्गत जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, सिंगरौली के साथ हुए एमओयू के तहत दिव्यांग जांच एवं सहायता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से पात्र एवं जरूरतमंद दिव्यांगजनों की पहचान कर उन्हें आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया संचालित की गई।

शिविर में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, सिंगरौली की विशेषज्ञ टीम ने उपस्थित दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा उनके दस्तावेजों का सत्यापन किया। इस दौरान ककरी क्षेत्र के सीएसआर नोडल अधिकारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने दिव्यांगजनों से संवाद करते हुए उन्हें एनसीएल की विभिन्न सीएसआर योजनाओं के अंतर्गत उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी।

शिविर में लगभग 40 दिव्यांगजन शामिल हुए। विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं दस्तावेजों के सत्यापन के उपरांत 12 पात्र लाभार्थियों की पहचान की गई। सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद इन लाभार्थियों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, ट्राइसाइकिल, श्रवण यंत्र सहित अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि एनसीएल एवं जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, सिंगरौली के मध्य हुए एमओयू के अंतर्गत सिंगरौली एवं सोनभद्र जिलों के पात्र एवं जरूरतमंद दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाकर उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना है।

## वृहताकार सहकारी समिति में सदस्यता अभियान जारी, 102 नए किसान जुड़े

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जिले के इतवारा बाजार स्थित वृहताकार सहकारी समिति में किसानों के लिए सदस्यता अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में समिति परिसर में विशेष शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 5 नए किसानों को सदस्य बनाया गया। समिति द्वारा माह अप्रैल 2026 से अब तक कुल 102 नए किसानों को सदस्यता प्रदान की जा चुकी है। सदस्य बने किसानों को पात्रता के अनुसार खाद का वितरण भी किया जा रहा है, जिससे उन्हें कृषि कार्य में सुविधा मिल रही है। वृहताकार सहकारी समिति के अंतर्गत जरजोला, सूरजगांव, डोगरगांव, झिरीकला, गोटेगांव, रानीपिपरिया, नरसिंहपुर, कंदेली, कुकवारा, बांसकुआरी, रोसरा, डेढ़वारा, खमतरा, झगरहाई एवं अन्य हैं।

# ट्रेन में हुई चोरी को महीनों बीते, जीआरपी के हाथ खाली

## पीड़ित ने कार्रवाई पर उठाए सवाल

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** इटारसी-जबलपुर रेलखंड पर ट्रेनों में लगातार हो रही चोरियों और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर यात्रियों में चिंता और नाराजगी बनी हुई है, इटारसी और जबलपुर स्टेशनों के बीच लगातार गश्त और चेकिंग अभियान क्यों नहीं चलाए जाता।..?* *तकनीक का इस्तेमाल- पुलिस चोरों को पकड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज और स्मार्ट उपकरणों की लाइव लोकेशन (जैसे एयरपॉड्स या मोबाइल ट्रैकिंग) का उपयोग क्यों नहीं करती पुलिस....? एक वर्ष पूर्व यात्री श्रीमती शबनम कुरैशी पति श्री राशिद कुरैशी उम्र 56 वर्ष निवासी कामय वार्ड 06 गाडरवारा थाना गाडरवारा जिला नरसिहपुर में दिनांक 09/12/2025 को ट्रेन नंबर 22187 डाउन रानी कमलापति जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस में पीछे तरफ के जनरल कोच में बैठकर अपने पति राशिद कुरैशी के साथ रेलवे स्टेशन गाडरवारा से जबलपुर की यात्रा कर रहे थे।यात्रा के दौरान छोटा पर्स पीले कलर का जिसके अंदर कीमती जेवरात एवं नगद अज्ञात चोरों ने पर्स की चेन खोलकर पार कर दिए जिसका आज दिनांक तक कोई पता नहीं चला पई है गाडरवारा रेल पुलिस। कभी कबार कोई चोर को अगर पकड़ा जाता है तो फरियादी के पूछने पर रेल पुलिस के जवाबदारों द्वारा बताया जता है की चोरी को बहुत दिन हो गए हैं।यह चोरी इसीसाल की है क्या पुरानी हुई चोरी पकड़ने की जवाबदारी पुलिस की नहीं। क्या पुरानी चोरी एक्सपायरी हो गई। वही एक महा पर्व ट्रेन 22191 ओवर नाईट एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान श्रीमती दीपाली दुबे पति अभिषेक दुबे उम्र 35 वर्ष निवासी एयरपोर्ट रोड के पास 60 स्नश्चश्चञ्ज ऋह्र अखंड नगर मकान नबर 01/ एरोड्रम थाना जिला इन्दौर की रहने वाली हूँ।दिनाँक 04/07/26 को ट्रेन 22191 ओवर नाईट एक्सप्रेस कोच नबर बी 2 बर्थ नंबर 02, 03 पर अपने भाई अभय के साथ गाडरवारा के लिये इन्दौर से यात्रा कर रही थी।यात्रा के दौरान रेलवे स्टेशन इटारसी निकलने के बाद मे अपनी बर्थ 02 पर सो रही थी।अपने सिर के निचे लेडीज पसे रखी थी अचानक सिर के नीचे रखा लेडीज पर्स कोई उठाकर ले गया जब नीद खुली तो देखा पर्स गायब था पर्स के अदर सामान किसी अज्ञात व्यक्ति व्दारा पिपरिया स्टेशन से निकलते ही चोरी कर ले गया। चोरी के मामले में आज तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। दोनों पीड़िताओं ने जीआरपी में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस की सुस्ती के कारण मामला ठंडे बस्ते में चला गया है।अभी नए मामले में ट्रेन में हुई चोरी के एक माह बीतने के बाद रेलवे पुलिस के हाथ खाली है।

# बोहानी नायब तहसीलदार के विरोध में अधिवक्ता लामबंद, मंत्री को सौंपा ज्ञापन

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

नगर गाडरवारा के अधिवक्ताओं द्वारा सेवा सदन में क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह को एक ज्ञापन सौंपकर बोहानी नायब तहसीलदार नीलम श्रीवास का स्थानांतरण अनियंत्र करने की बात कही द्य ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि नायब तहसीलदार नीलम श्रीवास की कार्यप्रणाली संतोषजनक नहीं है जब उनके कोर्ट में किसी कार्य को लेकर अधिवक्ता पहुंचते हैं तो उनके द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाता है जिससे अधिवक्ताओं को गिलानी महसूस होती है द्य पूर्व में भी उनके द्वारा एक अधिवक्ता के साथ अभद्रता



की जा चुकी है जिसकी शिकायत भी की गई थी परंतु आज तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई द्य ज्ञापन के माध्यम से सभी अधिवक्ताओं ने मांग की है की सिहोरा नायब तहसीलदार नीलम श्रीवास का स्थानांतरण तहसील से अनियंत्रित किया जाए द्य इसके अलावा अधिवक्ताओं द्वारा विगत पांच वर्षों में निराकृत राजस्व प्रकरणों को राजस्व अभिलेखागार गाडरवारा अथवा राजस्व अभिलेखागार कार्यालय कलेक्टर नरसिंहपुर में जमा कराने की बात कही ताकि पक्षकारों के राजस्व संबंधी मामलों का निराकरण हो सके साथ ही उनके द्वारा चाही गई नकल आसानी से समय सीमा में प्राप्त हो सके द्य गौरतलब हो कि विगत 5 वर्षों से न्यायालय तहसीलदार गाडरवारा एवं न्यायालय नायब तहसीलदार साइखेड़ा, चीचली, बोहानी, सिहोरा करपगांव के न्यायालयों से पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत राजस्व प्रकरण एवं शासन के राजस्व अभियान के दौरान निराकृत राजस्व प्रकरण को नियम अनुरूप राजस्व अभिलेखागार में जमा नहीं किए गए हैं जबकि उक्त निराकृत राजस्व प्रकरणों को मासिक जमा किया जाना चाहिए । ज्ञापन के समय अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हिमांशु दुबे, उपाध्यक्ष शंभू दयाल सराठे, कोषाध्यक्ष रितेश कुमार अग्रवाल, सचिव शुभम श्रीवास्तव के अलावा बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे।



# राष्ट्रीय महिला जागृति मंच की नई कार्यकारिणी का गठन

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** राष्ट्रीय महिला जागृति मंच के द्वारा नई कार्यकारिणी का गठन एवं वार्षिक कार्यों पर विस्तार से चर्चा बैठक में की गई।राष्ट्रीय महिला जागृति मंच की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक पांडे ,प्रदेश अध्यक्ष अरुणा दुबे , प्रदेश उपाध्यक्ष सुनंदा भट्ट ,जिला अध्यक्ष ज्योति तिवारी के मार्गदर्शन में नई कार्यकारिणी 2026 का गठन किया गया । सर्व सहमति से पूर्णिमा शुक्ला को जिला अध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष के लिए प्रवीणा गोस्वामी, मंजू लता पांडे, नीरा बुधौलिया, सपना शर्मा, नंदिता चौबे एवं संचिता दुबे, जिला सचिव मंजू दुबे, सहसचिव श्रेया पांडे , अंजलि साहू, सुभावना पांडे,कोषाध्यक्ष शालू शर्मा,सह कोशा अध्यक्ष भारती रघुवंशी ,मीडिया प्रभारी कीर्ति पालीवाल, जिला मंत्री नीता भारद्वाज, संगीता बेदी, सविता महोबिया, रेणु नौरिया, प्रियंका गोस्वामी, संगठन मंत्री, प्रीति गोस्वामी, प्रियंका पाठक , स्मिता श्रीवास, कार्यक्रम प्रभारी सपना शर्मा, भारती रघुवंशी , प्रियंका गोस्वामी , सुरुचि साहू ,स्मिता श्रीवास एवं रेनू नौरिया को चुना गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की एक्टिविटीज कराई गई एवं पुरस्कार वितरण किए गए । उपस्थित सदस्यों में भूतपूर्व अध्यक्ष वंदना तंतुवाय, वरिष्ठ कविता दुबे, मीना शर्मा , नीतू साहू , प्रतिभा नामदेव की भी उपस्थिति रही।

## मंत्री प्रहलाद पटेल 2 को करेंगे डायलसिस मशीनों का शुभारंभ

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल 2 अगस्त को नरसिंहपुर जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे शासकीय जिला अस्पताल नरसिंहपुर में नवीन डायलसिस मशीनों का शुभारंभ करेंगे, एमएलबी स्कूल नरसिंहपुर में अटल टिफरिंग लैब तथा विभिन्न स्थानों पर आरोग्यम स्वास्थ्य केन्द्रों का लोकार्पण करेंगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री पटेल प्रातः 09-50 बजे सर्किट हाउस नरसिंहपुर से प्रस्थान कर प्रातः 10 बजे सदर मढ़िया प्रांगण पहुंचेंगे, जहां वे पूजन-पाठ के साथ डोम शेड का भूमिपूजन करेंगे।

## मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान हर शुक्रवार होगा क्षेत्र भ्रमण

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जिले में आमजन का विश्वास सुदृढ़ करने और अंतिम व्यक्ति तक शासकीय योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के अंतर्गत प्रत्येक शुक्रवार को क्षेत्र भ्रमण, निरीक्षण एवं जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह अभियान 7 अगस्त 2026 से प्रारंभ होकर 8 जनवरी 2027 तक संचालित होगा।

# मानव तस्करी निषेध दिवस पर विद्यार्थियों को किया जागरूक

## पुलिस अधिकारियों ने बताए बचाव के उपाय

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोरखपुर में मानव तस्करी निषेध दिवस के अवसर पर पुलिस विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता कर मानव तस्करी जैसे गंभीर अपराध के प्रति जागरूकता प्राप्त की। कार्यक्रम में डीएसपी श्री लोकेश मार्को, टीआई श्रीमती प्रीति मिश्रा, एसआई श्री सरोज रामसख्य एवं एएसआई श्री मुकेश विश्वकर्मा, प्राचार्य डॉ. एस.के. पाल, शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यालय का स्टाफ मौजूद था। पुलिस अधिकारियों ने




विद्यार्थियों को मानव तस्करी के कारणों, इसके दुष्परिणामों तथा इससे बचाव के प्रभावी उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को सतर्क रहने, अनजान व्यक्तियों से सावधानी बरतने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया।




# रासेयो की छात्रा इकाई ने दिया संदेश- नशे से दूरी है जरूरी

## अभियान के अंतर्गत पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नरसिंहपुर के प्राचार्य डॉ. आर.बी. सिंह के संरक्षण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रानी कुमारी के मार्गदर्शन में नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत गत दिवस महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा उन्हें नशा मुक्त एवं स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना था। प्रतियोगिता में स्वयंसेवकों ने आकर्षक पोस्टरों एवं प्रभावशाली स्लोगनों के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश दिया।प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. साधना मेम एवं डॉ. लीना मेम उपस्थित रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों का मूल्यांकन रचनात्मकता, विषय-वस्तु एवं संदेश की प्रभावशीलता के आधार पर किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंजली चौधरी, द्वितीय स्थान मुस्कान बी तथा तृतीय स्थान आशना यादव ने प्राप्त किया। वहीं स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ज्योति वर्मा, द्वितीय स्थान मुस्कान बी तथा तृतीय स्थान पिंकी मेहरा ने प्राप्त किया।कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रानी कुमारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार एवं समाज तीनों के लिए घातक है। उन्होंने सभी युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन अपनाने तथा समाज में नशा मुक्ति का संदेश प्रसारित करने का आह्वान किया।कार्यक्रम का सफल संचालन दलनायिका मनीषा राजपूत द्वारा किया गया।कार्यक्रम में कल्पना साहू एवं स्वयंसेवकों के रूप में आशना यादव, ज्योति वर्मा, मुस्कान बी, पिंकी मेहरा, तनु नोरिया, अंजली चौधरी एवं शिखा साहू उपस्थित रहीं।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन तिथि 7 तक

**नरसिंहपुर।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय, बोहानी में सत्र 2027-28 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 7 अगस्त 2026 कर दी गई है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार तिवारी ने बताया कि ऐसे विद्यार्थी, जो वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2026-27 में नरसिंहपुर जिले के मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत हैं, वे निर्धारित वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण हों ग्रामीण विकास योजनाओं के लक्ष्य : कलेक्टर

## पीएम आवास, जल संरक्षण, पौधरोपण और स्वच्छता कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

**सिंगरौली।** कलेक्टर गौरव बैनल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पंचायत की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीण विकास विभाग की हितग्राहीमूलक योजनाओं एवं विभिन्न विकास कार्यों की जनपदवार समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास प्लस तथा पीएम जनमन एवं धरती आबा अभियान के अंतर्गत चिन्हित सभी पात्र हितग्राहियों के आवास शीघ्र स्वीकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों के बैंक खातों का सत्यापन कर एक सप्ताह के भीतर स्वीकृत आवेदनों की प्रथम किस्त जारी की जाए। साथ ही जिन हितग्राहियों ने निर्धारित मानकों के अनुरूप आवास निर्माण पूर्ण कर लिया है,



उन्हें 15 अगस्त से पूर्व योजना की तृतीय किस्त उपलब्ध कराई जाए। जिन ग्राम पंचायतों में लंबित प्रकरण अधिक हैं, वहां आवास निर्माण के लिए निर्माण सामग्री सामूहिक रूप से उपलब्ध कराने के प्रयास किए जाएं।

बैठक में विकसित भारत जन-जन अभियान एवं पौधरोपण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि एक सप्ताह के भीतर कार्ययोजना तैयार कर पौधरोपण प्रारंभ किया जाए। उन्होंने जल स्रोतों एवं जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विकसित तालाबों के आसपास स्थित शासकीय भूमि को प्राथमिकता देते हुए पौधरोपण कराने के निर्देश दिए। च्एक बगिया मां के नामज्ज अभियान के तहत उद्यानिकी विभाग के माध्यम से स्व-सहायता समूहों को फलदार पौधे उपलब्ध कराने की कार्रवाई भी सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए ग्राम पंचायत भवनों, विद्यालयों तथा नवीन शासकीय भवनों में रूफ रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली अनिवार्य रूप से विकसित करने के निर्देश दिए।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की समीक्षा के दौरान उन्होंने वास ऑन व्हील योजना में अधिक से अधिक स्वच्छता मित्रों को जोड़ने तथा उनकी मैपिंग कर शासकीय विद्यालयों एवं अन्य शासकीय भवनों की नियमित साफ-सफाई के माध्यम से उन्हें स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने पर बल दिया। साथ ही व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण प्राथमिकता से पूर्ण करने तथा आवश्यकतानुसार पात्र हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में कलेक्टर ने औद्योगिक इकाइयों एवं नगर निगम से लगे ग्राम पंचायत क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिए संबंधित कंपनियों एवं नगर निगम के साथ एमओयू कर कचरा संग्रहण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने 15वें वित्त आयोग अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की नियमित जांच करने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता मिलने पर तत्काल मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत को अवगत कराने के निर्देश संबंधित उपयंत्रियों एवं सहायक यंत्रियों को दिए। कलेक्टर ने 7 अगस्त से प्रारंभ होने वाले जन विश्वास अभियान के सफल संचालन के लिए अधिकारियों को सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के लंबित आवेदनों के निराकरण के साथ-साथ ग्राम पंचायत स्तर पर उपलब्ध सभी शासकीय सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक शत-प्रतिशत पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अभियान की नियमित समीक्षा करने के भी निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बैढ़न अजीत बरवा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चितरंगी मान सिंह सैयाम, आरईएस के मनोज बाथम सहित जिला पंचायत एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कंगना रनौत के बयान पर महिला कांग्रेस का हल्ला बोल

## छात्रों और महिलाओं के सम्मान का मुद्दा उठाते हुए सांकेतिक पुतला दहन

कटनी (स्वतंत्रमत)।





कटनी शहर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव रजनी वर्मा के नेतृत्व में महिला कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व निर्देशानुसार भारी संख्या में महिला कांग्रेस नेत्रियों एवं कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने मिलकर हिमाचल मंडी से सांसद कंगना रानाउत जिन्होंने जंतर मंतर में प्रदर्शन कर रहे छात्र और छात्राओं को गटर कहा एवं शिक्षा मंत्री प्रहलाद जोशी जिन्होंने बिलकिस बानो बलात्कार कांड जैसे जघन्य बलात्कार के आरोपियों का जेल से छूटने पर स्वागत किया एका सांकेतिक पुतला दहन किया, रजनी वर्मा ने कहा की कंगना राणावत जो छात्राओं के संस्कार की बातें करती हैं और उन्हें गटर छाप कहकर संबोधित करती हैं, और उनकी परवरिश पर सवाल उठाती है उनका कहना है कि यह पढ़ने वाली छात्राएं नहीं है बल्कि अशिक्षित और असभ्य परिवार से आने वाली बेटियां हैं और इनका व्यवहार पशुओं की तरह है आजाद भारत में अभिव्यक्ति का अधिकार सबको है हम मानते हैं कि जंतर मंतर में प्रदर्शन कर रहे कुछ छात्रों के द्वारा लगाए गए नारे और शब्द गलत हो सकते हैं लेकिन उनका इरादा केवल अपने हक के लिए लड़ने का था वह तो अभी छोटे हैं बड़े होते-होते शब्दों की मर्यादा और उसका ज्ञान उन्हें एक अच्छा नागरिक बनाएगा लेकिन आपने कभी भाजपा में बैठे उन अपराधिक प्रवृत्ति और बलात्कार के आरोपी नेताओं के बारे में कुछ नहीं बोला जिन्होंने महिलाओं के साथ दुराचार और अपराध में काफी नाम कमाया, और आज वह केंद्र और राज्य सरकार के बड़े-बड़े पदों में बैठे हुए हैं, भाजपा में मंत्री पद पर बैठे हुए संघी मानसिकता वाले मंत्री जो महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके सम्मान की बात करते हैं वही लोग महिला से दुराचार करने वाले आरोपियों के जेल से छूटने के बाद उनका स्वागत करते हैं उन्हें संरक्षण देते हैं यह कैसी दोगली मानसिकता है जनता और महिलाओं के साथ लगातार हो रहे इस छल का महिला कांग्रेस पूरे भारत भर में विरोध प्रदर्शन कर रही है और लगातार भाजपा सरकार को जनता के सामने आईना दिखाने का काम कर रही है।

कार्यक्रम के दौरान शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला ने कहा कि भाजपा मंत्री मंडल में बैठे सभी भ्रष्टाचारी मंत्रियों और सांसदों को उनके कर्मों और बड़बोलेपन का जवाब जल्दी ही जनता अपने मतों से जवाब देगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शहर जिला अध्यक्ष अमित शुक्ला, राकेश जैन कक्का, हरिशंकर शुक्ला, प्रेम बत्रा, करण सिंह चौहान, विजय पटेल, सेवा दल अध्यक्ष मंगल सिंह, अदिता वर्मा, लता कनौजिया, शशि यादव, कल्पना पाठक, मनीषा शर्मा, अर्चना जायसवाल, दुर्गावती कोल, रूपा पाठक, अर्चना दुबे, नजमा बी, सुषमा ठाकुर, रुक्मणी पांडे, लता खरे, सुनीता सोनी, सुमन सैनी, शशि शेखर भारद्वाज, कमलेश यादव, तुलाराम गोटिया, मौसुफ अहमद, संदीप यादव, श्याम पाहुजा, राकेश द्विवेदी, अजय कोल, फरीद मोहम्मद, साहिल नामदेव, ओंकार टेकाम, उदय सिंह, इमरान खान, दिलदार खान, विजय समुद्री, रमेश अहिरवार, अर्जुन सिंह, अमित सिंह, जालिम यादव, अहमद कुरैशी, मारूफ अहमद, इरशाद खान, जॉर्ज डेविड, आनंद पटेल, विनोद डेंगरे, जाज खान, हर्षित मिश्रा, राजा खान सहित अनेको कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

**फोटो : विकास गुप्ता**

# 33/11 केवी उपकेंद्र खिरहनी का हुआ शुभारंभ

### विधानसभा क्षेत्र मुड़वारा विधायक मुड़वारा के द्वारा किया औपचारिक विद्युत प्रवाह

कटनी (स्वतंत्रमत)।



30 जुलाई को विधायक विधानसभा क्षेत्र मुड़वारा संदीप जायसवाल द्वारा 33/11 केवी उपकेंद्र का औपचारिक विद्युत प्रवाह चालू किया गया है, आरडीएसएस योजना भारत सरकार की महत्वाकांक्षा योजना है, जिसमें सभी प्रदेशों में वितरण हानियों को कम करने उपभोक्ताओं को गुणवत्ता पूर्वक विद्युत आपूर्ति करने हेतु लक्ष्य रखा है, आरडीएसएस योजना के अंतर्गत कटनी जिले की मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र में खिरहनी में एक नवीन 33/11 केवी उपकेंद्र स्वीकृत है, जिसका निर्माण कार्य यूनिवर्सल कंपनी के द्वारा किया जा रहा है। 33/11 केवी उपकेंद्र खिरहनी हेतु 13.5 कि.मी. की 33 केवी लाइन एवं उपकेंद्र का निर्माण कार्य किया जाना है, जिसमें से मेजर्स यूनिवर्सल के द्वारा लगभग 7 कि.मी. की लाइन एवं उपकेंद्र का निर्माण कार्य कर दिया गया है 33/11 के वी उपकेंद्र से तीन नए 11 केवी फीडर उर्जित किया जाना है, पूर्व में इस क्षेत्र में 33/11 केवी उपकेंद्र एनकेजे से निकलने वाले 11 केवी खिरहनी फीडर से विद्युत आपूर्ति हो रही थी, खिरहनी फीडर पर अधिक लोड एवं फीडर की लंबाई अधिक होने के कारण शटडाउन एवं ब्रेकडाउन कि आवर्ती अधिक होने के कारण बिजली की समस्या रहती थी, खिरहनी में नए उपकेंद्र के निर्माण होने से 60 प्रतिशत खिरहनी फीडर का भार कम कर दिया गया है एवं नए फीडर तिलक कॉलेज से चालू किया गया है जिसकी विद्युत आपूर्ति दुर्गा चौक, प्रेमनगर, तिलक कॉलेज, राहुल बाग इत्यादि क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से 30 जुलाई को विधायक मुड़वारा के कर कमलों से सुचारू रूप से चालू कर दी गई है, अन्य दो 11 केवी फीडर एवं शेष अन्य निर्माण कार्य जारी है, जल्द पूर्ण होने पर विधायक द्वारा अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पण किया जाएगा। इस क्षेत्र के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के लगभग 20000 उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिल सकेगा, खिरहनी उपकेंद्र के औपचारिक रूप से विद्युत प्रवाह चालू करने हेतु समारोह में विधानसभा क्षेत्र मुड़वारा के जनप्रतिनिधि एवं उपभोक्ता उपस्थित रहे, मुख्यत: मंडल अध्यक्ष रजत जैन, प्रदीप उपाध्याय, पप्पू बजाज, रजनीश तिवारी, अजय सरावगी, आरपी सिंग विभाग की ओर से अधीक्षण अभियंता कटनी व्रत डीएन चौकीकर, कार्यपालन अभियंता शहर संभाग मुकेश मोहबे, कार्यपालन अभियंता एसटीएम संभाग शुशीला सिंह एवं संधारण प्रभारी संदीप यादव अन्य कनिष्ठ अभियंता एवं कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

**फोटो : विकास गुप्ता**



## औषधि प्रशासन की कार्रवाई: मेडिकल स्टोर्स पर औचक छापेमार निरीक्षण

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जिले में दवाओं के सुरक्षित एवं वैधानिक विक्रय को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने निगरानी और सख्ती तेज कर दी है। जिला स्तरीय एनकोर्ड समिति की बैठक में कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में औषधि प्रशासन विभाग ने शनिवार को शहर के विभिन्न मेडिकल स्टोर्स पर औचक निरीक्षण अभियान चलाया। ड्रग इंस्पेक्टर सोनम जैन के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान औषधि विक्रय से जुड़े अभिलेखों, दवा भंडारण, लाइसेंस संबंधी प्रावधानों तथा वैधानिक व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शासकीय अस्पताल के समीप स्थित विनय मेडिकल एवं शर्मा मेडिकल, दुर्गा चौक स्थित मनोहर मेडिकल एवं सम्पत मेडिकल, आकाश मेडिकल, हरी मेडिकल, रोशन नगर स्थित तिवारी मेडिकल एंड जनरल स्टोर, आयुष मेडिकेयर, तिलक कॉलेज रोड स्थित अनिल मेडिकल एंड जनरल स्टोर तथा अंशिका मेडिकल सहित अनेक औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान औषधि विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि औषधियों के क्रय-विक्रय संबंधी समस्त अभिलेख अद्यतन एवं नियमानुसार संधारित किए जाएं तथा प्रत्येक दवा का विक्रय केवल औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम तथा निर्धारित वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप ही किया जाए। कुछ प्रतिष्ठानों से औषधियों के क्रय एवं विक्रय से संबंधित रिकॉर्ड प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

निरीक्षण के दौरान ड्रग इंस्पेक्टर ने स्पष्ट रूप से कहा कि फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में किसी भी प्रकार की शेड्यूल दवा का विक्रय नहीं किया जाएगा। बिना बिल के दवा बेचना, एक्सपायरी दवाइयों को विक्रय काउंटर पर रखना तथा फिजिशियन सैंपल की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके साथ ही चार वर्ष से कम आयु के बच्चों को चिकित्सकीय परामर्श के बिना कोई दवा नहीं देने तथा किसी भी प्रकार की कफ सिरप का विक्रय केवल चिकित्सक के वैध पर्चे के आधार पर ही करने के निर्देश दिए गए।

# सायना में बिखरे कविता के रंग

### ओज, श्रृंगार, हास्य और देशभक्ति की कविताओं ने बाँधा समा



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** सायना इंटरनेशनल स्कूल कटनी में हिन्दी दिवस के अवसर पर अंतरसदनीय हिन्दी काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत राजेश्वरी खरे के साथ सायना के वरिष्ठ छात्र राममोहन सिंह परमार, रोहन पंजवानी एवं अंशुमन ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओज रस के युवा कवि तुषार भट्टाचार्य तपन, अध्यक्ष सायना के प्राचार्य डॉ आदित्य कुमार शर्मा, विशिष्ट अतिथि मैनेज़मेंट प्रतिनिधि मि. ऋषि अरोरा, किड्स प्रभारी डॉ भारती शर्मा, हेडमास्टर कमल सरेचा एवं समन्वयक रीत मोंगा ने माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मि. दिनेश शर्मा के मार्गदर्शन में छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। काव्यपाठ की शानदार प्रस्तुति का सफल मंच संचालन तुषार भट्टाचार्य तपन ने अपनी ओजपूर्ण कविताओं के साथ करके कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ा दिया। कार्यक्रम में कविताओं के विविध रंग छाए रहे। किसी ने ओज को प्रस्तुत किया, तो किसी प्रेम के रंग बिखेरे, तो किसी ने हास्य को हथियार बनाकर प्रतियोगिता जीत ली। कनिष्ठ वर्ग से सफायर हाउस के कैडिट तेजस त्रिपाठी को प्रथम, रूबी हाउस से सैफ अली द्वितीय और एमरल्ड हाउस की कैडिट वर्धा त्रिपाठी तृतीय स्थान पर रहे। वही वरिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान पर जहाँ रूबी हाउस की यशी गुप्ता रहीं, वहीं द्वितीय स्थान पर सफायर हाउस की ज्योति मिश्रा व तृतीय स्थान टोपेज हाउस की शिवांशी सिंह परिहार रहीं। जहाँ तेजस त्रिपाठी ने ओज की कविता के माध्यम से श्रोताओं में ऊर्जा का संचार कर दिया, वहीं ज्योति मिश्रा, शिवांशी सिंह व यशी गुप्ता ने अपनी श्रृंगार की कविताओं के माध्यम से सभी को प्रभावित किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि हिन्दी न केवल हमारी मातृभाषा है बल्कि यह पूर्णत: वैज्ञानिक भाषा है।

हमें उच्चारण करते समय इसकी शुद्धता का ध्यान रखना चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. लोकेश दुबे ने शुभकामनाएँ देते हुए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। आभार प्रदर्शन विभाग प्रभारी दिलीप कुमार झा ने किया।



## स्लीमनाबाद पुलिस ने गांजा तस्कर को बीस किलो से अधिक गांजे के साथ दबोचा

कटनी (स्वतंत्रमत)।

पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा द्वारा समाज को नशामुक्त बनाने व अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु प्रभावी कार्यवाहियां किए जाने निर्देशित किया गया है जिनके निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी स्लीमनाबाद निरीक्षक के नेतृत्व में स्लीमनाबाद पुलिस स्टाफ को 01 अगस्त को आरोपी से 20 किलो 548 ग्राम गांजा जप्त करने में सफलता प्राप्त की है। 01 अगस्त को स्लीमनाबाद पुलिस को अपराध पतासाजी के दौरान ग्राम तेवरी राज स्वीट कॉर्न कैफे के बाजू मे बने यात्री प्रतीक्षालय पर एक व्यक्ति बैठा हुआ था जो दोनों हाथों मे दो ट्राली बैग एक छोटा व एक बड़ा बैग लिए था जो पुलिस को देखकर घबराने लगा जिसकी गतिविधि संदिग्ध प्रतीत होने पर हमराह स्टॉफ के घेराबन्दी कर पकड़कर पूछताछ पर अपना नाम अभिषेक यादव पिता स्व. तूफानी यादव उम्र 26 साल नि ग्राम घुघरी थाना स्लीमनाबाद जिला कटनी का होना बताया संदेह होने पर उपरोक्त दोनों ट्रॉली बैग की तलाशी ली गई जिसमें बड़े ट्रॉली बैग में 13 पैकेट एवं छोटे ट्रॉली बैग में 07 पैकेट खाकी रंग के टेप से में लिपटे हुए हरे रंग का मादक पदार्थ गांजा जैसी वस्तु पाया गया जिसकी पहचान करने पर मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया जो तौल पर कुल 20 किलोग्राम 548 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत करीबन 2,10,000/- (दो लाख दस हजार) रुपये को विधिवत जप्त किया जाकर मौके पर विधिवत कार्यवाही की गई। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 497/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

# खेलो इंडिया टैलेंट सर्च हुआ संपन्न



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** खेलो इंडिया टैलेंट सर्च 31 जुलाई को कटनी जिले ऑर्डिनेंस ग्राउंड में संपन्न हुआ। जिसमें बच्चे बढ़-चढ़कर भाग लिए कटनी के वरिष्ठ खिलाड़ी देवी प्रसाद उफ (डब्बू) सर और उमाशंकर, खेल विभाग के कोच और कोऑर्डिनेटर खेलो इंडिया कोच रेखा पटेल के सहयोग से संपन्न कराया गया। जितने भी बच्चे सेलेक्ट होंगे उन्हें फ्री प्रशिक्षण और सरकार की तरफ से ट्रैकसूट, शूज दिया जाएगा।

### सेवा भाव के साथ मनाई गुरु पूर्णिमा

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** गुरु की संगति मात्र से अज्ञानी भी ज्ञानी बन सकता है। गुरु का आशीर्वाद हर मुश्किल से पार निकाल देता है। गुरु के प्रति अपनी इसी सेवाभाव को व्यक्त करते हुए जायंट्स ग्रुप ऑफ कटनी आहना की समाज सेविकाओं ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अपने डांस गुरु बलभद्र गौर के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान आहना की समाज सेविकाओं ने अपने गुरु से केक कटवा कर सेलिब्रेट किया।

## अमकुही के मिल एवं कारखाना मालिकों के साथ पुलिस की सुरक्षा बैठक

कटनी (स्वतंत्रमत)।



पुलिस एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा औद्योगिक क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 31 जुलाई को पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य के मार्गदर्शन में थाना माधवनगर क्षेत्रांतर्गत औद्योगिक क्षेत्र (इंडस्ट्रियल एरिया) अमकुही में संचालित विभिन्न मिलों एवं कारखानों के मालिकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएसपी अजाक शिवा पाठक की उपस्थिति में थाना प्रभारी माधवनगर ने कारखाना संचालकों के साथ सुरक्षा संबंधी विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक के दौरान कारखाना मालिकों को सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने एवं पुलिस के साथ नियमित समन्वय बनाए रखने के संबंध में आवश्यक सुझाव एवं निर्देश दिए गए। प्रमुख रूप से निम्नलिखित विषयों पर चर्चा की गई- कारखाना परिसर में सीसीटीवी कैमरे, प्रवेश-निकास रजिस्टर एवं सुरक्षा गार्ड की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करना। बाहरी एवं प्रवासी श्रमिकों का सत्यापन कर उनकी जानकारी स्थानीय पुलिस को उपलब्ध कराना। रात्रिकालीन पाली में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना। चोरी, अवैध कब्जे, संदिग्ध व्यक्तियों अथवा असामाजिक तत्वों की गतिविधियों की तत्काल सूचना पुलिस को देना। श्रमिकों से संबंधित विवादों का शांतिपूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण करना। आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित संपर्क हेतु पुलिस हेल्पलाइन नंबर को प्रतिष्ठानों में प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित करना। बैठक में पुलिस अधिकारियों द्वारा कारखाना मालिकों को आश्वस्त किया गया कि किसी भी प्रकार की सुरक्षा संबंधी समस्या अथवा आपात स्थिति में कटनी पुलिस सदैव उनके सहयोग एवं सुरक्षा के लिए तत्पर रहेगी। साथ ही सभी उद्योग संचालकों से पुलिस प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना देने की अपील की गई।

**फोटो : विकास गुप्ता**

### गुमशुदा महिला को चंद घण्टों में दस्तयाव कर परिजनों के सुपुर्द किया

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा नाबालिग बालक/बालकिओं एवं महिलाओ की गुमशुदगी के मामलों की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए दस्तयावी किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके पालन में थाना कोतवाली कटनी द्वारा दस्तयावी के लगातार सफल प्रयास किए जा रहे है। इसी क्रम में थाना कोतवाली कटनी द्वारा 30 जुलाई को गुम हुई महिला को 24 घंटे मे दस्तयाव कर उसे पुन: परिवार से मिलाने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। 30 जुलाई को प्रार्थी रजाराम काछी निवासी नदीपार कैलवारा फाटक कटनी द्वारा रिपोर्ट लेख कराया कि इसकी लडकी उम्र 25 वर्ष की घर में बिना बताए कहीं चली गई थी। जिसका कहीं पर भी पता न चलने पर थाना कोतवाली कटनी मे बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया। विस्तृत पूछताछ की गई तत्काल टीम को रवाना कर टीम के द्वारा गुमशुदा को चंद घंटो मे दस्तयाव कर चौकी प्रभारी बस स्टेण्ड उनि. नेहा मौर्य के द्वारा गुमशुदा से काउंसलिंग भी की गई ।

# तीन किलो सोने का क्या है रहस्य

### टैक्स चोरी एवं स्मगलिंग के संदेह में चल रही सीजीएसटी की जांच

### गिरफ्तार युवकों ने लिया सराफा कारोबारी का नाम



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** सोने की तस्करी मामले में नया अपडेट सामने आया है। सूत्रों के मुताबिक गुरुवार की रात कटनी जंक्शन में तीन किलो सोने के साथ गिरफ्तार किए गए सागर निवासी दो युवकों से पूछताछ में कई बड़े खुलासे हुए हैं। पूछताछ में युवकों ने कटनी शहर के एक प्रतिष्ठित सराफा व्यापारी का नाम लिया है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि कोलकाता से वह यह सोना सराफा व्यापारी के लिए लाए थे, लेकिन इसके पहले ही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि आरोपियों से पूछताछ के बाद मिले क्लू के आधार पर डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) की टीम ने अपनी जांच का दायरा बढ़ाया और सराफा बाजार पहुंचकर एक सराफा व्यापारी की फर्म पर दबिश दी। दोपहर दो बजे से शुरू हुई जांच शाम तक चलती रही। पूछताछ में क्या बातें सामने आई है, इसका खुलासा अभी तक नहीं हो सका है। अब देखना है कि इस मामले में डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) की टीम क्या कार्रवाई करती है। यह भी पता चला है कि सीजीएसटी टीम द्वारा दोनों आरोपियों को कटनी लाकर जिला चिकित्सालय में मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। कटनी स्टेशन से पकड़े गए दो युवक सोने की कथित तस्करी के खिलाफ डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम ने कटनी रेलवे स्टेशन में दबिश देते हुए सागर के दो युवकों को करीब तीन किलो सोने के साथ हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक कोलकाता से ट्रेन के माध्यम से सोना लेकर सागर आ रहे थे, दोनों युवक सागर शहर के निवासी बताये गए हैं, जिनका नाम अभिषेक और आयुष बताया गया हैं।

**गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई**-डीआरआई को पहले से इसकी गोपनीय सूचना मिली थी, जिसके आधार पर पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। सूत्रों के अनुसार डीआरआई अधिकारियों ने कटनी रेलवे स्टेशन पर पहले से निगरानी कर रखी थी। ट्रेन के स्टेशन पहुंचते ही संदिग्ध दोनों युवकों को रोककर पूछताछ की गई और तलाशी लेने पर उनके पास से लगभग तीन किलो सोना बरामद हुआ। इसके बाद दोनों को हिरासत में लेकर आगे की जांच के लिए जबलपुर ले जाया गया।

**सोने की तस्करी में संगठित तस्करी गिरोह तो सक्रिय नहीं**-बताया जा रहा है कि डीआरआई ने आरोपियों से बरामद सोने के संबंध में खरीद-बिक्री के बिल, टैक्स संबंधी दस्तावेज और अन्य वैध अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा, लेकिन संतोषजनक दस्तावेज नहीं मिलने पर सोना जब्त कर लिया गया। एजेंसी अब यह पता लगाने में जुटी है कि सोने की तस्करी के पीछे कोई संगठित तस्करी गिरोह तो सक्रिय नहीं है। सूत्रों का कहना है कि पूछताछ के दौरान कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं और इस मामले में अन्य लोगों की संलिप्तता भी उजागर हुई है, हालांकि डीआरआई की ओर से अभी तक इस कार्रवाई की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। जांच पूरी होने के बाद ही पूरे मामले का खुलासा होने की उम्मीद है।

**फोटो : विकास गुप्ता**

# पैरा एथलीट सोमन राणा ने जीता स्वर्ण पदक

### शुभम जुयाल को मिला रजत पदक

ग्लासगो (स्कॉटलैंड)(वार्ता) राष्ट्रमंडल खेल 2026 के 10वें दिन शनिवार को पैरा एथलेटिक्स में पुरुषों की शॉट पुट एफ 57 स्पर्धा में सोमन राणा ने स्वर्ण पदक तथा शुभम जुयाल ने रजत पदक जीता। आज यहां पुरुषों का शॉट पुट एफ57 फाइनल में एथलीट सोमन राणा ने 13.40 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता। वहीं शुभम जुयाल ने 13.28 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ रजत पदक अपने नाम किया। यह कॉमनवेल्थ गेम्स में पुरुषों के शॉट पुट एफ 57 स्पर्धा में भारत का पहला स्वर्ण पदक है और पुरुषों के शॉट पुट एफ57 में देश का पहला युगल पोडियम फिनिश है।

**भारतीय पैरा एथलीट दल ने जीते तीन स्वर्ण सहित सात पदक**

भारतीय पैरा एथलीट दल ने राष्ट्रमंडल खेल 2026 में तीन स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य सहित कुल सात पदक जीते। इसी के साथ पैरा



स्पोर्ट्स में अब तक के सबसे बेहतरीन प्रदर्शन के साथ भारत का सफर संपन्न हुआ। राष्ट्रमंडल खेल 2026 की पैरा एथलेटिक्स में भारतीय दल ने छह पदक जीते जिनमें तीन स्वर्ण, 2 रजत और एक कांस्य पदक रहा। इसी के साथ राष्ट्रमंडल खेल में पैरा एथलेटिक्स मेडल के लिए भारत का 20 साल का इंतजार खत्म हुआ। एक कांस्य पदक पैरा पावरलिफ्टिंग में मिला। प्रमुख पैरा एथलीट में शर्मिला धनखड़ ने महिला एफ 57 गोला फेंक (शॉट पुट) प्रतियोगिता में 9.81 मीटर के सीजन-बेस्ट थ्रो के साथ भारत के लिए पैरा-एथलेटिक्स का पहला ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता। दिलीप महादू गावित ने पुरुषों की 100 मीटर टी- 47 स्पर्धा में गेम्स रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। सोमन राणा ने पुरुषों की एफ 57 गोला फेंक स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता।

शुभम जुयाल ने पुरुषों की एफ 57 गोला फेंक स्पर्धा में सोमन राणा के साथ रजत पदक जीतकर ऐतिहासिक डबल पोडियम फिनिश किया। मोहम्मद बासिल ने पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रजत




## ट्रिपल जंप में प्रवीण चित्रवेल ने जीता रजत, सेल्वा प्रभु को मिला कांस्य

भारतीय एथलीट प्रवीण चित्रवेल और सेल्वा प्रभु थिरुमारन ने शनिवार को पुरुषों की ट्रिपल जंप स्पर्धा के फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। इसी के साथ लगातार कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत के लिए ट्रिपल जंप में दो पोडियम फिनिश किये। प्रवीण चित्रवेल, जो 2022 राष्ट्रमंडल खेल में 3 सेमी. से कांस्य पदक से चूक गए थे, ने चार साल बाद रजत पदक जीतकर खुद को साबित किया। उन्होंने 16.58मी. की छलांग लगाई, जबकि जॉर्डन स्कॉट ने 16.72मी. छलांग के साथ स्वर्ण पदक जीता। दिलचस्प बात यह है कि चित्रवेल ने 2022 में 16.89मी. की छलांग लगाई थी। जिसे फाउल के कारण अमान्य करार दिया गया। सेल्वा प्रभु ने अपने पहले राष्ट्रमंडल खेल में 16.52मी. की छलांग के साथ कांस्य पदक जीता। प्रवीण चित्रवेल तमिलनाडु के तंजावुर जिले के एक गांव से ताल्लुक रखते हैं। उनका जन्म आर्थिक रूप से कमजोर परिवार में हुआ। उनके पिता दिहाड़ी पर खेतों में मजदूरी करते थे, जबकि उनकी मां गृहिणी हैं। प्रवीण के एथलेटिक्स करियर की शुरुआत 2018 के पहले खेलो इंडिया स्कूल गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने के साथ हुई। इसके बाद उन्होंने स्पोर्ट्स डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ तमिलनाडु के चेन्नई स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में कोच इंदिरा सुरेश के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण लिया और भारत के सबसे प्रतिभाशाली ट्रिपल जंप खिलाड़ियों में अपनी पहचान बनाई। नागरकोइल में प्रशिक्षण के दौरान प्रवीण ने 2018 यूथ ओलंपिक गेम्स में पुरुषों की ट्रिपल जंप स्पर्धा का कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। वह इस स्पर्धा में यूथ ओलंपिक में पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने। उनके शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स का समर्थन मिला, जिसकी मदद से उन्होंने इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट (आईआईएस), बेल्लारी में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त किया। वर्ष 2023 में प्रवीण चित्रवेल एशिया के शीर्ष ट्रिपल जंप खिलाड़ियों में शामिल हो गए। उन्होंने अस्ताना में आयोजित एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 16.98 मीटर की राष्ट्रीय इंडोर रिकॉर्ड छलांग के साथ रजत पदक जीता। इसके बाद उन्होंने 17.37 मीटर की छलांग लगाकर भारत का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और हांगझोउ एशियाई खेलों में कांस्य पदक अपने नाम किया। वर्ष 2024 में प्रवीण ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया और भारत का प्रतिनिधित्व किया।

## नीरज चोपड़ा ने रजत और यश वीर सिंह ने जीता कांस्य पदक




भारत के स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा रजत पदक जीता। वहीं उनके हमवतन यश वीर सिंह ने कांस्य पदक जीत कर राष्ट्रमंडल खेल 2026 में देश का नाम रोशन किया। टॉप्स कोर एथलीट नीरज चोपड़ा ने 85.83 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो करके रजत पदक जीता। वहीं खेलो इंडिया एथलीट यश वीर सिंह ने 85.41 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। एक अन्य भारतीय एथलीट रोहित यादव 81.56 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ सातवें स्थान पर रहे। इस स्पर्धा में श्रीलंका के रूमेश थरंगा ने 89.75 मी. भाला फेंक कर स्वर्ण पदक जीता। यह पहली बार है जब जैवलिन थ्रो में दो भारतीय एथलीटों ने पदक जीते हैं। नीरज चोपड़ा का राष्ट्रमंडल खेलों में यह दूसरा पदक है । इससे पहले उन्होंने वर्ष 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था।

## जादुमणि सिंह को सिल्वर मेडल मिला

पुरुषों के 55 किग्रा फ़ाइनल में ऑस्ट्रेलिया के जे डिक्सन से सर्वसम्मति से हारने के बाद जादुमणि सिंह ने सिल्वर मेडल जीता। प्रीति पवार और जैस्मीन लंबोरिया के अपनी-अपनी वेट कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीतने के बाद, बॉक्सिंग फ़ाइनल में यह भारत की दिन की पहली हार थी। इससे पहले भारतीय महिला मुक्केबाज प्रीति पवार (54 किग्रा) और जैस्मिन लैंबोरिया (57 किग्रा) ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक जीते। प्रीति पवार ने कनाडा की अपनी प्रतिद्वंद्वी एस एस डेलगाडो हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम



किया। प्रीति ने कनाडा की एसएस डेलगाडो के खिलाफ 5-0 से जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक जीता। तीसरे और आखिरी राउंड में प्रीति ने अपनी प्रतिद्वंद्वी से ज्यादा और ज्यादा सटीक पंच मारे हैं। डेलगाडो पूरे मुकाबले में संघर्ष करती दिखी। जैस्मिन लैंबोरिया ने 57 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में नॉर्दर्न आयरलैंड की माइकेला वॉल्श को 5-0 (सर्वसम्मत निर्णय) से हराकर भारत के लिए दूसरा स्वर्ण पदक जीता। मुकाबले में जैस्मिन ने सावधानी बरतते हुए अपने पंच सटीक तरीके से वॉल्श पर मारते हुए अंक अर्जित किये।

## तेजस्विन शंकर ने जीता कांस्य पदक

भारतीय एथलीट तेजस्विन शंकर ने राष्ट्रमंडल खेल 2026 में पुरुषों की डेकाथलॉन स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए घुटने के दर्द को हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। तेजस्विन शंकर ने पुरुषों की डेकाथलॉन स्पर्धा में कुल 7,976 अंक हासिल करके ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता है। इसी के साथ वह कठिन 10-स्पर्धाओं वाली प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए हैं। ग्रेनेडा के लिंडन विक्टर ( 8,096 अंक) के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया और कनाडा के डेमियन वार्नर (8,036 अंक) के साथ रजत पदक जीता।

हर्ष टोकस क्वार्टर फाइनल में हारे, उन्नति सेफा में

राष्ट्रमंडल खेलों के जूडो मुकाबलों में पुरुषों के 81 किग्रा क्वार्टर फाइनल में भारत के हर्ष टोकस को साइप्रस के ओडिसीस जॉर्जाकिस से हार का सामना करना पड़ा। जॉर्जाकिस ने युको स्कोर बनाकर मुकाबला अपने नाम करने से पहले भारतीय को दो शिदो पेनाल्टी प्राप्त की। इस बीच



महिलाओं के 63 किग्रा वर्ग में उन्नति शर्मा ने क्वार्टर में वाजा-एरी द्वारा न्यूजीलैंड की कोना क्रिस्टी को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत के करणजीत सिंह मान ने पुरुषों के 90 किग्रा वर्ग के प्री-क्वार्टरफाइनल में न्यूजीलैंड के एलियट कॉनॉली को इप्पोन से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया है।

**प्रियंका गोस्वामी पैदल चाल में चौथे स्थान पर रहीं**

प्रियंका गोस्वामी महिलाओं की 10,000 मीटर रेस वॉक फ़ाइनल में चौथे स्थान पर रहीं। उन्होंने 45:53.93 का समय लिया और कॉमनवेल्थ गेम्स में अपना दूसरा मेडल जीतने से चूक गईं। रेस के दौरान तीन रेड कार्ड मिलने के कारण उनकी साथी खिलाड़ी रवीना गायकवाड़ को डिसक्वालिफ़ाई कर दिया गया।

**पुरुषों के स्प्रिंट क्वालिफिकेशन से भारतीय तिकड़ी बाहर**

भारत के रोजित सिंह यांगलेम (10.297), रोनाल्डो सिंह लैतोंजम (10.331) और डेविड बेकहम एल्काटोहचूंगो (10.488) पुरुषों के स्प्रिंट क्वालिफिकेशन में क्रमशः 22वें, 24वें और 25वें स्थान पर रहने के बाद राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर हो गए। केवल शीर्ष 16 राइडर्स ही क्वार्टर-फ़ाइनल में आगे बढ़ पाए।

# हुआंग यू हसुन को हराकर तन्वी शर्मा ताइपे ओपन के फाइनल में

**ताइपे (वार्ता)।** भारतीय शटलर तन्वी शर्मा ने शनिवार को सेमीफाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे की पांचवीं वरीयता प्राप्त हुआंग यू-हसुन को हराकर ताइपे ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में जगह बना ली। आज यहां खेले गये मुकाबले में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा ने हुआंग यू हसुन को 21-17, 21-11 से हराकर ताइपे



ओपन सुपर 300 के महिला एकल फाइनल में जगह बनाई। इस जीत के साथ, वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी ने यूएस ओपन 2025 में उप विजेता रहने के बाद दूसरी बार बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 300 इवेंट के फ़ाइनल में अपनी जगह पक्की की है। खिताबी मुकाबले में उनका सामना वियतनाम की छठी वरीयता प्राप्त गुयेन थुई लिन्ह से होगा।

# स्वितोलिना को हराकर एलेक्जेंड्रा मुबाडाला डीसी ओपन के सेफा में

वॉशिंगटन (वार्ता)

एलेक्जेंड्रा एला ने दूसरी वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को हराकर पहली बार मुबाडाला डीसी ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई और अब उनका मुकाबला नाओमी ओसाका से होगा। फिलीपींस की टेनिस स्टार ने शुक्रवार को शानदार खेल दिखाते हुए यूक्रेन की दुनिया की नंबर 10 खिलाड़ी स्वितोलिना को 6-3, 6-4 से हराया। इस सीजन में टॉप-10 खिलाड़ी के खिलाफ एला की यह छठी और लगातार चौथी जीत थी। उन्होंने हाल ही में शानदार फॉर्म जारी रखा है, जिसमें विंबलडन के अंतिम 16 में पहुंचना भी शामिल है। 21 वर्षीय खिलाड़ी ने मैच के बाद कहा, आज मैं बहुत अच्छी सोच के साथ आई थी। उन्होंने जून में बर्लिन में ग्रास कोर्ट पर भी स्वितोलिना को इसी स्कोरलाइन से हराया था। मुझे लगता है कि मैंने बहुत अच्छा खेला। एला का सेमीफाइनल में मुकाबला तीसरी वरीयता प्राप्त ओसाका से होगा, जिन्होंने क्वार्टर



फाइनल में एलिसाबेटा कोकियारेटो के खिलाफ एक सेट हारने के बाद वापसी करते हुए 4-6, 6-4, 6-3 से जीत हासिल की। ओसाका के साथ होने वाले मुकाबले के बारे में एला ने कहा, मैं बहुत उत्साहित हूं। मुझे उम्मीद है कि यह मुकाबला उम्मीदों पर खरा उतरेगा। वह बहुत कामयाब खिलाड़ी हैं। मुझे लगता है कि उन्होंने टेनिस कोर्ट के अंदर और बाहर कई वजहों से अपनी पहचान बनाई है। इसके लिए उनके प्रति बहुत सम्मान है। शनिवार को होने वाला दूसरा सेमीफाइनल टॉप-रैंक वाली जेसिका पेगुला और चौथी वरीयता प्राप्त डायना श्नाइडर के बीच खेला जाएगा। पुरुषों के ड्रॉ में, दूसरी वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन को क्वार्टर फाइनल में चिली के एलेजांद्रो टैबिलो ने चौंकाते हुए 4-6, 7-5, 6-4 से हरा दिया। टैबिलो अब सेमीफाइनल में स्पेन के राफेल जोदार से भिड़ेंगे, जबकि अंतिम-चार का दूसरा मुकाबला अमेरिका के दो पसंदीदा खिलाड़ियों, टेलर फ्रिट्ज और ब्रैंडन नकाशिमा के बीच होगा।

# मारुति ने बनाया घरेलू बिक्री का नया रिकॉर्ड




नयी दिल्ली (वार्ता)।

देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया की मासिक घरेलू बिक्री जुलाई में नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गयी। कंपनी ने शनिवार को बताया कि जुलाई में उसने घरेलू बाजार में कुल 2,00,123 वाहन बेचे जो अब तक का रिकॉर्ड है। यह पहली बार दो लाख के पार पहुंच है। इसके अलावा उसने दूसरे विनिर्माता (सुजुकी) के 11,242 वाहन बेचे जबकि 30,056 वाहनों की निर्यात किया। इस प्रकार निर्यात समेत उसकी कुल बिक्री 2,41,421 इकाई रही। यात्री कारों की उसकी बिक्री एक साल पहले की तुलना में 42 प्रतिशत बढ़कर 1,03,456 इकाई पर पहुंच गयी। उपयोगी वाहनों की बिक्री में 49 प्रतिशत और वैनों की बिक्री में 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई। ये क्रमशः 78,851 इकाई और 13,896 इकाई पर रहीं। हल्के वाहनों की बिक्री में भी 40 प्रतिशत का इजाफा हुआ। जुलाई में इनकी बिक्री 3,920 इकाई हो गयी।

# वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर दिल्ली में 192 रुपये सस्ता

नयी दिल्ली (वार्ता)।

तेल विपणन कंपनियों ने शनिवार से 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर की कीमतों में कटौती की है। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, दिल्ली में एक अगस्त से वाणिज्यिक एपलीजी सिलेंडर 2,930 रुपये की जगह 2,738 रुपये का मिलेगा। इस प्रकार इसमें 192 रुपये की कटौती की गयी है। वहीं, 14 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत 942 रुपये पर स्थिर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में गिरावट के



बाद सार्वजनिक तेल विपणन कंपनियों ने वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के लिए जुलाई में भी रसोई गैस के दाम घटाये थे। उस समय दिल्ली में कीमत 183.50 रुपये कम की गयी थी। देश के अलग-अलग शहरों में वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमत और कटौती अलग-अलग है। यह कंपनियों की लागत और अन्य स्थानीय कारकों के हिसाब से तय होती है। कोलकाता में आज से 19 किलोग्राम वाला वाणिज्यिक सिलेंडर 2,872.50 रुपये का हो गया है। इसकी कीमत में 209 रुपये की कटौती हुई है। मुंबई में कीमत 194 रुपये और चेन्नई में 200 रुपये कम की गयी है। दोनों महानगरों में नयी कीमत क्रमशः 2,691.50 रुपये और 2,906 रुपये है। घरेलू इस्तेमाल वाले 14 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की कीमत मुंबई 941.50 रुपये, कोलकाता में 968 रुपये और चेन्नई में 957.50 रुपये पर स्थिर है। पश्चिम एशिया संकट के कारण रसोई गैस की आपूर्ति में बाधा के मद्देनजर तेल विपणन कंपनियों ने मार्च से जून के बीच एलपीजी के दाम में अच्छी खासी वृद्धि की थी। आम लोगों को राहत देने के उद्देश्य से घरेलू सिलेंडर के दाम ज्यादा नहीं बढ़ाये गये थे। अब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में कमी के बाद वाणिज्यिक सिलेंडर के दाम लगातार दूसरी बार घटाये गये हैं।

# विमान ईंधन 12,300 रुपये प्रति किलोलीटर महंगा

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** तेल विपणन कंपनियों ने अगस्त में विमान ईंधन (एटीएफ) के दाम बढ़ा दिये हैं। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के सूत्रों ने बताया कि एक अगस्त से घरेलू उड़ानों के लिए विमान ईंधन के दाम 12,300 रुपये प्रति किलोलीटर बढ़ाये गये हैं। हालांकि अलग-अलग स्थानों पर परिवहन लागत तथा अन्य कारणों से इसमें थोड़ा अंतर हो सकता है। उल्लेखनीय है कि कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर इस साल एक अप्रैल के बाद से विमान ईंधन के मूल्य का अपडेट देना बंद कर




दिया है। पश्चिम एशिया संकट के कारण अप्रैल से अंतरराष्ट्रीय बाजार में विमान ईंधन के दाम तेजी से बढ़े। जून के बाद हालांकि इसमें कुछ नरमी जरूर आयी है लेकिन यह अब भी ऊंची बनी हुई है। विमान सेवा कंपनियों के कुल व्यय में 35 से 40 प्रतिशत इसी मद में खर्च होता है।

# तय तारीख तक 5.9 करोड़ लोगों ने भरा आयकर रिटर्न

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** आकलन वर्ष 2026-27 के लिए आयकर रिटर्न भरने का आखिरी तारीख समाप्त हो गयी है और इस दौरान 5.9 करोड़ लोगों ने रिटर्न दाखिल किया है। आकलन वर्ष 2026-27 के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई थी। आयकर विभाग ने शनिवार को बताया कि 31 जुलाई तक 5.9 करोड़ लोगों ने रिटर्न दाखिल किया। इसमें तकरीबन 82 लाख रिटर्न आखिरी दो दिन में दाखिल किये गये। विभाग के अनुसार, 30 जुलाई को 42 लाख लोगों ने और 31 जुलाई को लगभग 40 लाख लोगों ने रिटर्न दाखिल किये। विभाग ने इसके लिए आयकरदाताओं को धन्यवाद दिया है। नौकरी पेशा लोगों के लिए वित्त वर्ष 2025-26 में 12 लाख रुपये तक की सालाना आय कर मुक्त कर दी गयी है। उसके बाद पहली बार आयकर रिटर्न दाखिल किये गये हैं। इसके साथ ही इस बार सभी के लिए आयकर की नयी व्यवस्था के तहत रिटर्न दाखिल करना अनिवार्य किया गया है।

# एयर इंडिया मुंबई से टोरंटो के लिए शुरू करेगी सीधी उड़ान

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने इस साल विंटर शिड्यूल में कनाडा के लिए नयी उड़ानों की घोषणा की। कंपनी ने शनिवार को बताया कि वह विंटर शिड्यूल में मुंबई और टोरंटो के बीच नयी नॉन स्टॉप उड़ान शुरू करेगी। इसके साथ ही उसने दिल्ली टोरंटो मार्ग पर आज से बिल्कुल नयी बोइंग 787-9 (बी787-9) विमान का परिचालन शुरू किया। इसके साथ, पहली बार कनाडा के यात्रियों को एयर इंडिया का नया केबिन डिजाइन और आधुनिक अनुभव मिलेगा। इन दोनों घोषणाओं से भारत और कनाडा के बीच हर महीने लगभग 4,400 अतिरिक्त सीटें उपलब्ध होंगी। इसके साथ ही टोरंटो के लिए प्रीमियम सीटों की क्षमता में 71 प्रतिशत की वृद्धि होगी। एयरलाइंस ने बताया कि मुंबई से टोरंटों के लिए नयी उड़ान 25 अक्टूबर 2026 से 26 मार्च 2027 तक सप्ताह में तीन दिन उपलब्ध होगी। एयर इंडिया इन दोनों शहरों के बीच सीधी उड़ान संचालित करने वाली एकमात्र एयरलाइन होगी। इससे भारत और कनाडा के बीच हर सप्ताह लगभग 2,000 अतिरिक्त सीटें जुड़ेंगी। इस मार्ग पर वह बोइंग 777-300ईआर विमान का परिचालन करेगी जिसमें पूरी तरह उन्नत केबिन होंगे। इस विमान में प्राइवेसी के लिए स्लाइडिंग दरवाज़ों वाली आठ शानदार फर्स्ट क्लास सुइट्स उपलब्ध होंगी। इसके अलावा 40 फ्लैट-बेड बिज़नेस क्लास सीटें, और 280 इकोनॉमी क्लास सीटें उपलब्ध होंगी। इसमें उड़ान के




दौरान वाई-फाई इंटरनेट की सुविधा भी मिलेगी।

एयर इंडिया के मुंबई और दिल्ली हब के माध्यम से कनाडा आने-जाने वाले यात्री अहमदाबाद, अमृतसर, बेंगलुरु, चंडीगढ़, चेन्नई, हैदराबाद, कोच्चि, लुधियाना, वडोदरा सहित देश के कई अन्य शहरों के लिए ईजी कनेक्ट उड़ानों का लाभ उठा सकेंगे। एयर इंडिया ने बताया कि जनवरी 2027 से टोरंटो के लिए सभी उड़ानों में नया या उन्नत केबिन होगा। इस बार ठंड के मौसम में एयरलाइंस दिल्ली और टोरंटो के बीच सप्ताह में 10 उड़ानें संचालित करेगी। इनमें से सात उड़ानें नयी बोइंग 787-9 से संचालित होंगी। शेष तीन उड़ानें शुरुआत में बोइंग 777-300ईआर से संचालित होंगी और जनवरी 2027 से इन्हें भी नयी बोइंग 787-9 में परिवर्तित कर दिया जायेगा। एयर इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी निपुण अग्रवाल ने कहा, कनाडा एयर इंडिया के सबसे महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों में से एक है। दोनों देशों के लोगों के बीच गहरे संबंधों के कारण, विशेष रूप से त्योहारों और छुट्टियों के मौसम में यात्रा की मांग लगातार मजबूत रहती है। इस सर्दी मुंबई-टोरंटो के बीच हमारी नयी सीमित अवधि की सीधी सेवा यात्रियों को अधिक विकल्प और सुविधा प्रदान करेगी, खासकर उन लोगों को जो अपने परिवार और मित्रों से मिलने यात्रा करते हैं।

# बलराम कृषि महोत्सव किसानों को नई तकनीक और समृद्ध भविष्य से जोड़ने का अभियान : सीएम डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने हरदा में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को वर्चुअली संबोधित किया

भोपाल (स्वतंत्र मत)।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बलराम कृषि महोत्सव केवल एक आयोजन न होकर किसानों को नई तकनीक, वैज्ञानिक खेती और समृद्ध भविष्य से जोड़ने का व्यापक अभियान है। यह किसानों का अपना कार्यक्रम है, किसान इसका अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपनी खेती को नई ऊंचाइयों तक ले जाएं। मध्यप्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने, खेती-किसानी को लाभदायी बनाने और कृषि को आधुनिक स्वरूप देने के लिए लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को कृषि उपज मण्डी प्रांगण हरदा में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव कार्यक्रम को जबलपुर से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भुआणा क्षेत्र की धरती शुरू से ही उपजाऊ रही है। हरदा कृषि क्षेत्र में नम्बर वन है। यहां नर्मदा जी का जल कृषि को और अधिक समृद्ध बनाता है। जिला मूंग, सोयाबीन, गेहूँ के उत्पादन के साथ हरी मिर्च के उत्पादन में भी अग्रणी बन रहा है। जिले के कोने-कोने तक सिंचाई का जल पहुँचाने के लिये कार्य किया जा रहा है। सरकार द्वारा किसानों के हित में 16 विभागों की समन्वित कार्य योजना तैयार कर नियमित फसलों के अलावा दूध, मछली, पशु पालन, फल, सब्जी, मसाले, फूल एवं अन्य कृषि क्षेत्र में बेहतर उत्पादन के लिये कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही प्राकृतिक खेती के अलावा कृषि क्षेत्र में नई-नई तकनीकी भी लाई जा रही है। किसानों को सहकारी समितियों में लेने वाले ऋणों पर ब्याज अब वर्ष में एक बार देना पड़ेगा। सरकार द्वारा जमीन अधिग्रहित किये जाने पर अच्छे आर्थिक मुआवजे की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि परम्परागत खेती अब गुज़रे ज़माने की बात हो गई है। अब आधुनिक और उन्नत खेती का दौर है। किसान बंधु अपने खेत की मिट्टी की जांच करायें। मिट्टी की उत्पादकता के अनुसार ही फसल लें। बहुत अधिक रायायनिक उर्वरकों का उपयोग करने से बचें, जितनी जल्दी हो सके, प्राकृतिक और जैविक खेती की ओर बढ़ें। फसल विविधीकरण अपनाएं। एक ही किस्म की फसल के स्थान पर एक ही समय में खेत में एकाधिक फसल लें। इससे किसानों के खेतों में नई फसल किस्मों की हरियाली आयेगी, साथ ही आमदनी भी बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी त्यौहार हँसी खुशी से मनाये जाएं।

### किसानों के प्रति सरकार के मन में अगाध श्रद्धा और सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार लगातार किसान कल्याण के लिए महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। किसान अपनी मेहनत और पसीने से धरती से अन्न उगाते हैं और भूखों को अनाज उपलब्ध कराते हैं। किसानों के प्रति हमारी सरकार के मन में अगाध श्रद्धा और सम्मान है। किसान भाइयों को आज एक साथ 4000 रुपए सम्मान निधि के रूप में उनके बैंक खातों में अंतरित किये गए हैं।

### किसानों की आय दोगुना करने का संकल्प

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत की क्षमताओं को पहचानती है। भारत वह देश है, जो अपनी परम्पराओं में वसुधैव कुटुम्बकम का भाव रखते हुए संपूर्ण विश्व को एक परिवार मानता है। हमारी संस्कृति 'जियो और जीने दो' पर विश्वास करती है। भगवान बलराम कृषि क्षेत्र के पहले देवता हैं।

### दुग्ध उत्पादन को 20 प्रतिशत करने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह किसानों के प्रति हमारी संकल्प शक्ति का ही परिणाम है कि आज प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़कर 65 लाख हैक्टेयर हो गया है, जो कि वर्ष 2002-03 से पहले मात्र साढ़े 7 लाख हैक्टेयर था। पिछले ढाई साल में सिंचाई का रकबा 10 लाख हैक्टेयर से अधिक बढ़ चुका है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए राज्य सरकार दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित कर रही है। दुग्ध उत्पादन को वर्तमान 9 प्रतिशत से बढ़ाकर हमने 20 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखा है।

### अतिथियों ने किया प्रदर्शनी का अवलोकन

बलराम कृषि महोत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिये प्रदर्शनी लगाई गई। अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर अधिकारियों से विभागीय योजनाओं की जानकारी ली।

### कृषक हुए सम्मानित

कृषि विभाग अंतर्गत समन्वित कृषि प्रणाली के क्षेत्र में विशेष कार्य के लिये ग्राम कानपुरा के कृषक रामनारायण पिता रामरतन, जैविक कीटनाशक बनाकर उत्कृष्ट जैविक खेती के लिये ग्राम बारंगा के कृषक परमानंद पिता जयनारायण, बायो रिसोर्स सेंटर एवं जैविक खेती के लिये ग्राम आलमपुर के किसान शिवनारायण चाचरे, जैविक खेती के लिये ग्राम बघवाड़ के किसान राजकुमार बाफना तथा नवीन किस्मों को मल्टीप्लाई कर कृषकों को उपलब्ध कराने के लिये ग्राम कछबेड़ी के किसान मेहुल पिता रामजीवन को सम्मानित किया गया।



## टंडन बिल्डिंग हुई जमीदोज

दमोह (स्वतंत्र मत)।

लगभग 100 वर्षो पुरानी मुख्य बाजार में स्थित टंडन बिल्डिंग की अत्यंत जार्जर हालत को देखते हुए नगर पालिका एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा इसे कंडल घोषित कर दिया गया था एवं इसमें रहने वाले रहवासियों एवं दुकानदारों को नोटिस देकर खाली करवा लिया था लेकिन माननीय उच्च न्यायालय में स्टे होने के कारण भवन गिराया नहीं जा सका। आसपास के रहवासियों ने बरसात के इस समय जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर कई बार कलेक्टर को अवगत कराया कि यह बिल्डिंग भवन कभी भी गिर सकता है और जानलेवा साबित हो सकती है। मुख्य नगर पालिका नं न्यायालय के माध्यम से अपने पक्ष रखे जिसकी कई बार सुनवाई हुई तब माननीय उच्च न्यायालय ने 27 जुलाई को स्टे को समाप्त कर भवन को गिराये जाने को उचित बताया। इसके उपरांत नगर पालिका ने विधिवत टेण्डर की कार्यवाही कर गांधी कंस्ट्रक्शन का टेण्डर स्वीकृत कर भवन को गिराये जाने का वर्कआर्डर दे दिया। आमजनों ने जर्जर भवन के ध्वस्त होने से खुशी व्यक्त की है।



## बांदकपुर में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने किया संयुक्त निरीक्षण

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** सावन माह के प्रत्येक सोमवार को जिले के प्रसिद्ध एवं आस्था के प्रमुख केंद्र देवश्री जागेश्वरनाथ धाम बांदकपुर में भगवान शिव के दर्शन एवं जलाभिषेक के लिए हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को दृष्टिगत रखते हुए उनकी सुरक्षा, सुगम आवागमन एवं व्यवस्थित दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर प्रताप नारायण यादव एवं पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बांदकपुर धाम का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया सहित संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। मंदिर परिसर एवं आसपास सभी आवश्यक नागरिक सुविधाएं समय पर उपलब्ध रहें तथा विभिन्न विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए श्रद्धालुओं के सुरक्षित एवं सुगम दर्शन सुनिश्चित करें।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंदिर परिसर, मुख्य प्रवेश एवं निकास मार्ग, पार्किंग ,ए बैरिकेडिंग, दर्शन कतार, यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान थाना प्रभारी हिण्डोरिया, चौकी प्रभारी बांदकपुर एवं उपस्थित पुलिस बल को श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि ने निर्देशित किया कि सावन सोमवार के दौरान मंदिर परिसर एवं आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहे। महिलाओं, बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए तथा भीड़ प्रबंधन, यातायात संचालन एवं आपातकालीन परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सभी अधिकारी-कर्मचारी पूरी सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। सावन सोमवार के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम दर्शन, यातायात प्रबंधन एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिला प्रशासन दमोह एवं दमोह पुलिस द्वारा व्यापक एवं प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है।

## 3 किलो 147 ग्राम गांजा लिए एक आरोपी गिरफ्तार

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** पुलिस अधीक्षक दमोह आनंद कलादगी द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया था जो पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन, अति. पुलिस अधीक्षक दमोह एवं नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में मुखबिर सूचना पर दिनाँक 31.07.2026 को जटाशंकर पहाड़ी टीन सेड के नीचे दमोह से रेड कार्यवाही कर आरोपी मुकेश यादव पिता सरजू यादव उम्र 36 साल निवासी धरमपुरा वार्ड 39 दमोह के कब्जे से 3 किलो 147 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती करीबन 47000 रुपये का जप्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली दमोह में अपराध क्र. 699/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी को माननीय



न्यायालय पेश किया जावेगा। आरोपी का नाम मुकेश यादव पिता सरजू यादव उम्र 36 साल निवासी धरमपुरा वार्ड 39 दमोह जप्तसुदा मशरूका 3 किलो 147 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती करीबन 47000 रुपये। सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारी थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार, उनि नीतेश जैन, प्रआर अभिषेक चौबे, प्रआर आर नरेन्द्र पटेरिया, आर आकाश शामिल हैं।

## बेंगलुरु में आर्ट ऑफ लिविंग आनंद शिविर के लिए शासकीय सेवकों का होगा पंजीयन

दमोह (स्वतंत्र मत)।

जिले के सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्देश जारी किए गए हैं कि इच्छुक शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों का पंजीयन कराया जाए। यह पंजीयन आर्ट ऑफ लिविंग, बेंगलुरु में 7 से 10 सितंबर तक आयोजित होने वाले आनंद शिविर के लिए किया जाएगा। कलेक्टर ने संबंधित विभागों से निर्धारित दिशा निर्देशों के अनुसार पात्र अधिकारियों एवं कर्मचारियों का शीघ्र पंजीयन सुनिश्चित करने को कहा है।

## हटा में जिला कल्चुरी महासभा की बैठक संपन्न

### नए पदाधिकारियों की घोषणा

**हटा (स्वतंत्र मत)।** जिला कल्चुरी महासभा के तत्वावधान में शनिवार को हटा के सिटी सेंटर लॉजए राय चौराहा में समाज की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता हरि प्रसाद राय ने की। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान सहस्त्रबाहु के पूजन अर्चन से हुई, इसके बाद अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष संजय सुखचैन राय, शहर अध्यक्ष अभिषेक राय, जयकांत राय, चंदू राय, सुरेंद्र राय, गोविंद राय, बंटी राय, पप्पू राय, हिमू रायए धर्मेंद्र राय, सतीश राय सहित हटा, पाजी और रनेह क्षेत्र के समाजजन उपस्थित रहे। बैठक में समाज हित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई।





इस दौरान जिला अध्यक्ष संजय सुखचैन राय ने संगठन के नए पदाधिकारियों की घोषणा की। दीपचंद राय दीपू को ब्लॉक ग्रामीण अध्यक्ष, रामकुमार राय को हटा शहर अध्यक्ष, अरविंद राय गुड्डा को जिला उपाध्यक्षए प्रदीप राय को जिला महामंत्री तथा गोलू राय को युवा हटा अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सभी उपस्थित समाजजनों ने सर्वसम्मति से इन नियुक्तियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष जवाहरलाल राय, बबलू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। बैठक का संचालन महेंद्र राय ने किया जबकि अंत में संदीप राय ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित समाजजनों का आभार व्यक्त किया।

## भटककर आबादी में पहुंचे चीतल को ग्रामीणों ने सुरक्षित पकड़कर वन विभाग को सौंपा



**हटा (स्वतंत्र मत)।** अजब धाम फतेहपुर क्षेत्र में जंगल से भटककर एक चीतल बस स्टैंड के आसपास आबादी वाले क्षेत्र में पहुंच गया। खुले में घूम रहे चीतल पर आवारा कुत्तों सहित अन्य जानवरों के हमले की आशंका को देखते हुए ग्रामीणों ने तत्परता दिखाई। ग्रामीण आयुष तिवारी, राज राजपूत एवं कार्तिक कुर्मी ने सावधानी पूर्वक चीतल को सुरक्षित पकड़कर इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और चीतल को अपने संरक्षण में लेकर सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। ग्रामीणों की सतर्कता और संवेदनशीलता के चलते वन्य जीव को किसी भी प्रकार की क्षति नहीं पहुंची।

## जमीनी पर बात पर मारपीट, मझगवां हंसराज का मामला

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** कुम्हारी थाना क्षेत्र के मझगंवा हंसराज गांव में शुक्रवार रात जमीन ठेके के विवाद को लेकर दो युवकों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूर्व सांसद के परिजनों की जमीन के ठेके को लेकर विवाद हुआ था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायल जानकी शरण सिंह लोधी ने बताया कि पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिवंगत चंदन सिंह की बहू रश्मि सिंह अपनी जमीन ठेके पर देती हैं। आरोप है कि पूर्व सांसद चंद्रभान सिंह, उनके भाई केसरी सिंह और भतीजे साहिल सिंह इस व्यवस्था का विरोध कर रहे हैं। घायलों ने बताया कि शुक्रवार



रात संजय सिंह गांव के स्टैंड पर बैठे थे, तभी संतोष सिंह ने जमीन ठेके को लेकर विवाद शुरू कर दिया और डंडे से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए मिथिलेश राय को भी चोटें आईं। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। घटना के बाद परिजन घायलों को लेकर कुम्हारी थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया। घायल संजय सिंह का आरोप है कि रश्मि सिंह की जमीन पर कब्जा करने की नीयत से पूर्व सांसद और उनके परिजन आरोपी संतोष सिंह को संरक्षण देकर हमला करवा रहे हैं।वहीं इस मामले में पूर्व सांसद चंद्रभान सिंह का कहना है कि उन पर और उनके परिवार पर झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं। वह न तो कभी गांव जाते हैं और न ही उन्हें इस बात से कोई मतलब है कि उनकी पुत्रवधू के पास कौन सी जमीन या खेती है। जब से मंदिर ट्रस्ट का गठन हुआ है, तब से उनके और उनके परिवार पर इस प्रकार के झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं कि वे जमीन हथियाना चाहते हैं जबकि ऐसा कुछ भी नहीं है।

## जिले में 466.5 मिमी वर्षा दर्ज

दमोह (स्वतंत्र मत)।

जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 466.5 मिमी अर्थात 18.3 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है जो अभी तक गत वर्ष से 270.7 मिमी अर्थात 10.7 इंच कम है। इसी अवधि में गत वर्ष 737.2 मिमी अर्थात 29 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा पटेरा में 713.4 मिमी दर्ज की गई है। भू अभिलेख अधीक्षक ने बताया अभी तक जिले के दमोह वर्षामापी केन्द्र पर 411 मिमी हटा 548.8 मिमी जबेरा में 390 मिमी पथरिया 521 मिमी तेन्दूखेड़ा 418.6 मिमी बटियागढ़ 263 मिमी तथा पटेरा में 713.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। दैनिक वर्षा के तहत जिले में 3.0 मिमी अर्थात 0.1 इंच वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटों के दौरान वर्षामापी केन्द्र दमोह में 1.0 मिमी हटा में 4.2 मिमी जबेरा में 1.0 मिमी पथरिया 1.0 मिमी बटियागढ़ 10 मिमी तथा पटेरा में 4.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

## प्रदेश में पीएम स्वनिधि पखवाड़ा हुआ शुरू, 15 अगस्त तक चलेगा

### स्वनिधि से समृद्धि आत्मनिर्भर शहरी मध्यप्रदेश की ओर थीम पर चलाया जाएगा राज्यव्यापी अभियान

PM SVANidhi

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना देश के शहरी पथ विक्रेताओं को औपचारिक वित्तीय व्यवस्था से जोड़ने, स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने तथा आर्थिक आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ करने वाली एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में स्थापित हुई है। योजना के माध्यम से पात्र पथ विक्रेताओं को चरणबद्ध ऋण, डिजिटल वित्तीय सेवाओं तथा यूपीआई -लिंक्ड क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे लाखों परिवारों की आजीविका सुदृढ़ हुई है। योजना के प्रभाव को और अधिक व्यापक बनाने तथा शेष पात्र पथ विक्रेताओं तक इसकी पहुँच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगरीय विकास एवं आवास विभाग,द्वारा 1 अगस्त से 15 अगस्त 2026 तक विशेष पीएम स्वनिधि पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। यह अभियान प्रदेश के सभी जिलों, नगरीय निकायों एवं संबंधित सेंसेस टाउन में एक मिशन मोड कार्यक्रम के रूप में संचालित किया जाएगा। अभियान की थीम स्वनिधि से समृद्धि - आत्मनिर्भर शहरी मध्यप्रदेश की ओर निर्धारित की गई है। अभियान के माध्यम से वित्तीय समावेशन, डिजिटल सशक्तिकरण, स्वरोजगार संवर्धन तथा आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को गति प्रदान करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। प्रदेशभर में जनजागरूकता गतिविधियों, विशेष शिविरों, बैंक समन्वय बैठकों, हितग्राही संपर्क अभियानों तथा मीडिया एवं डिजिटल संचार गतिविधियों के माध्यम से अधिकतम पात्र पथ विक्रेताओं तक पहुंच बनाई जाएगी। विशेष पखवाड़े के दौरान राज्य सरकार द्वारा 20 लाख नवीन आवेदन प्राप्त करने, लगभग 2 लाख पूर्व अस्वीकृत प्रकरणों के पुनरीक्षण, विशेष बीएलबीसी एवं डीएलबीसी बैठकों के आयोजन, प्रधानमंत्री आवास योजना हितग्राहियों के साथ एकीकरण तथा ऋण एवं क्रेडिट कार्ड वितरण को अभियान मोड में संचालित करने पर विशेष फोकस किया जाएगा। पात्र पथ विक्रेताओं के ऋण एवं क्रेडिट कार्ड आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के लिए नगरीय निकायों एवं बैंकों के मध्य समन्वय को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा। अभियान के अंतर्गत लंबित ऋण प्रकरणों के शीघ्र निराकरण, क्रेडिट कार्ड आवेदनों को बैंकों को प्रेषित करने, स्वीकृत प्रकरणों का वितरण सुनिश्चित करने, क्रेडिट कार्ड सक्रियकरण बढ़ाने, डिजिटल लेनदेन को प्रोत्साहित करने तथा पथ विक्रेताओं और बैंकर्स के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करने पर विशेष बल दिया जाएगा। साथ ही अधिकतम हितग्राहियों तक पहुँच सुनिश्चित करने के लिए संसाधन व्यक्तियों का चयन एवं स्थानीय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा।

मध्यप्रदेश ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के क्रियान्वयन में राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित की हैं। प्रदेश में अब तक 10.30 लाख से अधिक पथ विक्रेता योजना से लाभान्वित हुए हैं। योजना अंतर्गत 16.35 लाख ऋण प्रकरणों के माध्यम से 2,802.84 करोड़ रूपये से अधिक की ऋण राशि का वितरण किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त योजना के अंतर्गत 40 प्रतिशत महिला हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है, जो महिला आर्थिक सशक्तिकरण के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। डिजिटल वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में भी मध्यप्रदेश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्रदेश में 7.17 लाख से अधिक पथ विक्रेता डिजिटल रूप से सक्रिय लेनदेन कर रहे हैं, जिन्हें योजना अंतर्गत 53.85 करोड़ रूपये से अधिक का कैशबैक प्राप्त हुआ है। डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिए हितग्राहियों को 30,000 रूपये तक की सीमा वाले यूपीआई-लिंक्ड क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वहीं, योजना के अंतर्गत पात्र पथ विक्रेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण में क्रमशः 15 हजार रूपये, 25 हजार रूपये एवं 50 हजार रूपये तक के ऋण की सुविधा प्रदान की जा रही है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश लगातार देश के अग्रणी राज्यों में बना हुआ है। राज्य के नगरीय निकायों ने भी राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अनेक श्रेणियों में शीर्ष स्थान प्राप्त किए हैं। इंदौर नगर निगम द्वारा 41,122 ऋण प्रकरणों का वितरण देश में सर्वाधिक रहा है। इसी प्रकार भोपाल नगर निगम, जबलपुर नगर निगम, उज्जैन नगर निगम तथा सारणी नगर पालिका ने भी अपनी-अपनी श्रेणियों में राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय स्थान प्राप्त कर प्रदेश को गौरवान्वित किया है।

नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने सभी नगरीय निकायों, बैंकिंग संस्थाओं एवं संबंधित विभागों से इस विशेष अभियान को जनभागीदारी आधारित मिशन के रूप में संचालित करने तथा प्रत्येक पात्र पथ विक्रेता तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए समन्वित प्रयास सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। यह अभियान न केवल पथ विक्रेताओं की आर्थिक उन्नति को गति देगा।

## लापता 4 वर्षीय मासूम का पानी से भरे पोखर में मिला शव

### देर रात पुलिस ने किया रेस्क्यू

**हटा (स्वतंत्र मत)।** हटा थाना क्षेत्र के भटिया गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। गांव की 4 वर्षीय मासूम वैष्णवी अहिरवार पिता शिवम अहिरवार का शव घर के पास स्थित पानी से भरे एक गहरे पोखर से बरामद किया गया। बच्ची मंगलवार शाम से लापता थी जिसके बाद परिजनों ने हटा थाना में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पोखर में बच्ची के शव होने की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। हटा एसडीओपी कृष्णपाल सिंह, थाना प्रभारी एवं पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान शुरू कराया। शाम लगभग 4 बजे शुरू हुआ



अभियान देर रात तक चला। कड़ी मशक्कत और परिजनों के सहयोग से पुलिस ने मासूम का शव पानी से बाहर निकाला। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल हटा भेजा गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद सिहोरा जिला जबलपुर (म.प्र)**
**Email ID cmosihora@mpurban.gov.in फोन नं. 07624 230440-230030**

क्रमांक/न.पा./2026/2478

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

सिहोरा दिनांक 31/07/2026

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद्, सिहोरा विद्युत शाखा अंतर्गत आवश्यकतानुसार विभिन्न प्रकार के **Electrical Wire** एवं **Power Cable ( Supply Only)** की आपूर्ति हेतु पात्र ठेकेदारों/फर्मों, निर्माता, अधिकृत विक्रेताओं एवं आपूर्तिकर्ताओं से **MP e-Procurement Portal** के माध्यम से ऑनलाइन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण, नियम एवं शर्तें **https://mptenders.gov.in/** पर उपलब्ध रहेंगी ।

| निविदा क्रमांक | कार्य का नाम एवं विवरण | प्राक्कलन राशि (रु.) | धरोहर राशि (रु.) | निविदा प्रपत्र शुल्क | श्रेणी | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_521269_1 | नगर पालिका परिषद्, सिहोरा की विद्युत शाखा हेतु विभिन्न प्रकार के इलेक्ट्रिकल वायर एवं पावर केबल की आवश्यकता अनुसार आपूर्ति के लिए वार्षिक दर अनुबंध (Annual Rate Contract - ARC) हेतु ऑनलाइन ई-निविदा | 2,50,000/- | 2500/- | 2000/- | GST Registration एवं MP e-Procurement Portal पर पंजीयन अनिवार्य | कार्यादेश जारी होने की तिथि से 15 दिवस |

शर्ते- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन **https://mptenders.gov.in/** की वेबसाइट पर किया जाएगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जाएगा। 1. ऑनलाइन निविदा प्रपत्र दिनांक 31/07/2026 सायं 6.00 बजे से दिनांक 19/08/2026 सायं 6.00 बजे तक खरीदे जा सकेंगे। 2. ऑनलाइन बिड सबमिट करने की अंतिम तिथि 19/08/2026 सायं 6.00 बजे तक रहेगी। ( सक्षम अधिकारी द्वारा द्वारा अनुमोदित)

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद सिहोरा जिला जबलपुर (म.प्र)**



**शादी से इनकार करने पर युवती को मारा चाकू**

## भेड़ाघाट थानाक्षेत्र की घटना जांच में जुटी पुलिस

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)** । भेड़ाघाट थाना क्षेत्र में शादी से इनकार करने पर एक युवती पर चाकू से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। गंभीर रूप से घायल युवती को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं आरोपी युवक ने भी अपने साथ मारपीट होने की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार 27 वर्षीय युवती की शादी की बातचीत गोरखपुर निवासी 30 वर्षीय शुभम जांगड़े से चल रही थी। बाद में युवती के परिजनों ने समाज अलग होने का हवाला देते हुए रिश्ता ठुकरा दिया, जिसके बाद दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया।

**बिना परमिट चल रही बस पर 55 हजार का जुर्माना**

## स्कूल बसों पर आरटीओ ने की कार्यवाही

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)** । शहर में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। अधारताल के धनी की कुटिया स्थित बेथल मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल में आरटीओ की टीम ने औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान सात वाहनों की पड़ताल में एक बस बिना वैध परमिट संचालित पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए 55 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। आरटीओ श्रीमती रिंकू शर्मा के नेतृत्व में परिवहन विभाग की टीम ने स्कूल परिसर में खड़े सात वाहनों के फिटनेस, बीमा, परमिट और अन्य जरूरी दस्तावेजों की गहन जांच की।






# संस्कारवान और जागरूक समाज का निर्माण ही शिक्षक का असली दायित्व

### हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन में भावपूर्ण विदाई समारोह संपन्न

जबलपुर (स्वतंत्र मत)






हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन में बी.एड. द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं द्वारा बी.एड. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं के सम्मान में भावपूर्ण एवं भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय शासी निकाय के अध्यक्ष संदीप गोलछा रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुलक्षणा त्रिपाठी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुआ । तत्पश्चात द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं ने वरिष्ठ छात्राओं का तिलक लगाकर, उपहार भेंट कर एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर आत्मीय स्वागत किया । समारोह के दौरान द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया । अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में मुख्य अतिथि संदीप गोलछा ने चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि शिक्षक का दायित्व केवल ज्ञान प्रदान करना ही नहीं, बल्कि संस्कारवान एवं जागरूक समाज का निर्माण करना भी है । उन्होंने छात्राओं से जीवन में अनुशासन, समर्पण, नैतिक मूल्यों एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया । महाविद्यालय प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि अपने लक्ष्य पर सदैव केंद्रित रहें । दूसरों की तुलना करने या उनकी बातों से प्रभावित होने के बजाय स्वयं को बेहतर बनाने का निरंतर प्रयास करें । आप ही देश का भविष्य हैं और समाज के निर्माण की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी आपके कंधों पर है । उन्होंने सभी छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ एवं आशीर्वाद प्रदान किया।

### ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं का आयोजन

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिनमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया । मिस फेयरवेल वैष्णवी तिवारी चुनी गयी वहीं रनर-उप श्रुति चौधरी व पूजा पट्टा रहीं । इस अवसर पर चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं ने महाविद्यालय में बिताए गए अपने अनुभव साझा करते हुए कनिष्ठ छात्राओं को अध्ययन, अनुशासन एवं समर्पण के साथ शिक्षकीय जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया । रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, समूह नृत्य, मनोरंजक गतिविधियों एवं भावपूर्ण क्षणों ने समारोह को यादगार बना दिया । कार्यक्रम के अंत में बी.एड. द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं द्वारा सभी अतिथियों, प्राध्यापकों एवं छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया । यह विदाई समारोह भावनाओं, आत्मीयता एवं सौहार्द का सुंदर संगम रहा, जिसने वरिष्ठ एवं कनिष्ठ छात्राओं के मध्य स्नेह, सहयोग और पारस्परिक सम्मान के संबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय की डॉ. निरुपमा पाठक, डॉ. अलका श्रीवास्तव, डॉ. रश्मि शुक्ला, श्रीमती जया सामदेकर, डॉ. निधि माथुर, ऋषभ भट्ट, लाइब्रेरियन श्रीमती ज्योति शर्मा एवं कार्यालयीन कर्मचारी नितिन साहू, शाश्वत गुप्ता, अविनाश लखेरा, श्रीमती प्रेमलता चौबे, विजय दहायत, प्रीति नामदेव का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

# अब नगर निगम संभालेगा जबलपुर के ट्रैफिक सिग्नल

### रखरखाव के लिए हर सिग्नल को मिलेंगे 1.50 लाख

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने जबलपुर शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। कोर्ट ने कहा है कि शहर के सभी ट्रैफिक सिग्नलों का संचालन और नियंत्रण अब जबलपुर नगर निगम के पास रहेगा। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस और जबलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड प्रत्येक ट्रैफिक सिग्नल के रखरखाव के लिए नगर निगम को सालाना 1.50 लाख रुपए उपलब्ध कराएंगे। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के अध्यक्ष डॉ. पी.जी. नाजपांडे और समाजसेवी रजत भार्गव द्वारा दायर जनहित याचिका में बताया गया था कि शहर के कई ट्रैफिक सिग्नल लंबे समय से बंद पड़े हैं, जिससे यातायात बाधित हो रहा है और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सुनवाई के दौरान जस्टिस आनंद पाठक और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने प्रदेश सरकार की ओर से प्रस्तुत संयुक्त बैठक के मिनिट्स पर गौर किया। इसके बाद कोर्ट ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर की यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखी जाए। जहां भी अतिक्रमण या अन्य अवरोधों के कारण ट्रैफिक प्रभावित हो रहा है, वहां आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें हटाया जाए। मामले की अगली सुनवाई 7 सितंबर 2026 से शुरू होने वाले सप्ताह में होगी।

### 27 जुलाई की बैठक में लिया गया फैसला

प्रदेश सरकार की ओर से हाईकोर्ट में 27 जुलाई 2026 को आयोजित संयुक्त बैठक के मिनिट्स पेश किए गए। कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में जबलपुर कलेक्टर एवं जबलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सह-अध्यक्ष, नगर निगम आयुक्त, जबलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीईओ तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) शामिल हुए थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि शहर के सभी ट्रैफिक सिग्नलों के रखरखाव की जिम्मेदारी नगर निगम को सौंपी जाएगी। इसके बदले ट्रैफिक पुलिस और स्मार्ट सिटी लिमिटेड प्रत्येक ट्रैफिक सिग्नल के रखरखाव के लिए नगर निगम को सालाना 1 लाख 50 हजार रुपए उपलब्ध कराएंगे। नगर निगम को यह जिम्मेदारी मिलने के बाद शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना भी तैयार की जाएगी।

### तत्काल करें अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही

डिवीजन बेंच ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर में यातायात का प्रवाह सुचारु बनाए रखा जाए। जहां भी अतिक्रमण या अन्य अवरोध ट्रैफिक में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं, वहां आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें हटाया जाए। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अतिक्रमण और अन्य कारणों से शहर का ट्रैफिक प्रभावित नहीं होना चाहिए। उप महाधिवक्ता स्वप्निल गांगुली ने कोर्ट को बताया कि हाईकोर्ट के 10 जुलाई 2026 के आदेश के पालन में 27 जुलाई को संयुक्त बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें ट्रैफिक सिग्नलों का संचालन नगर निगम को सौंपने पर सहमति बनी। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने कोर्ट को बताया कि जबलपुर के विभिन्न चौराहों पर लगाए गए कई ट्रैफिक सिग्नल लंबे समय से बंद पड़े हैं। इससे शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या बढ़ रही है और आम नागरिकों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

## अनुकम्पा नियुक्ति के नियमों को किया जाए शिथिल

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि प्रदेश के सभी विभागों में राज्य कर्मचारियों के लिए अनुकम्पा नियुक्ति के नियम जटिल होने के कारण किसी भी कर्मचारी की अकास्मिक मृत्यु होने पर उनके आश्रितों को विभिन्न प्रकार के कठिन नियमों से गुजरना पड़ता है। जिसकी वजह से उन्हे अनुकम्पा नियुक्ति प्राप्त करने में कठनाईयों का सामना करना पड़ता है। जिसका परिणाम यह होता है कि मृत कर्मचारी के परिजनों को दफतरों के चक्कर पे चक्कर काटने मजबूर होते हैं। और समय समय पर उनका आर्थिक शोषण होता रहता है। जिससे कर्मचारियों के परिजनों में रोष बना रहता है। अत: मध्य प्रदेश शासन को राज्य के कर्मचारियों के लिए अनुकम्पा नियुक्ति के नियमों को शिथिल करना चाहिए। संघ ने आगे बताया कि नियमों में जटिलता होने के कारण मृत कर्मचारियों के परिजनों को कथाकथित बिचौलियों के द्वारा गुमराह किया जाता है, जिस वजह से कई बार कर्मचारी के परिजनों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। संगठन के राजेश सहारिया, हेमंत ठाकरे, रउफ खान, राकेश श्रीवास, दिनेश गोंड, संतोष चौरसिया, धनराज पिल्ले, गुडविन चार्ल्स, फिलिप अन्थोनी, सुनील झारिया ने मुख्यमंत्री से मांग की है।

## आंगनवाड़ी से लौट रहे दो मासूमों की डूबने से मौत

### बरेला थाना अंतर्गत ग्राम शिलपुरी की घटना, गांव में पसरा मातम

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



बरेला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शिलपुरी में शनिवार को एक ऐसा हृदयविदारक हादसा सामने आया, जिसने पूरे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया। आंगनवाड़ी से छुट्टी होने के बाद घर लौटने के बजाय नहाने गए दो मासूम बच्चों की गहरे पानी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों की पहचान साहिल परस्ते और रोमिक पट्टा के रूप में हुई है, जिनकी उम्र महज 5 वर्ष थी।प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दोनों बच्चे शनिवार को रोज की तरह गांव की आंगनवाड़ी पहुंचे थे। छुट्टी होने के बाद वे घर जाने के बजाय गांव के पास ही स्थित पानी से भरे एक स्थान पर नहाने चले गए। खेलते-खेलते दोनों बच्चे अनजाने में गहरे पानी में उतर गए और देखते ही देखते डूब गए। जब काफी देर तक दोनों बच्चे घर नहीं पहुंचे, तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। इसी बीच ग्रामीणों ने बच्चों के पानी में डूबने की सूचना परिवार को दी। खबर मिलते ही परिजन बदहवास स्थिति में मौके पर पहुंचे। घटना की सूचना मिलते ही बरेला थाना पुलिस भी तत्काल मौके पर पहुंची। ग्रामीणों और पुलिस की मदद से रेस्क्यू अभियान चलाकर दोनों बच्चों को बाहर निकाला गया और तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। मासूमों की मौत की खबर सुनते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे शिलपुरी गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। बरेला थाना पुलिस ने शवों का पंचनामा कर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हादसे की विस्तृत जांच कर रही है।

### शराब के लिए रूपये न देने पर मारपीट

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)** । चरगवां थाने में 18 वर्षीय प्रवीण कुमार मेहरा निवासी ग्राम जमुनिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गांव के खेल मैदान में था। तभी गांव का छुट्टू उर्फ ब्रजपाल यादव खेल मैदान में आकर उससे शराब पीने के लिये रूपये की मांग करने लगा, रूपये देने से मना करने पर ब्रजलाल यादव गाली गलौज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो ब्रजलाल मारपीट कर चोट पहुँचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।

### अवैध शराब जब्त

**जबलपुर।** पाटन थाना पुलिस ने निवासी ग्राम सुंदरादेही से खेत के अंदर मक्का की फसल में छिपाकर रखी 6 कार्टून में शराब जब्त की है। पुलिस को नवल सिंह लोधी ने बताया कि वह खेती किसानी का काम करता है ग्राम बैजला में रूद्र प्रताप सिंह ठाकुर की 9 एकड़ जमीन सिकमी में लिया है। जिसमे मक्का की फसल लगी है 31 जुलाई को शाम मक्के की फसल देखने पहुंचा जहॉ देखा कि खेत में मक्का की फसल में 6 नग कार्टून में शराब रखी हुयी है।



## स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत व्याख्यान आयोजित

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा में साहित्य का महत्व विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यवक्ता डॉ. लीला भलावी, पूर्व कुलगुरु ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि भारतीय साहित्य केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन ज्ञान-परंपरा, सांस्कृतिक चेतना, नैतिक मूल्यों तथा जीवन-दर्शन का सशक्त संवाहक है। भारतीय ज्ञान परपंरा का आधार है साहित्य। वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत, श्रीमद्भगवद्गीता तथा संत साहित्य ने भारतीय समाज को सत्य, धर्म, करुणा, कर्तव्य और लोकमंगल की भावना से प्रेरित किया है। इस अवसर पर प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय समन्वयक, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर संभाग ने कहा कि भारतीय साहित्य ने सदैव मानवता, सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का कार्य किया है।

# चंदा चोरी, पेपर लीक को लेकर भाजपा कार्यालय का घेराव

## सड़क पर उतरे कांग्रेसी, डमरू और थाली बजाकर सरकार से मांगा जवाब

जबलपुर (स्वतंत्र मत)





शहर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शनिवार को भाजपा सरकार की नीतियों और कथित घोटालों के खिलाफ एक विशाल थाली बजाओ-ताली बजाओ मार्च निकाला गया। एनएसयूआई और युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट विजय रजक के नेतृत्व में आयोजित इस मार्च में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में डमरू, थालियां और झंडे लेकर भाजपा कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान पूरे मार्ग में कार्यकर्ताओं ने थाली और ताली बजाते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। पुलिस और प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसियों के बीच झड़प की स्थिति भी निर्मित हुई

यह उग्र प्रदर्शन मुख्य रूप से राम मंदिर निर्माण के चंदे में कथित चोरी, प्रदेश में लगातार हो रहे प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक, चरम पर पहुंची बेरोजगारी, कमरतोड़ महंगाई और भ्रष्टाचार के विरोध में किया गया। कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि इस मार्च का उद्देश्य उस अंधी-बहरी सरकार तक जनता की आवाज पहुंचाना है, जो जनसरोकार के मुद्दों पर लगातार मौन साधे हुए है।

### राम के नाम पर राजनीति करने वाले अब सवालों से बच रहे

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे विजय रजक ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, देश की जनता ने राम मंदिर के लिए पूरी श्रद्धा से योगदान दिया था, लेकिन इसके चंदे में वीएचपी, बजरंग दल और भाजपा के बड़े नेताओं का नाम आना बेहद निंदनीय है। भगवान राम के नाम पर राजनीति करने वाली पार्टी आज चंदा चोरी कर जनता के सवालों से भाग रही है। उन्होंने युवाओं की पीड़ा उजागर करते हुए कहा कि पेपर लीक होने से लाखों अभ्यर्थियों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। सरकार दोषियों पर कार्रवाई करने में पूरी तरह विफल रही है। रजक ने इस मार्च को केवल एक विरोध प्रदर्शन नहीं, बल्कि जनता की पीड़ा और आक्रोश की अभिव्यक्ति करार दिया।

### हर मुद्दे पर मौन धारण किए है सरकार

नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार हर महत्वपूर्ण मुद्दे से जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। चाहे चंदे में अनियमितता हो, पेपर लीक हो या महंगाई, सरकार के पास कोई जवाब नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि कांग्रेस जनता के अधिकारों और युवाओं के भविष्य के लिए यह लोकतांत्रिक संघर्ष आगे भी जारी रखेगी।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर सतीश तिवारी, सरबजीत सिंह रील, झल्ले लाल जैन, मनीष चंसोरिया, तेज कुमार भगत, राजेश सोनकर, संजय बघेल, गुड्डू तामसेतवर, संजय अहिरवार, सिद्धांत जेन, मेवा लाल, समर्थ अवस्थी, वंदना मेहरा, श्रीकांत विश्वकर्मा, अजय चक्रवर्ती, कौशल यादव, शुभम रजक, जिशान मंसूरी, राहुल यादव, अनुज यादव, अरमान वानखेड़े, रज्जु सराफ, देवकी पटेल, अंकुर गुप्ता, सुमित गुप्ता, विनय पटेल, सक्षम यादव, मोहित सुफेले, टीकाराम कोष्ठ , गुरुदयाल नीखरा, राजेश पटेल, श्याम सोलंकी, ऋषभ मिश्रा, अभिषेक यादव, रंबल विश्वकर्मा, समर्थ मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, विक्रम ठाकुर आदि एनसयूआई, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस एवं कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**